हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल



खराब दौर से गुजर रही, सीएसके को बड़ी राहत, धोनी देंगे फिटनेस टेस्ट

Page 09 देश



प्रेमानंद महाराज से मिलने का गजब जुनून: कमर से कार खींचकर आगरा से वृंदावन..



कृष्ण पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 07 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 125 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,36,700 | ₹ 2,50,000 |



## आज का इतिहास

**1843** : ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारतीय गुलामता अधिनियम 1843 से दासता के लिए कानूनी समर्थन को हटाया गया।

**2001** : चीन ने संयुक्त राज्य अमेरिका से खेद के बजाय माफी मांगने के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका व भारत के मध्य रक्षा सहयोग समझौता, प्रोटोकोल के विपरीत राष्ट्रपति बुश की भारतीय रक्षा मंत्री जसवंत सिंह से भेंट, मंगल ग्रह के लिए नासा का ओडिसी यान रवाना।

## न्यूज बाइट्स

### जीविका दीदियों ने 65 बिजली कार्यालयों में संभाली सफाई की कमान

**पटना (नि.सं.)।** महिला सशक्तीकरण और रोजगार सृजन की दिशा में एक अहम पहल के तहत जीविका दीदियों ने राज्य के 65 बिजली कार्यालयों में साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभाल ली है। इसके लिए जीविका और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) के बीच औपचारिक करार किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि जीविका दीदियां पहले से ही कई सरकारी संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ समझौते के तहत राज्य के मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों और अनुमंडल अस्पतालों में सफाई कार्य उनकी जिम्मेदारी में शामिल है।

सीएम ने कहा, आपदा की स्थिति में मुख्यमंत्री राहत कोष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

# पीड़ितों को मिली करोड़ों की सहायता

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि आपदा की स्थिति में मुख्यमंत्री राहत कोष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि इसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को त्वरित सहायता प्रदान की जाती है। वे सोमवार को एक अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार में मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी परिषद की 24वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान राहत कोष से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस क्रम में राज्य के बाहर हुई विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत 89 लोगों के आश्रितों तथा 41 गंभीर रूप से घायलों के लिए सहायता राशि स्वीकृत की गई। वहीं, राज्य के भीतर विभिन्न आपदाओं में मृत 72 व्यक्तियों के परिजनों को भी अनुग्रह अनुदान देने का निर्णय लिया गया। इन सभी के लिए कुल 4 करोड़ 70 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई। इसके अलावा बाढ़ राहत शिविरों में रहने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए भी राशि स्वीकृत की गई। शिविरों में जन्म लेने वाले बच्चों के लिए सहायता राशि तथा वहां रह रहे लोगों के लिए बर्तन, वस्त्र आदि की खरीद हेतु 38 लाख 19 हजार 70 रुपये की स्वीकृति दी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि श्रम से मुक्त कराए गए 14 से 18 वर्ष के किशोरों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 86 लाख रुपये श्रम संसाधन विभाग को दिए जाएंगे। इसके तहत प्रत्येक किशोर को 25-25 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत कोष के माध्यम से न केवल आपदा पीड़ितों की सहायता की जाती है, बल्कि विभिन्न परिस्थितियों में जरूरतमंद लोगों को भी सहयोग प्रदान किया जाता है, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को संबल मिलता है।

### दिल्ली दौरे पर जाएंगे सीएम नीतीश कुमार

बता दें कि हाल ही में जानकारी सामने आई थी कि सीएम नीतीश 9 अप्रैल को जदयू के साथ बैठक करेंगे और उसी दिन दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। जानकारी अनुसार 10 अप्रैल को सीएम नीतीश राज्यसभा के सदस्य के रुप में शपथ लेंगे। बता दें राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद सीएम नीतीश ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

## मुख्यमंत्री ने किया विधान परिषद अतिथि निवासी का उद्घाटन



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में विधान परिषद अतिथि निवास (गेस्ट हाउस) का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर कैंटीन, पुस्तकालय और सामुदायिक केंद्र का भी लोकार्पण किया गया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह अतिथि निवास काफी आधुनिक और सुविधाजनक है, जिससे विधान परिषद के सदस्यों और आगंतुकों को लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह के दौरान एक दिलचस्प राजनीतिक दृश्य भी देखने को मिला, जब जदयू कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के सामने ही "निशांत कुमार सीएम जिंदाबाद" के नारे लगाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और मुस्कुराते हुए कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ गए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। साथ ही विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम के दौरान विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन दलों ने बिहार को पीछे धकेला, जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अब राज्य में सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने और जातीय तनाव फैलाने की राजनीति नहीं चलने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने बालू और भू-माफियाओं पर सख्ती की बात करते हुए भूमि विवाद मुक्त बिहार बनाने का संकल्प दोहराया।

# बिहार को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तेजी, बड़े निवेश और रोजगार पर फोकस

• 50 लाख करोड़ रुपये निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार राज्य को औद्योगिक रूप से सशक्त बनाने और युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। यह बात राज्य के मंत्री दिलीप जायसवाल ने 2025-26 की उपलब्धियों को गिनाते हुए कही। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया गया था, उसे पूरा करने के लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन की संभावनाओं को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में औद्योगिक विकास ने गति पकड़ी है। निवेशकों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है और राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। सरकार का लक्ष्य "समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार" के विजन के तहत 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करना है।

### बिहार में बड़े निवेश और कंपनियों की एंट्री

बिहार में निवेश को लेकर बड़ी कंपनियों की रुचि बढ़ी है। हाल ही में बक्सर में कोका-कोला और जेके सुपर सीमेंट की फैक्ट्रियों का उद्घाटन हुआ है। इसके अलावारिलायंस इंडस्ट्रीज़, अडानी ग्रुप, मदर डेयरी, आदित्य बिड़ला ग्रुप और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी कंपनियां भी निवेश के लिए आगे आ रही हैं। वर्ष 2026 में अब तक 747 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनकी कुल राशि 17,217 करोड़ रुपये से अधिक है।

### एमएसएमई और उद्यमियों को बढ़ावा

सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए एमएसएमई निदेशालय का गठन किया है। साथ ही "बिहार राज्य विपणन प्राधिकरण" के जरिए ग्रामीण और कुटीर उद्योगों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। राज्य में बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2025 और सेमीकंडक्टर नीति 2026 लागू की गई हैं। इन नीतियों का उद्देश्य बिहार को पूर्वी भारत का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनाना है। इसके अलावा 'जन विश्वास अधिनियम' के तहत व्यापारियों को कानूनी प्रक्रियाओं में राहत प्रदान की जा रही है। राज्य में इलेक्ट्रॉनिक सिटी, औद्योगिक पार्क और महिला छात्रावास जैसी योजनाओं पर काम चल रहा है। 404 एकड़ भूमि आवंटन से 5500 करोड़ रुपये का निवेश और लगभग 22,500 रोजगार सृजित होने की संभावना है। वहीं 24 जिलों में 13,345 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी जारी है। अंत में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार अब तेज़ी से औद्योगिक विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में देश का प्रमुख निवेश केंद्र बनकर उभरेगा।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और बिजली पर जोर

उद्योगों के विकास के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और निर्बाध बिजली आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य में एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कॉरिडोर, एयर कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। बक्सर में 2400 मेगावाट का पावर प्लांट और औरंगाबाद में एनटीपीसी की परियोजना से उद्योगों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की योजना है।

# विद्यालय निरीक्षण में पारदर्शिता बढ़ाने की पहल, नोटकैम से फोटो भेजना अनिवार्य

निज संवाददाता | पटना



शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) द्वारा विद्यालय निरीक्षण को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अब निरीक्षण के बाद संबंधित पदाधिकारियों को नोटकैम के माध्यम से फोटो भेजना अनिवार्य होगा, जिसमें निरीक्षण से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज रहेंगी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कृतिका वर्मा ने निर्देश देते हुए कहा है कि सभी निरीक्षी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का भ्रमण करेंगे और निरीक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को निर्धारित प्रपत्र (फॉर्मेट) में भरकर अगले ही दिन जिला शिक्षा कार्यालय में जमा करेंगे। साथ ही, नोटकैम से ली गई तस्वीरों में विद्यालय का नाम, निरीक्षण तिथि, समय सहित अन्य आवश्यक विवरण अंकित करना होगा। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में उपलब्ध खेल सामग्री के उपयोग, दैनिक आवश्यकताओं, मरम्मत कार्य, स्वच्छता व्यवस्था, और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए आवंटित राशि के उपयोग की गहन जांच की जाएगी। इसके अतिरिक्त चेतना सत्र और अन्य गतिविधियों की भी समीक्षा होगी।

विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और समावेशी शिक्षा के अंतर्गत संचालित संसाधन कक्षों का विस्तृत निरीक्षण किया जाएगा। कस्तूरबा विद्यालयों के लिए 23 बिंदुओं पर आधारित निरीक्षण फॉर्मेट तैयार किया गया है, जिसमें छात्रावास और विद्यालय में नामांकन की स्थिति, अनुपस्थित कर्मियों की सूची, सुरक्षा व्यवस्था, खिड़कियों में जाली, बीमा, स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब की उपलब्धता एवं कार्यशीलता जैसे पहलू शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारी छात्राओं से संवाद कर उनकी प्रतिक्रिया भी दर्ज करेंगे, जिससे जमीनी स्तर की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। वहीं, संसाधन कक्षों में नामांकित बच्चों की संख्या, निरीक्षण के समय चल रही थेरेपी, और विशेषज्ञों द्वारा दी गई सेवाओं का विवरण भी रिपोर्ट में शामिल करना अनिवार्य किया गया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यालयों में योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना, पारदर्शिता बढ़ाना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करना है।

प्रवासियों और छात्रों को राहत

# बिना एड्रेस प्रूफ मिलेगा पांच किलो एलपीजी सिलेंडर

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 5 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की खरीद को आसान बनाते हुए बड़ा फैसला लिया है। अब छोटे गैस सिलेंडर लेने के लिए एड्रेस प्रूफ की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। ग्राहक केवल किसी एक वैध फोटो पहचान पत्र के आधार पर सिलेंडर खरीद सकेंगे। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, यह कदम खासतौर पर उन लोगों को ध्यान में रखकर उठाया गया है, जो शहरों में अस्थायी रूप से रहते हैं, जैसे प्रवासी मजदूर और छात्र। अब अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाकर ग्राहक आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी जैसे किसी भी एक पहचान पत्र को दिखाकर तुरंत सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के लिए अब जटिल दस्तावेजी प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं होगी और उपभोक्ता साल में कितनी भी बार इसे रिफिल करा सकते हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सप्लाई चेन पर पड़ रहे असर को देखते हुए सरकार ने छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाने का निर्णय भी लिया है। आंकड़ों के अनुसार, 23 मार्च से अब तक लगभग 6.6 लाख छोटे सिलेंडर बेचे जा चुके हैं, जबकि 4 अप्रैल को ही करीब 90,000 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की गई।

प्रवासियों की सुविधा के लिए एचपीसीएलL के चयनित आउटलेट्स पर 11 विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। ये डेस्क उपभोक्ताओं को नजदीकी डिस्ट्रीब्यूटर की जानकारी देने और सिलेंडर प्राप्त करने में सहायता करेंगे।

# नौ अप्रैल तक जारी रहेगा खराब मौसम, कई जिलों में अलर्ट

निज संवाददाता | पटना

बिहार में इन दिनों मौसम का दोहरा रूप देखने को मिल रहा है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं, जबकि शाम होते ही मौसम अचानक बदलकर ठंडी हवाओं के साथ राहत दे रहा है। दक्षिण बिहार के कई जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर भी जारी है, हालांकि राजधानी पटना में अब तक बारिश दर्ज नहीं हुई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में फिलहाल मौसम का यह उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। सोमवार को भी कई हिस्सों में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं, गरज-चमक और बारिश की संभावना जताई गई है। खासकर भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और अरवल जिलों में ओलावृष्टि की प्रबल आशंका के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अन्य 32 जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। पूर्वानुमान के मुताबिक यह खराब मौसम 9 अप्रैल तक जारी रह सकता है। 7 अप्रैल को पूरे राज्य में येलो अलर्ट रहेगा, जबकि 8 अप्रैल को मौसम और उग्र होने की संभावना है। इस दिन सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, खगड़िया, भागलपुर, बांका, जमुई और मुंगेर समेत करीब 12 जिलों में ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। 9 अप्रैल को भी पश्चिम बिहार को छोड़ अधिकांश जिलों में मौसम अस्थिर बना रहेगा, जबकि 10 अप्रैल से मौसम साफ होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने बताया कि बिहार के ऊपर सक्रिय बादलों का एक सिस्टम बना हुआ है, जो पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इसी कारण आंधी, बारिश और बिजली गिरने जैसी घटनाएं हो रही हैं। तापमान की बात करें तो पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम बिहार में गर्मी अधिक दर्ज की गई है।

एनडीडीबी-कॉम्फेड और इसरो का संयुक्त पहल

# बिहार के 38 जिलों में हरा चारा मानचित्रण अध्ययन शुरू




निज संवाददाता | पटना

बिहार में दुग्ध उत्पादन को वैज्ञानिक आधार देने और चारा प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) तथा कॉम्फेड ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) के सहयोग से राज्य के सभी 38 जिलों में हरा चारा मानचित्रण अध्ययन आरंभ किया है। इस संबंध में आज पटना स्थित होटल चाणक्य में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक के उपयोग पर आधारित एक कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य पालन एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्सत कपिल अशोक (आईएएस) ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। वहीं समीर सौरभ (आईएएस), प्रबंध निदेशक, कॉम्फेड ने विशेष अतिथि के रूप में अपने विचार रखे। कार्यक्रम को डॉ. सब्यसाची रॉय, क्षेत्रीय प्रमुख, एनडीडीबी (कोलकाता) ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इस प्रशिक्षण में वीपीएमयू (पटना), तिमूल (मुजफ्फरपुर), डीआरएमयू (बरौनी), एसएमयू (आरा) सहित विभिन्न दुग्ध संघों के प्रबंध निदेशक, नोडल अधिकारी एवं गणनाकर्ता उपस्थित रहे। यह अध्ययन मुख्यतः चारे के क्षेत्रफल और विभिन्न चारा फसलों की किस्मों का सटीक आकलन करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, दुग्ध उत्पादन की कुल लागत में लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा चारा और पशु आहार का होता है, जबकि शेष लागत में श्रम, पशु चिकित्सा सेवाएं, बीमा आदि शामिल हैं। हरा चारा उत्पादन कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें चारा फसल का रकबा, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता और सिंचाई सुविधाएं प्रमुख हैं। ऐसे में, यदि हरे चारे की सतत उपलब्धता और उत्पादन सुनिश्चित किया जाए, तो दुग्ध उत्पादन की लागत को काफी हद तक नियंत्रित और अनुकूलित किया जा सकता है।




## संक्षिप्त समाचार

### ग्लैमर बाइक पर लदे 135 बोतल शराब के साथ दो सहोदर भाई गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के जोगियामारन पंचायत अंतर्गत भाईजी भित्ता गांव में रविवार की मध्य रात्रि पुलिस बलों ने छापेमारी कर एक बाइक पर लदे 135 बोतल शराब व बियर को बरामद किया। साथ ही शराब धंधे में जुड़े दो सहोदर भाइयों को गिरफ्तार भी किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण,परिवहन,भंडारण,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते रात्रि भाईजी भित्ता में शराब के परिवहन को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर एसआई सचिन कुमार को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया। पुलिस बल भाईजी भित्ता गांव में मुर्गी फार्म के समीप एक ग्लैमर बाइक पर सवार रहे दो लोगों को शराब एवं बियर के साथ गिरफ्तार किया। जब्त शराब में गॉड फादर के 500 एमएल वाले 76 केन बियर,750 एमएल वाले रॉयल ग्रीन का एक बोतल व रॉयल स्टेज के 10 बोतल एवं 375 एमएल वाले रॉयल ग्रीन के 12 बोतल व रॉयल स्टेज के 36 बोतल है। वहीं शराब के साथ जब्त ग्लैमर बाइक भी चोरी का है। वहीं गिरफ्तार लोगों में भाईजी भित्ता गांव निवासी रामोतार प्रसाद के पुत्र लालू कुमार एवं रवि कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरी ओर फरका बुजुर्ग पंचायत के बजवातरी गांव के जंगली क्षेत्र से पटना से चोरी किया हुआ एक बाइक पर लदे 115 लीटर देशी महुआ शराब को भी जब्त किया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब,बियर व बाइक के अलावे गिरफ्तार सहोदर भाइयों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार लोगों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### वज्रपात से महावीर ध्वजा क्षतिग्रस्त,बिजली उपकरण जले

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के जोरावरडीह गांव निवासी गोरेलाल मंडल के घर पर रविवार की रात्रि अचानक हुए वज्रपात से हड़कम्प मच गया। अचानक गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घर पर स्थापित महावीर ध्वजा क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही घर में लगे पंखा सहित अन्य बिजली वायरिंग एवं विद्युत उपकरण जलकर नष्ट हो गए। घटना के समय तेज गर्जन एवं बारिश हो रही थी। वज्रपात के बाद आसपास के लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। हालांकि गनीमत रही कि घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई।

### मध्य विद्यालय बलिया में भावुक विदाई समारोहः उपहारों और आशीष के साथ छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



उतीर्ण छात्र-छात्राएं शिक्षक से सम्मान प्राप्त करते

**रजौली**। प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बलिया के प्रांगण में प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह एक यादगार उत्सव में तब्दील हो गया,जहां कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को नम आंखों और सुनहरे भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र, प्रगति पत्र, डायरी, फाइल और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया, जो उनके शैक्षणिक सफर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि भविष्य में लक्ष्य प्राप्ति के दौरान आने वाली किसी भी कठिनाई के निवारण हेतु विद्यालय के द्वार उनके लिए सदैव खुले हैं और सभी शिक्षक उनके मार्गदर्शन के लिए तत्पर रहेंगे। वहीं, वरीय शिक्षक सह शिक्षक नेता ने विद्यार्थियों को जीवन के मूल मंत्र देते हुए ईर्ष्या, द्वेष और नफरत से दूर रहने की सलाह दी और उन्हें धैर्य को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाकर निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्राथमिक विद्यालय महियारा के प्रधान शिक्षक अशोक कुमार ने विदाई के मर्म और इसके अर्थ को स्पष्ट करते हुए बच्चों को अपना स्नेहपूर्ण आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन रौशन कुमार द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार के सदस्य सुनील कुमार , आशीष कुमार , राशिद इकबाल, कृष्णा कुमार, निवेदिता और अनुपमा उपाध्याय सहित रसोइया तारा देवी, सैरुं खातून, गुड़िया देवी एवं किरण देवी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।विदाई की इस बेला को और भी भावुक बना दिया कक्षा 7 से उत्तीर्ण होकर 8वीं में पहुंचीं छात्राओं को नेहा, आरुषि, शिवानी, दिव्या एवं सुमन ने अपनी बड़ी दीदियों के सम्मान में सुरीला विदाई गीत प्रस्तुत किया और ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की।

### बिहार ड्राइवर महासंघ ने पेश की मानवता की मिसाल,सड़क हादसे में जान गंवाने वाले राहुल के परिजनों को दी आर्थिक सहायता और स्वरोजगार की सौगात



ड्राइवर महासंघ के लोगों ने अपने साथी के बिछोह में उनके परिजन को मदद करते

**रजौली**। रजौली प्रखंड अंतर्गत बहादुरपुर पंचायत के मोहनपुर गांव में सोमवार को एक हृदयविदारक दृश्य के बीच मानवता और एकजुटता की अनूठी तस्वीर देखने को मिली, जहां बिहार ड्राइवर महासंघ यूनियन ने अपने एक दिवंगत साथी के प्रति न केवल संवेदना व्यक्त की बल्कि उनके परिवार का भविष्य संवारने का भी बीड़ा उठाया। विदित हो कि मोहनपुर निवासी बालेश्वर प्रसाद यादव के पुत्र और पेशे से चालक राहुल कुमार यादव की बीते 12 मार्च को ओडिशा के खम्हार थाना क्षेत्र में एक दुखद सड़क दुर्घटना के दौरान असामयिक मृत्यु हो गई थी, जिसकी सूचना मिलते ही रजौली ड्राइवर संघ शोकाकुल परिवार की मदद के लिए तत्पर हो उठा। इसी कड़ी में 6 अप्रैल को संघ के रजौली प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव और नरहट प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत मेहता के नेतृत्व में संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने मृतक के आवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस भावुक क्षण में रजौली प्रखंड सचिव बिपिन कुमार यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष रामरूप यादव, उप सचिव बब्लू कुमार, मीडिया प्रभारी पिंटू कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सहित रामाशीष यादव और लालू प्रसाद जैसे सदस्यों ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। इनके द्वारा केवल सांत्वना तक सीमित न रहते हुए महासंघ ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए मृतक की पत्नी को तात्कालिक सहायता के तौर पर 25 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की और साथ ही उन्हें भविष्य में स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से एक सिलाई मशीन भी भेंट की। यूनियन के इस सार्थक प्रयास की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है क्योंकि इस पहल से न केवल एक टूटे हुए परिवार को आर्थिक संबल मिला है, बल्कि यह संदेश भी गया है कि विपदा की घड़ी में ड्राइवर महासंघ अपने सदस्यों के साथ एक चट्टान की तरह खड़ा है।

# नवादा का धर्मशीला हॉस्पिटल जहाँ लिखा जाता है मौत का परवाना

## कई गंभीर आरोपों के बाद हॉस्पिटल ने तोड़ी चुप्पी, आरोपों को नकारा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। शहर का चर्चित धर्मशीला हॉस्पिटल इन दिनो कई आरोपों से घिरा है, विधायक पुत्र अखिलेश कुमार की मौत के बाद यह मामला स्थानीय घटना से निकलकर जिले के स्वास्थ्य तंत्र पर बड़े सवाल खड़े करने लगा है। घटना के बाद जहां परिजनों में शोक और आक्रोश है, वहीं राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई है।इस पूरे मामले को लेकर पूर्व विधायक राजबल्लभ यादव ने खुलकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने न सिर्फ इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है, बल्कि अस्पताल को "मौत का परवाना लिखने वाला केंद्र" तक करार देते हुए कई गंभीर और चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं।

**घटना की पृष्ठभूमिः इलाज या इंतजार मौत का**?: जानकारी के अनुसार, विधायक पुत्र की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें धर्मशीला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। शुरुआती जांच और उपचार के बाद भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन लगातार "सब कुछ नियंत्रण में है" कहकर उन्हें आश्वस्त करता रहा, जबकि अंदरखाने स्थिति बिगड़ती जा रही थी।

परिवार का कहना है कि जब मरीज की हालत गंभीर होने लगी, तब भी अस्पताल ने समय रहते किसी बड़े संस्थान में रेफर नहीं किया। इलाज के नाम पर लगातार जांच, दवाइयों और बिलिंग का सिलसिला चलता रहा। अंततः हालत इतनी बिगड़ गई कि युवक की मौत हो गई। इस घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया और अस्पताल के प्रति लोगों का गुस्सा फूट *राजबल्लभ यादव का हमलाः "यह अस्पताल नहीं, गोरखधंधे का अड्डा"*

**घटना के बाद पूर्व विधायक राजबल्लभ यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की** : "धर्मशीला हॉस्पिटल में इलाज नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। यह अस्पताल नहीं, बल्कि गोरखधंधे का अड्डा बन चुका है, जहां गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों को योजनाओं के नाम पर लूटा जा रहा है।" उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में कई स्तरों पर अनियमितताएं और अवैध गतिविधियां चल रही हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है।

**7 घंटे का खेल": इलाज या इंतजार**?: परिजनों के अनुसार, सड़क दुर्घटना के बाद घायल अखिलेश कुमार को तुरंत धर्मशीला हॉस्पिटल लाया गया। उस समय वह होश में थे और बातचीत कर रहे थे। लेकिन यहीं से शुरू हुआ कथित "खेल"— अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं थे, फिर भी मरीज को भर्ती कर लिया गया, करीब 7 घंटे तक अस्पताल में ही रखा गया, हालत बिगड़ने पर पटना रेफर किया गया।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर अस्पताल के पास पर्याप्त संसाधन और विशेषज्ञ नहीं थे, तो मरीज को तुरंत बड़े अस्पताल क्यों नहीं भेजा गया रास्ते में मौतः जिम्मेदार कौन? जब अखिलेश कुमार को पटना रेफर किया गया, तब तक काफी देर हो चुकी थी।

परिजनों का आरोप है कि—

वेंटिलेटर एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं की गई

प्राथमिक इलाज भी पर्याप्त नहीं दिया गया

रेफरल में जानबूझकर देरी की गई

**आयुष्मान योजना में कथित घोटाला की आशंका** : राजबल्लभ यादव ने सबसे गंभीर आरोप आयुष्मान भारत योजना के दुरुपयोग को लेकर लगाया। उनका कहना है कि: मरीजों के आयुष्मान कार्ड का उपयोग कर अस्पताल सरकार से मोटी रकम क्लेम करता है।




इसके बावजूद मरीजों और उनके परिजनों से नकद वसूली की जाती है। कई मामलों में बिना पूर्ण इलाज के ही क्लेम दिखा दिया जाता है

यदि ये आरोप सही साबित होते हैं, तो यह न सिर्फ एक अस्पताल की बात होगी, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य योजना की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करेगा। पूर्व विधायक ने यह भी दावा किया कि अस्पताल में डिजिटल भुगतान और मरीजों के डाटा का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने इसे संभावित "साइबर क्राइम" से जोड़ते हुए कहा कि: * मरीजों की निजी जानकारी का दुरुपयोग किया जा सकता है* ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के जरिए संदिग्ध ट्रांजेक्शन किए जा रहे हैं* फर्जी बिलिंग और क्लेम के लिए डिजिटल नेटवर्क का इस्तेमाल हो सकता है उन्होंने इस पूरे मामले की जांच साइबर क्राइम विशेषज्ञों से कराने की मांग की है।

**"लूट का सिस्टम": मरीजों के परिजनों के आरोप**: मृतक के परिजनों के अलावा अन्य कई लोगों ने भी अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि: * बिना जरूरत के महंगे टेस्ट कराए जाते हैं* डॉक्टरों की सलाह के बिना दवाइयों की लंबी सूची थमा दी जाती है* मरीज की गंभीर स्थिति को छिपाकर बिल बढ़ाया जाता है* रेफर करने में देरी कर जान जोखिम में डाली जाती है। कुछ लोगों ने तो यहां तक कहा कि "एक बार मरीज अंदर चला गया, तो फिर वह अस्पताल के सिस्टम का हिस्सा बन जाता है, जहां हर दिन बिल बढ़ता है और उम्मीद घटती जाती है।"

**अवैध तरीके से अर्जित अकूत संपत्ति जांच की मांगः आखिर कहां से आया इतना पैसा**?**: राजबल्लभ यादव ने अस्पताल संचालक की संपत्ति की जांच की भी मांग की है। उनका कहना है कि:» "कम समय में इतनी बड़ी संपत्ति खड़ी होना अपने आप में सवाल खड़ा करता है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए कि यह पैसा कहां से आया और किन माध्यमों से अर्जित किया गया।" उन्होंने कहा की अस्पताल के पाँचवी मंजिल पर 50से अधिक कम्प्यूटर और ऑपरेटर कौन काम से जुड़े हैं इसकी भी जाँच होनी चाहिए उन्होंने कहा की इतनी बड़ी संख्या में हॉस्पिटल में कम्प्यूटर का कौन कार्य है।उन्होंने हॉस्पिटल में पूर्व की कई घटनाओं का भी जिक्र किया है जिसमें एक मरीज की किडनी निकालने का भी आरोप है। यह मांग प्रशासन के लिए एक नई चुनौती बन सकती है, क्योंकि इसमें आर्थिक अनियमितताओं और संभावित भ्रष्टाचार की जांच शामिल हो सकती है।

**जनता में आक्रोश, प्रशासन पर दबाव**: घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। अस्पताल के बाहर भीड़ जुटी और न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी हुई। लोगों का कहना है कि: जिले में निजी अस्पतालों की मनमानी बढ़ती जा रही है* सरकारी निगरानी पूरी तरह कमजोर हो चुकी है* गरीब मरीज सबसे ज्यादा शोषण का शिकार हो रहे हैं लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

**प्रशासन की भूमिका पर उठते सवाल**: इतने गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। न तो अस्पताल प्रबंधन का आधिकारिक पक्ष सामने आया है और न ही किसी जांच की स्पष्ट घोषणा हुई है।सिर्फ जाँच हुई है लेकिन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हुई लापरवाही की बात सामने आई है लेकिन ज़ब तक जिला प्रशासन मामले में आधिकारिक पुष्टि नही करती है तब तक कुछ भी कहना उचित हो होगा। हालांकि मामले को लेकर मुफ़सील थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गयी है।

क्या प्रशासन किसी दबाव में है?

क्या पहले भी ऐसी शिकायतें आई थीं?

अगर हां, तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

**स्वास्थ्य व्यवस्था पर व्यापक सवाल**: यह मामला सिर्फ एक अस्पताल तक सीमित नहीं है। यह पूरे जिले—और कहीं न कहीं राज्य—की स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि: निजी अस्पतालों पर निगरानी तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है, आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन की नियमित ऑडिट होनी चाहिए, मरीजों के अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ानी होगी, मेडिकल लापरवाही के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी, हॉस्पिटल के तरफ से किये गए प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोपों को गलत बताया गया है। बहरहाल विधायक परिवार मामले को लेकर गंभीर है।

घटना के बाद कई मंत्री, विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष तक का दौरा हो चूका है। अब हाइटेक हो चुके मामले पर सरकार की सख्ती हॉस्पिटल के भविष्य को किस प्रकार देखती है यह तो गर्त की बात है।

### अज्ञात वाहनों ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर,बाइक पर सवार रहे दो लोग गंभीर रूप से घायल,पावापुरी रेफर



अनुमंडलीय अस्पताल में इलाजरत घायल युवक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के अंधरबारी ओभरब्रिज पर बीते रविवार की देर रात्रि लगभग 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस सड़क हादसे में अज्ञात वाहन ने एक बाइक पर सवार रहे दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब घटी,जब रात्रि में रिमझिम बारिश और ओभरब्रिज पर अंधेरा छाया हुआ था। दुर्घटनाग्रस्त बाइक सवारों पर जब राहगीरों की नजर पड़ी,तो वे करिगांव स्थित टोल प्लाजा पर लगी डायल 1033 के एंबुलेंस के चालक को सूचित किया। सूचना पर एंबुलेंस चालक नीतीश कुमार ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंच घायल बाइक सवारों को रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सतीश चंद्र सिन्हा ने बताया कि घायलों में भुसड़ी गांव निवासी संजय कुमार के पुत्र धनराज कुमार एवं बाबू लाल के पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है। घायल बाइक सवारों का प्राथमिक इलाज किया गया है,हालांकि दोनों को चिंताजनक हालत में पावापुरी रेफर किया गया है।घायल बाइक सवार बसकंडा गांव से भोज खाकर वापस घर लौट रहे थे। सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे एवं घायलों को देखकर रोने-बिलखने लगे। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की जानकारी अस्पताल कर्मी द्वारा मिली है।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# बुनियादी केंद्र में उमड़ा जनसैलाब दृष्टि दोष से मिलेगी मुक्ति

## एक माह तक चलेगा आंखों की स्क्रीनिंग व चश्मा वितरण का महाभियान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग की एक अनूठी पहल के तहत हरेक आयु वर्ग के लिए रजौली प्रखंड परिसर स्थित बुनियादी केंद्र में सोमवार से चश्मा वितरण एवं नेत्र जांच शिविर का भव्य आगाज हुआ। पटना से जारी संयुक्त आदेश के आलोक में 'सक्षम' और राज्य स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में आयोजित यह विशेष शिविर नवाचारी प्रयोग का हिस्सा है, जिसके माध्यम से अनुमंडल क्षेत्र के जरूरतमंद लाभुकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर के पहले ही दिन स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा गया, जहां सुबह से ही जांच कराने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं।इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अत्याधुनिक मशीनों के जरिए नेत्र परीक्षण की प्रक्रिया संपन्न की।

शिविर में मुख्य रूप से नेत्र चिकित्सक डॉ. सर्जन कुमार और सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट गौरव कुमार ने मरीजों की गहन जांच की, जबकि स्पीच एंड हियरिंग टेक्नीशियन राजमणि चौधरी ने अन्य संबंधित विकारों का आकलन किया।कार्यालय



शिविर में नेत्र जांच करते चिकित्सक व अन्य सहयोगी

सहायक मंटू कुमार और बालेंद्र कुमार ने लाभार्थियों के पंजीकरण और व्यवस्थित संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। सोमवार को आयोजित इस शिविर के पहले चरण में कुल 48 लोगों के आंखों की मुकम्मल जांच की गई, जिनमें से 36 व्यक्तियों में दृष्टि दोष पाए जाने पर उन्हें उनकी जांच पर्ची के आधार पर चश्मा उपलब्ध कराने हेतु चयनित किया गया है। विभाग की योजना के अनुसार, जिन लाभुकों की जांच प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उन्हें जांच की तारीख से अगले पंद्रह दिनों के भीतर गुणवत्तापूर्ण चश्मा प्रदान कर दिया जाएगा।गौरतलब है कि यह विशेष अभियान पूरे एक माह तक अनवरत चलेगा, जिसका लक्ष्य अकेले इस केंद्र पर लगभग एक हजार लोगों की स्क्रीनिंग कर उन्हें लाभान्वित करना है। राज्य स्तर पर इस अभियान के तहत 101 अनुमंडलों के बुनियादी केंद्रों को जोड़ा गया है, जहां करीब 10,000 लाभुकों को चश्मा वितरित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह और समाज कल्याण विभाग की सचिव बन्दना प्रेयषी के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेश के अनुपालन में, रजौली के इस केंद्र पर विजन सेंटर का संचालन राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा सूचीबद्ध एजेंसी कर रही है। प्रत्येक लाभार्थी की व्यक्तिगत रिपोर्ट तैयार की जा रही है ताकि भविष्य में भी उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड का संधारण किया जा सके।इस पूरे आयोजन का वित्तीय भार समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत 'स्टेट सोसाइटी फॉर अल्ट्रा पुअर एंड सोशल वेलफेयर' द्वारा वहन किया जा रहा है। बुनियादी केंद्र में मिल रही इस निःशुल्क सुविधा से रजौली के सुदूर ग्रामीण इलाकों के गरीब और बुजुर्ग तबके को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें अब आंखों की जांच के लिए निजी अस्पतालों या दूर-दराज के शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

# अगलगी की घटना में दर्जनों किसानों के अरमान जलकर हुए खाक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

वारिसलीगंज प्रखण्ड क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति आगलगी में जलकर राख हो जाती है, जिसमें अधिकांश घटनाएं खेतों में पराली जलाने और बिजली की चिंगारी गिरने से होती है. रविवार को प्रखंड क्षेत्र के पांच गांव गौड़ापर, पैंगरी , मीरचक, कुंभी, बासोचक और मीरबीघा में गेंहू की फसल में आग लगने की घटना हुई, जिसमें लाखों रुपए मूल्य की तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई. इस बार गर्मी शुरू होते ही खेतों, दुकानों व अन्य स्थानों में हर रोज अगलगी की घटनाएं घट रही है, जिससे क्षेत्र के किसान व बुद्धिजीवी वर्ग चिंतित हैं.



शिविर में नेत्र जांच करते चिकित्सक व अन्य सहयोगी

बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में धान के साथ-साथ गेहूं की अच्छी फसल होती है. फसल को घर लाने के लिए मजदूरों की आवश्यकता होती है. लेकिन मजदूरों के पलायन के कारण किसानों को अपने फसल को घर लाने के लिए मशीन से कटिंग करना ही एकमात्र विकल्प है. मशीन से कटिंग करने के बाद अगली फसल खेतो में लगाने के लिए फसल के डंठल को साफ करने के लिए मजदूरों के अभाव के कारण उसे जलाना ही एकमात्र विकल्प है. पराली जलाने से जहां फसल की कटिंग किए हुए खेत के खरपतवार नष्ट हो जाते हैं, वहीं हर रोज अगलगी की घटनाये घट रही है.

ऐसे में अगर पछुआ हवा चल रही होती है तब पराली जलने से उड़ने वाली चिंगारी पास की फसल पर जा गिरती है और देखते ही देखते गेहूं की खड़ी या कटनी कर दौनी के लिए रखी फसल राख में तब्दील हो जाती है. प्रखंड के गोड़ापर और पैंगरी गांव में रविवार की दोपहर 11 हजार बोल्ट बिजली तार से गिरी चिंगारी से लगभग 100 बीघा में लगे गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई.

**अगलगी में दर्जनों किसान के समक्ष सालों भर खाना खाने के लिए उत्पन्न हो गई संकट** : इस संबंध में पैंगरी निवासी समाज सेवी सुधांशु कुमार ने बताया कि तीन दिन पहले भी बिजली की चिंगारी गिरने से आग लगी थी. लेकिन ग्रामीणों द्वारा उस पर तत्काल काबू पा लिया गया. बताया कि रविवार को गोड़ापर और पैंगरी के बीच स्थित खैरा खंधा में नगीना प्रसाद, सतविजय कुमार सोनू, सरवन महतो, डॉ. गिरीश प्रसाद, उमेश पासवान, अनिल प्रसाद सहित लगभग दो दर्जन से अधिक किसानों के सैकड़ो बीघा में लगी गेहूं की फसल जल गई. जिससे दर्जन भर से अधिक किसान बिना गेहूं के हो गए हैं.

आग लगने की घटना के बाद स्थानीय थाना से मिनी दमकल पहुंचा. लेकिन तब तक लाखो रुपए मूल्य की गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी. इसी प्रकार प्रखंड के वासोचक, मीरबीघा और मिरचक गांव में कई एकड़ में लगी गेहूं की फसल में आग लगी, जिससे लाखों रुपए मूल्य के दर्जनों किसानों के गेहूं की फसल जलकर राख हो गई.

**जिले में सबसे अधिक आगलगी की घटना के बावजूद प्रखंड में एकमात्र मिनी दमकल** : नवादा जिला में सबसे अधिक अगलगी की घटनाएं वारिसलीगंज क्षेत्र में घटती है. यह बातें लोगों को आग लगने की घटनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित बैठक व सेमिनार में अग्निशमन के अधिकारी भी कई बार स्वीकार कर चुके हैं. बावजूद हर रोज घट रही घटनाओं से निजात दिलाने के लिए प्रखंड में एकमात्र मिनी दमकल मौजूद है, जो हर रोज कई स्थानों पर हो रही घटनाओं के लिए नाकाफी साबित होती है. वहीं, कोई बड़ी अगलगी घटना हो जाने पर नवादा से बड़ा दमकल मंगाया जाता है, तब तक लाखों रुपए मूल्य की फ़सल या संपत्ति जलकर राख हो जाती है. रविवार को ही अलग-अलग दिशा में रहे पांच गांव में आगलगी की घटना हुई, जिसे बुझाने के लिए मिनी दमकल दिन भर दौड़ लगाते रहा. लेकिन घटनास्थल पर दमकल पहुंच पाता तब तक किसानो की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने आपदा प्रबंधन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

### कौआकोल में एचपीवी टीकाकरण को लेकर अंतर्विभागीय बैठक, जागरूकता अभियान तेज करने का निर्देश




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में सोमवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने की। बैठक में प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी,स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी सेविका,आशा कार्यकर्ता एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल ने एचपीवी टीकाकरण अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है। इससे भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से चिन्हित लाभार्थियों का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक किशोरियों तक टीकाकरण की जानकारी पहुंचाने तथा अभिभावकों को जागरूक करने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि यह अभियान किशोरियों के स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, आईसीडीएस एवं जीविका समूहों को घर-घर जागरूकता अभियान चलाने तथा किसी भी प्रकार की भ्रांतियों को दूर करने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार,समयबद्ध कार्ययोजना तथा नियमित निगरानी करने पर जोर दिया गया। मौके पर बीपीआरओ शमा बानो,सीडीपीओ अंजली कुमारी,कस्तूरबा विद्यालय के लेखापाल अजित कुमार सुमन आदि मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में दो ट्रेनों पर पत्थरबाजी, इंजन का शीशा फोड़ा

**गयाजी।** गयाजी में शनिवार की रात दो ट्रेनों पर हमले का मामला सामने आया है। पहली घटना मानपुर स्टेशन की है, जहां आक्रोशित यात्रियों ने ट्रेन के इंजन पर पत्थरों से हमला किया। वहीं, दूसरी घटना गुरारू स्टेशन का है, जहां 13350 पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस के एसी कोच का शीशा टूटा हुआ पाया गया। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव ने बताया कि मानपुर स्टेशन पर देर तक ट्रेन नंबर 53403 के रुके रहने के कारण एक यात्री ने इंजन को निशाना बनाकर पत्थर चलाया। इसमें इंजन का लुकिंग ग्लास टूट गया। इस मामले को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, ट्रेन नंबर 53403 रामपुर हाट-गया पैसेंजर ट्रेन के मानपुर स्टेशन पर करीब डेढ़ घंटे तक खड़े रहने से यात्री आक्रोशित हो गए और ट्रेन के इंजन को निशाना बनाकर रोड़ेबाजी की गई। इस घटना में इंजन के शीशे टूट गए। बताया गया कि जिस समय यह ट्रेन मानपुर स्टेशन पहुंची, उसी समय राजधानी एक्सप्रेस के आने काभी समय हो गया था। बताया गया कि राजधानी एक्सप्रेस समेत मालगाड़ियों को पास कराने के लिए पैसेंजर ट्रेन को करीब डेढ़ घंटे तक रोके रखा गया। इससे आक्रोशित यात्रियों ने रोड़ेबाजी की। वहीं बताया गया है कि 13350 पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस करीब 23.32 बजे गुरारू स्टेशन पहुंची थी। यहां ऑन ड्यूटी आरपीएफ जवान नेए-1 कोच के दो खिड़की का शीशा टूटा देखा। इसकी सूचना तुरंत रफीगंज पोस्ट व डीडीयू मंडल को दी गई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई और ट्रेन के डेहरी ऑन सोन स्टेशन पहुंचने पर उक्त कोच में जाकर घटना की जानकारी ली गई। लेकिन जहां शीशा टूटा था, संबंधित बर्थ के यात्री से पूछताछ में कुछ पता नहीं चला। यात्री का कहना था कि खिड़की पर पर्दा लगा था और सोये रहने के कारण कहां पत्थर मारा गया उसे कुछ पता नहीं चला। कोच अटेंडेंट व टीटीई को भी शीशा टूटने का पता नहीं चला।



### स्कूल में शराब पार्टी करने वालों पर पुलिस का शिकंजा, स्कूल सचिव के पति समेत चार पर प्राथमिकी दर्ज

**नालंदा।** नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावां उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शराब और शबाब की महफिल सजाने के मामले में पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अधिकारी पंकज कुमार की ओर से दर्ज कराई गई इस एफआईआर में स्कूल शिक्षा समिति की सचिव के पति अजीत कुमार सहित पल्लू कुमार, सोनू यादव और रंजीत उर्फ सुगी को मुख्य आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर उपद्रव फैलाने, निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने और छात्रों के स्वास्थ्य व मानसिक स्थिति के साथ खिलवाड़ करने की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है। पुलिस की यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए उस वीडियो के बाद सामने आई है, जिसमें इन युवकों को स्कूल के बरामदे पर बैठकर सरेआम अंग्रेजी शराब और सिगरेट पीते देखा गया था। यह वीडियो महावीर जयंती के अवसर का बताया जा रहा है। जिस समय जिला प्रशासन और स्थानीय लोग मघड़ा में हुई भगदड़ की दुखद घटना से मर्माहत थे, ठीक उसी समय ये अराजक तत्व स्कूल जैसे पवित्र स्थान को मयखाने में तब्दील कर कानून को ठेंगा दिखा रहे थे। वीडियो में स्कूल सचिव के पति की उपस्थिति ने शिक्षा व्यवस्था की सुरक्षा और मॉनिटरिंग पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरे प्रकरण पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रज बिहारी ने बाउंड्री वॉल न होने का हवाला देते हुए अपनी बेबसी जाहिर की है। उनका कहना है कि चहारदीवारी के अभाव में असामाजिक तत्व स्कूल बंद होने के बाद आसानी से भीतर दाखिल हो जाते हैं। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने अब साफ कर दिया है कि स्कूल की गरिमा भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अपर थाना अध्यक्ष विलमेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का वैज्ञानिक तरीके से सत्यापन करने के बाद ही यह कानूनी कार्रवाई की गई है और जल्द ही सभी नामजद अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

### राजगीर में 3 घंटे के लिए बंद रहेगा रोप-वे

**नालंदा।** नालंदा जिले के राजगीर में पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए मंगलवार को रोपवे आंशिक रूप से बाधित रहेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह 08:30 बजे से NDRF की टीम के साथ एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस अभ्यास के कारण पर्यटकों की आवाजाही पर सुबह से लेकर 11:30 बजे तक या मॉक ड्रिल के पूरी तरह संपन्न होने तक रोक लगी रहेगी। इस महत्वपूर्ण सुरक्षा अभ्यास की पूर्व तैयारी के मद्देनजर सोमवार शाम 5 बजे ही रोपवे परिसर में NDRF की टीम और प्रबंधन के बीच एक 'टेबल टॉक' बैठक बुलाई गई है, जिसमें रेस्क्यू ऑपरेशन की रूपरेखा तय की जाएगी। रत्नागिरी पहाड़ी पर स्थित ये भारत का सबसे पुराना और प्रसिद्ध चेयरलिफ्ट रोपवे है, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विश्व शांति स्तूप तक ले जाता है। यहां से पर्यटकों को पहाड़ियों और पंत वन्यजीव अभ्यारण्य का मनोरम दृश्य देखने को मिलता है। आधुनिक सुविधाओं को जोड़ते हुए अब यहां 8-सीटर केबिन रोपवे (केबल कार) की सुविधा उपलब्ध है, जिसका लाभ लेने के लिए पर्यटक BSTDC की आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। स्थानीय प्रशासन और रोपवे प्रबंधन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे सुरक्षा अभ्यास के महत्व को समझते हुए इस व्यवस्था में सहयोग करें और कल सुबह 11:30 बजे के बाद ही अपनी रज्जुपथ यात्रा का नियोजन करें। मॉक ड्रिल की प्रक्रिया संपन्न होते ही परिचालन को पुनः सामान्य रूप से बहाल कर दिया जाएगा।

# एक महीने में ढाई लाख से अधिक सिलेंडर का वितरण

## रोजाना 13 हजार की सप्लाई, जिले में स्टॉक की कमी नहीं, गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता






**गयाजी।** जिले में घरेलू गैस को लेकर किसी तरह की किल्लत नहीं है। प्रशासन ने साफ किया है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले में तीनों प्रमुख कंपनियों के जरिए गैस की आपूर्ति हो रही है। इण्डेन के 31 वितरकों के पास 2.78 लाख से ज्यादा सिलेंडर हैं। भारत गैस के 25 वितरकों के पास 4.08 लाख सिलेंडर उपलब्ध हैं। वहीं, एचपी गैस के 16 वितरकों के पास करीब 1.40 लाख सिलेंडर मौजूद हैं। यानी कुल मिलाकर जिले में गैस का स्टॉक भरपूर है। करीब 13 हजार सिलेंडर की डिलीवरी रोज आंकड़ों के जरिए प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की। 15 मार्च से 5 अप्रैल तक जिले में 2.40 लाख से ज्यादा सिलेंडर लोगों तक पहुंचाए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा 1.13 लाख सिलेंडर भारत गैस ने वितरित किए। इण्डेन ने करीब 94 हजार और एचपी गैस ने 32 हजार से ज्यादा सिलेंडर लोगों तक पहुंचाए। हर दिन औसतन करीब 13 हजार सिलेंडर की डिलीवरी हो रही है।

**एजेंसियों के स्टॉक की लगातार जांच हो रही:** प्रशासन का फोकस सिर्फ सप्लाई पर ही नहीं, बल्कि निगरानी पर भी है। सभी गैस एजेंसियों के स्टॉक की लगातार जांच हो रही है। होम डिलीवरी को सख्ती से लागू किया गया है। साफ निर्देश है कि गोदाम से सीधे गैस देने की अनुमति नहीं है। बुकिंग के बाद समय पर घर तक सिलेंडर पहुंचाना होगा। गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई भी शुरू हो गई है। 4 अप्रैल को नारायणी इण्डेन एजेंसी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोप है कि उपभोक्ताओं को मैसेज भेजा गया, लेकिन गैस की डिलीवरी नहीं की गई। जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज कर दी गई।

**PNG कनेक्शन का दायरा भी बढ़ रहा:** अनुमंडल स्तर पर भी छापेमारी चल रही है। कालाबाजारी, जमाखोरी और ज्यादा कीमत वसूलने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। हर अनुमंडल में धावा दल बनाया गया है। शिकायतों के निपटारे पर भी प्रशासन सक्रिय है। जिला कंट्रोल रूम 24 घंटे काम कर रहा है। अब तक 1697 शिकायतें मिलीं, सभी का समाधान किया गया। इसके साथ ही PNG कनेक्शन का दायरा भी बढ़ रहा है। जिले में 4619 आवेदन मिले, जिनमें 3683 को स्वीकृति दी गई। करीब 1985 घरों में पाइपलाइन गैस की सप्लाई शुरू हो चुकी है।

# गयाजी में बालू खनन, 18 फीट तक हो रही खुदाई

## गांव सिर्फ 50 मीटर की दूरी पर, गहरे गड्ढे से हादसे की आशंका; आंदोलन की चेतावनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी।** गयाजी में बाराचट्टी में बालू खनन को लेकर हालात बिगड़ते जा रहे हैं। मंझौली घाट के आसपास बसे मंझौली, खैरात गंगवार, सखोवा और कुंडल गांव के लोग दहशत में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खनन विभाग की देखरेख में बालू उठाव हो रहा है, जो हमारे गांवों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। ग्रामीण बताते हैं कि बालू उठाव स्थल गांव से महज 50 मीटर की दूरी पर है। इसी रास्ते से बच्चे, बुजुर्ग और मवेशियों का रोजाना आना-जाना होता है। ऐसे में गहरे गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि 15 से 18 फीट अधिक बालू की खुदाई की जा रही है। इससे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें डूबकर लोगों और मवेशियों की मौत तक हो चुकी है।

मामला सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत यहां करीब 5 हजार पौधे लगाए गए थे। अब खनन के कारण इन पौधों को या तो काटा जा रहा है या गड्ढों में गिरकर नष्ट हो रहे हैं। इससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**डीएम को सौंपा ज्ञापन:** ग्रामीणों के मुताबिक, आसपास के करीब पांच गांवों के लिए बना शवदाह स्थल भी खनन की जद में आ गया है। इसे तोड़ा जा रहा है। इससे लोगों की धार्मिक आस्था भी आहत हो रही है। यही नहीं विरोध करने पर ग्रामीणों को डराया जा रहा है। उनका कहना है कि आवाज उठाने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। इससे गांव में भय का माहौल है। इस विषम स्थिति से परेशान ग्रामीण सोमवार को गया समाहरणालय पहुंचे। यहां जिला पदाधिकारी से मिलकर पूरे मामले की जानकारी दी। साथ ही बालू उठाव पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# गयाजी मगध मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स का कैंपस में मार्च




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी मगध मेडिकल कॉलेज में हॉस्टल और मैस की समस्या को लेकर छात्रों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। कॉलेज परिसर में छात्रों ने मार्च निकालकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों का साफ कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। बल्कि कई सालों से उन्हें बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया कि 2022 के बाद से एडमिशन लेने वाले अधिकतर स्टूडेंट्स को हॉस्टल अलॉट ही नहीं किया गया। मजबूरी में उन्हें बाहर रहना पड़ रहा है। बाहर रहना न सिर्फ महंगा पड़ रहा है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी खतरा बना हुआ है। छात्रों ने कहा कि कई बार बाहर रहने के दौरान हादसे भी हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन गंभीर नहीं है।

छात्राओं की परेशानी और ज्यादा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उनकी ड्यूटी लगती है। कई बार देर रात तक काम करना पड़ता है। ऐसे में बाहर से आना-जाना काफी असुरक्षित लगता है। डर के साये में रहना पड़ता है। इसके बावजूद कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया। सीनियर छात्रों ने भी जूनियर्स का समर्थन किया। उनका कहना है कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में हॉस्टल और मैस जैसी सुविधा बेसिक होती है। लेकिन यहां स्थिति उलटी है। 2022 से लेकर 2025 तक के छात्रों को अब तक हॉस्टल नहीं मिला। जो पुराने हॉस्टल हैं, उनकी हालत भी जर्जर है। छात्र जैसे-तैसे वहां रह रहे हैं।

**स्टूडेंट्स बोले- कॉलेज मैनेजमेंट से कई बार शिकायत की, सिर्फ आश्वासन मिला:** छात्रों का आरोप है कि कई बार मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रशासन से शिकायत की गई। हर बार आश्वासन मिला, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं हुआ। इसी से नाराज होकर अब छात्रों ने सड़क पर उतरने का फैसला लिया है। आंदोलन कर रहे छात्रों ने साफ कहा कि जब तक हॉस्टल और मैस की सुविधा बहाल नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। वे अलग-अलग तरीके से विरोध दर्ज कराते रहेंगे। फिलहाल, इस पूरे मामले पर कॉलेज प्रशासन की ओर से कोई ठोस बयान सामने नहीं आया है। लेकिन छात्रों के तेवर देखकर साफ है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा और गरमा सकता है।

# राजगीर मलमास मेले की बंदोबस्ती 7.32 करोड़ में हुई, चार राउंड चली नीलामी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



राजगीर में अगले महीने राजकीय मलमास मेला आयोजन होने वाला है। जिसकी तैयारी अब जोरों पर है। राजगारी अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सोमवार को मेले की सैरात बंदोबस्ती को लेकर डाक की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें संवेदकों के बीच कंपीटीशन देखा गया। राजगीर एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित होने वाले इस मेले के लिए सैरात बंदोबस्ती की सूचना पहले ही प्रकाशित की जा चुकी थी, जिसके तहत आज डाक वक्ताओं की ओर से बोली लगाई गई। 4 राउंड तक चली नीलामी के बाद संजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, धनंजय कुमार और अशोक कुमार राय के समूह ने 7 करोड़ 32 लाख 41 हजार रुपए की अधिकतम बोली लगाकर इसे अपने नाम किया। नीलामी के दौरान विपक्षी समूह के रूप में राकेश कुमार और अनिल कुमार थे, जिन्होंने तीसरे राउंड तक 7 करोड़ 32 लाख 21 हजार रुपए की बोली लगाई थी, लेकिन वे पिछड़ गए।

**भीड़ को मैनेज करने के लिए प्रशासन रहा सतर्क:** मेले के दौरान सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की चुनौतियों को लेकर प्रशासन इस बार काफी सतर्क नजर आ रहा है। मघड़ा में हाल ही में हुई घटना का हवाला देते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि करोड़ों की भीड़ को संभालना एक बड़ी जिम्मेदारी है। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से एनडीएमए और एसडीएमए की ओर से निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन कराया जाएगा। इसे बंदोबस्त धारियों के साथ होने वाले इकरारनामा का भी हिस्सा बनाया गया है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा मानकों का पालन करना न केवल प्रशासन और बंदोबस्तधारी, बल्कि मेले में दुकान लगाने वाले सभी लोगों के लिए भी अनिवार्य होगा।

**ब्रह्मकुंड में स्नान को लेकर भी विशेष प्रबंध:** लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र ब्रह्मकुंड में स्नान को लेकर भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। एसडीओ ने जानकारी दी कि पूरे क्षेत्र का सुरक्षा ऑडिट कराया गया है और पिछले अनुभवों के आधार पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिग-जैग लाइनों को पहले से अधिक चौड़ा किया जाएगा और बीच-बीच में बफर जोन का निर्माण होगा ताकि दबाव कम रहे। चूंकि मेला भीषण गर्मी में पड़ रहा है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल की व्यापक व्यवस्था और परिसर में मिस्ट फैन (फॉगिंग पंखे) लगाने की योजना बनाई गई है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की जान-माल पूरी तरह सुरक्षित रहे और वे सुगमता के साथ कुंड स्नान कर सकें।

# बेंगलुरु से बिहार पहुंची सनातन धर्म संरक्षण पदयात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी।** सनातन धर्म के संरक्षण, लोक कल्याण और सांस्कृतिक जागरूकता के उद्देश्य से निकली एक पदयात्रा बिहार पहुंच गई है। संत अंजनी उल्लू यादव और माता बी.आर. गीता की ओर से की जा रही यह यात्रा लगभग 20,000 किलोमीटर लंबी है, जिसमें से अब तक करीब 18,000 किलोमीटर की दूरी तय की जा चुकी है। बिहार इस यात्रा का 11वां राज्य है। बिहार पहुंचने पर साधु-संतों ने सोमवार को गया के ऐतिहासिक विष्णुपद मंदिर और शक्तिपीठ मंगला गौरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। विष्णुपद मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित एक पवित्र स्थल है, जबकि मंगला गौरी मंदिर को 51 शक्तिपीठों में विशेष स्थान प्राप्त है।

**समाज के कल्याण और सनातन धर्म की रक्षा के लिए समर्पित है यात्रा:** साधु संत अंजनी उल्लू यादव ने बताया कि यह यात्रा केवल उनकी व्यक्तिगत साधना नहीं, बल्कि समाज के कल्याण और सनातन धर्म की रक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने भारत के सभी शक्तिपीठों के दर्शन का संकल्प लिया है। माता बी.आर. गीता भी इस कठिन पदयात्रा में उनके साथ हैं। यह पदयात्रा बेंगलुरु से शुरू हुई थी और देश के विभिन्न राज्यों से होकर गुजर रही है। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक स्थलों के दर्शन करना नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करना और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। यह यात्रा पाकिस्तान सीमा तक जाएगी, जो इसके अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को दर्शाता है।

**18,000 किमी की कठिन यात्रा और चुनौतियां:** करीब 18,000 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करना आसान नहीं है। रास्ते में मौसम की कठिनाइयों, शारीरिक थकान और संसाधनों की कमी जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद साधु संतों का उत्साह और संकल्प उन्हें लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। उनका मानना है कि यह यात्रा ईश्वर की कृपा और जनता के सहयोग से ही संभव हो पा रही है। यात्रा के अगले चरण में साधु संत उत्तर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों की ओर बढ़ेंगे। इनमें काशी विश्वनाथ मंदिर, प्रयागराज और मथुरा शामिल हैं।

# रजौली के अमावां पश्चिमी उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभाओं का भव्य अभिनंदन

## स्कूल में उत्कृष्टता के शिखर पर छात्र, 2026 की परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते शिक्षक

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय, अमावां पश्चिमी में सोमवार का दिन गौरव और हर्षोल्लास से भरा रहा, जहां वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी शैक्षणिक मेहनत से विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इंटरमीडिएट स्तर पर अपनी मेधा का लोहा मनवाते हुए विज्ञान संकाय में पीयूष कुमार और कला संकाय में सलोनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी विशेष पहचान बनाई, वहीं माध्यमिक परीक्षा 2026 में भी सफलता की एक लंबी फेहरिस्त देखने को मिली। अंजलि कुमारी, निरंजन कुमार, शिवम कुमार, टिया कुमारी, सोनाली कुमारी, मौसम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, विकास कुमार और सिंधु कुमारी ने 400 से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रमाणित किया।इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिवार ने न केवल छात्रों बल्कि उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया था, जिससे यह आयोजन एक सामूहिक उत्सव में बदल गया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए अमावां पश्चिमी पंचायत के मुखिया उपेन्द्र प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने छात्रों की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि लगन और कड़ी मेहनत ही जीवन में आगे बढ़ने का एकमात्र मार्ग है।उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे इसी ऊर्जा के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहें।समारोह के सफल संचालन और छात्रों के मार्गदर्शन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. कुमारी संगीता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।उनके साथ ही 'उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान' से नवाजे गए श्याम कुमार चौधरी सहित प्रवीण चन्द राय, अमीर रजा, सिंटू कुमार, मो. यासर अरफात, वृन्द बिहारी कुमार, अमित कुमार, अर्जुन कुमार रजक, मोनिका कुमारी, विजया श्री कश्यप, मानसी सिन्हा एवं सुप्रिया कुमारी जैसे समर्पित शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गौरवशाली बना दिया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों के अथक प्रयास को इस सफलता का आधार स्तंभ बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया, जिससे समूचा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# एनएच-20 पर दुर्घटनाग्रस्त चमचमाते स्कॉर्पियो में लदे 648 लीटर शराब बरामद, धंधेबाज फरार

♦ रजौली में शराब माफियाओं का दुस्साहस,बेखौफ पार किया चेकपोस्ट,फिर एनएच-20 पर पलटी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



स्थल का निरीक्षण करते थानाध्यक्ष व पुलिस बल

**रजौली।** झारखंड से शराब की खेप लेकर बिहार की सीमा में दाखिल हुए शराब तस्करों के दुस्साहस और फिर सड़क पर मची चीख-पुकार ने सोमवार को रजौली में सनसनी फैला दी है। दरअसल, शराब से लदी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो रजौली चेकपोस्ट से दोपहर बाद बिना जांच के पार करने में तो सफल रही, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। जैसे ही वाहन रजौली बीएसएनएल टावर के ठीक सामने एनएच-20 ब्रिज पर पहुंचा, चालक ने नियंत्रण खो दिया और स्कॉर्पियो स्कॉर्पियो एस11 बॉस एडिशन बीआर01जेपी3789 सड़क पर ही बुरी तरह पलट गई। चश्मदीदों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन करीब 100 फीट तक सड़क पर घिसटता रहा और अंततः उसके चारों चक्के आसमान की ओर हो गए। इस पूरे घटनाक्रम में चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब स्कॉर्पियो के साथ चल रहे एक अन्य 'पासिंग' वाहन ने पलक झपकते ही घायल चालक और धंधेबाजों को अपनी गाड़ी में लादा और मौके से फरार हो गए। दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि क्षतिग्रस्त वाहन के परखच्चे उड़ चुके थे, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब माफिया अपने साथियों को सुरक्षित निकाल ले जाने में कामयाब रहे। इस संबंध में एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार को एसआई सचिन कुमार,एएसआई सत्यदेव प्रसाद,एएसआई अमित कुमार वर्मा एवं एएसआई के. के. झा के साथ पुलिस बलों को स्थल पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दी है,जिसमें फरार वाहन और धंधेबाजों की तलाश की जा रही है। जब्त दर्जनों कार्टूनों में बंद 180 एमएल वाले जैक फोर्ड और ग्लैन मैक के सैकड़ों बोतलों में बंद कुल 648 लीटर शराब है। वहीं थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को सड़क से हटाकर किनारे लगाई गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान में जुट गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से तीन हुए घायल

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोचस में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युति समेत तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घायलो में चंदन कुमार उम्र 25 वर्ष नीतू कुमारी उम्र 24 वर्ष एवं अंकित कुमार उम्र 22 वर्ष शामिल है यह सभी कोचस निवासी संतोष सिंह के पुत्र पुत्री बताए जाते हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि तीनों बाइक पर सवार हो निजी कार्य से कहीं जा रहे थे, तभी कोचस दिनारा रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए जिसमें सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगों ने सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने सभी का स्थिति नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

### अमौना पैक्स चुनावः दावा-आपत्ति 10 मार्च तक, घोषणा 13 अप्रैल के बाद संभव

**काराकाट/रोहतास।** रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के अमौना प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) के चुनाव की घोषणा 13 अप्रैल के बाद हो सकती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निर्देशानुसार प्रक्रिया तेजी से चल रही है। 28 फरवरी 2026 को तय कट-ऑफ तिथि के आधार पर सदस्यों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 1 मार्च को किया गया। दावा-आपत्ति की अवधि 1 मार्च (बुधवार) से 10 मार्च (शुक्रवार) तक निर्धारित है। प्रारूप सूची में अमौना पैक्स के 1270 सदस्य दर्ज हैं। बीडीओ सिंह ने कहा कि यदि किसी सदस्य का नाम छूट गया हो या कोई आपत्ति हो, तो वे तय समयसीमा में प्रखंड मुख्यालय पर आवेदन कर सकते हैं। अमौना पैक्स क्षेत्र में सदस्यमहुला, मठिया, अमौना, कोनी और लेवां गांव शामिल हैं। इन क्षेत्रों के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र में दर्ज हैं। राहुल कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि अंतिम फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन 13 मार्च दिन सोमवार को होगा। अभी बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार से चुनाव संबंधी कोई आधिकारिक निर्देश नहीं मिला है। फाइनल सूची जारी होने के बाद ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा संभव है, जो 13 अप्रैल के बाद हो सकती है। स्थानीय किसानों व सदस्यों में चुनाव को लेकर उत्साह है। बीडीओ ने अपील की कि सभी पात्र सदस्य दावा-आपत्ति का लाभ उठाएं ताकि पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित हो। प्रखंड कार्यालय में संबंधित फॉर्म उपलब्ध हैं। यह प्रक्रिया पैक्स चुनावों को निष्पक्ष बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### अमौना पैक्स चुनावः दावा-आपत्ति 10 मार्च तक, घोषणा 13 अप्रैल के बाद संभव

**काराकाट / रोहतास।** रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के अमौना प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) के चुनाव की घोषणा 13 अप्रैल के बाद हो सकती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निर्देशानुसार प्रक्रिया तेजी से चल रही है। 28 फरवरी 2026 को तय कट-ऑफ तिथि के आधार पर सदस्यों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 1 मार्च को किया गया। दावा-आपत्ति की अवधि 1 मार्च (बुधवार) से 10 मार्च (शुक्रवार) तक निर्धारित है। प्रारूप सूची में अमौना पैक्स के 1270 सदस्य दर्ज हैं। बीडीओ सिंह ने कहा कि यदि किसी सदस्य का नाम छूट गया हो या कोई आपत्ति हो, तो वे तय समयसीमा में प्रखंड मुख्यालय पर आवेदन कर सकते हैं। अमौना पैक्स क्षेत्र में सदस्यमहुला, मठिया, अमौना, कोनी और लेवां गांव शामिल हैं। इन क्षेत्रों के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र में दर्ज हैं। राहुल कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि अंतिम फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन 13 मार्च दिन सोमवार को होगा। अभी बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार से चुनाव संबंधी कोई आधिकारिक निर्देश नहीं मिला है। फाइनल सूची जारी होने के बाद ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा संभव है, जो 13 अप्रैल के बाद हो सकती है। स्थानीय किसानों व सदस्यों में चुनाव को लेकर उत्साह है। बीडीओ ने अपील की कि सभी पात्र सदस्य दावा-आपत्ति का लाभ उठाएं ताकि पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित हो। प्रखंड कार्यालय में संबंधित फॉर्म उपलब्ध हैं। यह प्रक्रिया पैक्स चुनावों को निष्पक्ष बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### उपभोक्ता शिकायत निवारण हेतु किया गया विशेष शिविर का आयोजन : ईएसई

**सासाराम / रोहतास।** उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शीर्ष प्रबंधन के निर्देशानुसार अब प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी संबंधित कार्यालयों में उपभोक्ता शिकायत निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन करने हेतु निर्णय मुख्यालय द्वारा लिया गया है। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक निर्धारित दिवस को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 02 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में बिजली बिल से संबंधित त्रुटियों एवं समस्याओं का समाधान, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं जैसे झुका हुआ पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज एवं खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का त्वरित निवारण, नए विद्युत कनेक्शन एवं नाम परिवर्तन के लिए आवेदन की सुविधा, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित शिकायतों का समाधान, कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी तथा पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत आवेदन एवं मार्गदर्शन सहित अन्य बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त के अलोक मे सोमवार को विद्युत आपूर्ति अंचल सासाराम अंतर्गत सभी अवर प्रमंडल व प्रशाखा कार्यालयों मे शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर मे प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु 72 घंटे की समय-सीमा निर्धारित की गई है। कुछ आवेदकों व उपभोक्ताओं का शिविर मे ही निराकरण कर दिया गया है तथा जिनके शिविर मे निराकरण संभव नहीं थे उनका आवेदन पत्र ले लिया गया है तथा 72 घंटे के अन्दर निस्तारण कर दी जाएगी। उन्होंने बताया की शिविर की सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इसमें भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें। शिविर के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे और आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति तथा निष्पादन की समय-सीमा के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान करेंगे। विद्युत विभाग का उद्देश्य है कि आगामी दो महीनों के भीतर लंबित सभी प्रकार की शिकायतों का समुचित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं के बीच विभाग के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित दिवस पर अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

## मंदिर में चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा

# 6 अभियुक्त गिरफ्तार, पिघली हुई चांदी व जेवरात बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**संझौली /रोहतास :** रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिगनी में महावीर मंदिर में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है । इस कांड में शामिल गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है,साथ ही चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद कर लिए गए हैं । बताया जाता है कि दिनांक 21 मार्च 2026 की रात जिगनी गांव स्थित महावीर मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखे कीमती सामानों की चोरी कर ली थी । घटना की गंभीरता को देखते हुए बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया,जिसमें संझौली थाना की पुलिस और जिला आसूचना इकाई की टीम को शामिल किया गया ।

तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 5 अप्रैल 2026 को बक्सर जिले के नावानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनहथा निवासी रितेश पांडेय को हिरासत में लेकर पूछताछ की । पूछताछ में रितेश ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस चोरी में कुल 8 लोग शामिल थे,जिन्होंने मंदिर से चोरी किए गए जेवरात बक्सर के आथर बाजार के एक सोनार को बेच दिए थे । रितेश की निशानदेही पर पुलिस ने आथर बाजार में छापेमारी कर सोनार विष्णु कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया । उक्त मामले में पुलिस ने करीब 935 ग्राम पिघली हुई चांदी (बिस्किट के रूप में),करीब 1.572 किलोग्राम चांदी का जेवरात,करीब 03 ग्राम सोने का जेवरात,पीतल का बना हुआ तीन जोड़ी झाल व एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया है । इसके बाद पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया । जिनमें रमेंद्र यादव उर्फ मेदर यादव (घुनसारी),किसान यादव और नन्दजी राम उर्फ चिला ग्राम मनहथा तथा मो.मकबुल कुरैसी कोआथ थाना दावथ शामिल हैं । पूछताछ में सभी आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे संगठित गिरोह बनाकर मंदिरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे । फिलहाल पुलिस गिरोह के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है । इसकी जानकारी रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान दी ।

## विद्यालय मे कक्षा 5 के छात्रों के बीच बांटे गए स्थानांतरण प्रमाण पत्र



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** कोचस प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर में कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं को स्थानांतरण प्रमाण पत्र देकर विद्यालय से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार एवं प्रखंड मध्यान भोजन साधन सेवी संतोष कुमार उपस्थित रहे।विदाई कार्यक्रम से पहले बच्चों को सामूहिक रूप से विशेष भोजन कराया गया।इसके बाद विदाई समारोह के दौरान बच्चों के बीच केक काटकर खुशी का इजहार किया गया तथा सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गई। मध्यान भोजन प्रभारी ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर को पोषण वाटिका की अगले सत्रसे राशि दी जाएगी। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें, क्योंकि आप ही देश का भविष्य हैं। अगर आप पढ़ेंगे-लिखेंगे तो आगे चलकर अपने परिवार, गांव, बिहार और देश का नाम रोशन करेंगे।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमित कुमार त्रिपाठी, मनीष कुमार, शिक्षक संजय कुमार, वार्ड सदस्य राजेश कुमार, सचिव मंजू देवी सहित विद्यालय परिवार के प्रधान शिक्षिका ममता कुमारी, शिक्षक विजय कुमार, किशोरी लाल साह, सुनीता कुमारी तथा रसोईया धर्मशिला देवी, उत्तम देवी, पानपती देवी और रीना देवी उपस्थित रहीं।

## जनता दरबार में गूंजा जनसमस्याओं का स्वर

# एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा—हर शिकायत का समयबद्ध समाधान हमारी प्राथमिकता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास :** सोमवार को अनुमंडल कार्यालय बिक्रमगंज के सभागार भवन में एसडीएम प्रभात कुमार की अध्यक्षता में 'सबका सम्मान,जीवन आसान' कार्यक्रम तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया । इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा । जनता दरबार में कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए,जिनमें भूमि विवाद से जुड़े 9 मामले,राशन कार्ड से संबंधित 46 मामले तथा 13 अन्य विभिन्न समस्याएं शामिल रहीं । बड़ी संख्या में पहुंचे परिवादियों ने अपनी- अपनी समस्याओं को विस्तार से अधिकारियों के सामने रखा ।एसडीएम प्रभात कुमार ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन का निर्देश दिया । उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी समस्याओं का समाधान तय समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए । इस अवसर पर एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका शीघ्र समाधान करना है । हमारी प्राथमिकता है कि हर फरियादी को न्याय मिले और उसे कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें । प्रशासन पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रहा है ।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद जैसे संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरती जाए और राजस्व विभाग आपसी समन्वय बनाकर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करे । वहीं राशन कार्ड से जुड़े मामलों में भी पात्र लाभुकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो,इसका विशेष ध्यान रखने को कहा ।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह सूर्य नारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास :** नगर में धर्म,आस्था और सनातन परंपरा का ऐसा विराट दृश्य साकार होने जा रहा है,जो वर्षो तक स्मरणीय रहेगा । काव नदी के तट पर स्थित काशी घाट सूर्य मंदिर परिसर 24 से 30 अप्रैल 2026 के बीच श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह सूर्य नारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव का साक्षी बनेगा,जहां वैदिक अनुष्ठानों की गूंज,भक्ति की धारा और संत-वाणी का अमृत एक साथ प्रवाहित होगा । इस महाआयोजन को पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हो रहा है,जिनकी आध्यात्मिक उपस्थिति इसे विशिष्ट गरिमा प्रदान करेगी । संत परंपरा की उज्ज्वल धारा से जुड़े इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में अभी से गहरी आस्था और उत्साह उमड़ पड़ा है ।काशी घाट का पूरा क्षेत्र इन दिनों एक जीवंत कार्यशाला में तब्दील हो चुका है । कारीगरों के हथौड़ों की लय,बांस- बल्लों की संरचना और पारंपरिक शिल्प की सजीवता के बीच भव्य यज्ञ मंडप आकार ले रहा है । साथ ही प्रवचन के लिए विशाल मंच,संतों के लिए पर्णकुटीर और श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी आवास तैयार किए जा रहे हैं । सजावट और अलंकरण का ऐसा संयोजन किया जा रहा है,जो आगंतुकों को प्रथम दृष्टि में ही आध्यात्मिक लोक में ले जाएगा । सात दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में वैदिक मंत्रों की अनुगूंज के बीच हवन,पूजन,अनुष्ठान,भजन-कीर्तन व स्वामी जी महाराज एवं अन्य संतों के श्रीमुख से प्रवचन आयोजित होंगी । सूर्य नारायण की प्राण-प्रतिष्ठा इस महोत्सव का केंद्रबिंदु होगी,जिसे देखने और उसमें सहभागी बनने के लिए दूर-दराज से संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है । आयोजन स्थल एक विशाल आध्यात्मिक नगरी के रूप में परिवर्तित होता नजर आएगा । स्थानीय नागरिकों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है । गांव-शहर से लोग तैयारियों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं । आयोजन समिति श्रद्धालुओं के स्वागत में कोई कसर न छोड़ने के संकल्प के साथ पेयजल,स्वच्छता,आवास और यातायात की व्यापक व्यवस्था में जुटी हुई है । धार्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक समरसता और सामूहिक आस्था का यह महासंगम बिक्रमगंज को एक नई पहचान देने की ओर अग्रसर है । आने वाले दिनों में यह नगर न केवल श्रद्धालुओं का केंद्र बनेगा,बल्कि सनातन परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति का प्रतीक भी बनकर उभरेगा ।

## भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए हनुमत ध्वाजा का हुआ रोहण

- सुन्दरराज सवामी के सानिध्य में आयोजित होगा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ
- राजपुर आगमन पर बाजार वासियों ने किया भव्य स्वागत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**राजपुर।** स्थानिय बाजार के शिबाला प्रांगण में नव निर्मित भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए सुन्दरराज सवामी के सानिध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए सोमवार को हनुमत ध्वजा का रोहण पण्डित कुलशेखर तिवारी,कमलेश मिश्रा एवं अन्य वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा बैदीक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया. ध्वजारोहण हेतु तपोमूर्ति संत यतिराज सुन्दरराज स्वामी के आगमन की जानकारी होने पर बाजार निवासी सैकड़ों भक्तों ने राजपुर डिहरी रोड स्थित तेतराढ बजार बजार पहुंचकर फुल माला पहनाते हुए श्री त्रिदंडी स्वामी की जय,सुन्दरराज स्वामी की जय की जयकारा लगाते हुए स्वागत किया. यज्ञ स्थल पहुंचने पर सैकड़ो महिला पुरुष भक्तों ने पुष्प वर्षा करते हुए यज्ञशाला तक लिवा गये.जहां यज्ञ कमिटी के साथ बैठक करके कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली.

श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कमिटी के अध्यक्ष सतीश गुप्ता,उपाध्यक्ष नन्हकू सिंह,कोषाध्यक्ष विजेन्द्र कुमार गुप्ता,सचिव दिनेश तिवारी ने बताया कि पंचायत के जन प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के नेतृत्व में ध्वजा जूलूस निकाला जो गांव बजार का भ्रमण करते हुए जीवन बाबा स्थान होते हूए शिबाला पहुंचा.जहा आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ के मुख्य यजमान अशोक कुमार गुप्ता एवं उनकी पत्नी रूबी देवी के द्वारा ध्वजारोहण कराया गया. नगर भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा जय जय श्री सिताराम,जय पवन सूत जय हनुमान सुन्दरराज स्वामी के जयकारे से गुंजायमान रहा.

इस दौरान पुरूष स्त्री व युवा श्रीमन्नारायण का कीर्तन व जयकारे लगाते चल रहे थे.जिस गली मुहल्ले से ध्वजा गुजर रहा था, दरवाजे पर खडे महिला एवं पुरुष ध्वज को पुष्प अर्पित करते देखें गए. मौके पर यज्ञ समिति के अन्य पदाधिकारी राजपुर पंचायत के मुखिया रंजू देवी,उनके समाजसेवी पति सतीश कुमार सिंह, प्रमुख कुन्ती देवी उनके समाजसेवी बेटा अभिषेक तिवारी,सुमेश्वर सिंह यादव,सतीश मास्टर बिजेंद्र गुप्ता,शनि वर्मा,नथुनी साह, राजू गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे.

## 19 अप्रैल को हिसुआ में गूंजेगा बाबा साहब का जयघोष; भीम आर्मी निकालेगी भव्य शोभा यात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**हिसुआ (नवादा)।** भीम आर्मी जिला इकाई नवादा के तत्वाधान में रविवार को हिसुआ स्थित कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 19 अप्रैल 2026 (रविवार) को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में हिसुआ की धरती पर एक भव्य एवं ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सह हिसुआ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी धर्मेंद्र राजवंशी ने की, जबकि मंच का सफल संचालन दीनबंधु मांझी द्वारा किया गया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों और वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी ने कहा बाबा साहब केवल एक समुदाय के नेता नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनके द्वारा दिया गया 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का नारा आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है। 19 अप्रैल को निकलने वाली यह शोभा यात्रा केवल एक जुलूस नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक होगी।

अन्य वक्ताओं ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को बाबा साहब के संवैधानिक मूल्यों और उनके त्याग से परिचित कराना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बाबा साहब ने जिस समतामूलक समाज का सपना देखा था, उसे धरातल पर उतारना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भीम आर्मी द्वारा इस गौरवपूर्ण शोभा यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। धर्मेंद्र राजवंशी ने सभी साथियों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा, "आपकी सहभागिता ही इस आयोजन को सफल और भव्य बनाएगी। आइए, हम सब मिलकर इस दिन को यादगार बनाएं।"

बैठक के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की जय-जयकार के नारे लगाए, जिससे पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। इस दौरान दर्जनों की संख्या में भीम आर्मी के पदाधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास।** प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी बाद रोड स्थित साई मंदिर के समीप अवस्थित संजय साइंस क्लासेस परिसर में सोमवार को उस समय उत्सव का माहौल बन गया, जब मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रेरणा और सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में बिक्रमगंज नगर के धावां स्थित द डी पी एस के निदेशक अखिलेश कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के साथ ही विद्यार्थियों ने पुष्प वर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण गौरव और उत्साह से सराबोर हो उठा।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक संजय कुमार ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को फूलमाला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों को भी सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार ने मैट्रिक के टॉपर्स—देश दीपक कुमार, अमोल राज, नंदिनी प्रकाश, शुभम कुमार तिवारी, ममता कुमारी एवं सुषमा कुमारी तथा इंटरमीडिएट के टॉपर्स—स्वीटी कुमारी, अनुष्का कुमारी एवं सुप्रज्ञा कुमारी को मेडल, सर्टिफिकेट एवं कॉम्पिटेटिव जीके पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों को सराहा गया।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में अखिलेश कुमार ने विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफलता तक सीमित न रहकर जीवन में उच्च आदर्श स्थापित करने की सीख दी। उन्होंने भारत की समृद्ध सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों को युवाओं की असली पहचान बताते हुए कहा कि इन्हीं मूल्यों के सहारे व्यक्ति जीवन में स्थायी सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने "लाइफ" शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि जीवन में निरंतर सीखना, स्वयं को निखारना, लक्ष्य पर अडिग रहना और हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की भावना ही सफलता का वास्तविक आधार है। उनका संबोधन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और उपस्थित लोगों ने इसे खूब सराहा।

समारोह के अंत में संस्थान के निदेशक संजय कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके परिश्रम का परिणाम है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। उन्होंने सभी छात्रों को निरंतर मेहनत करने और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर एपीएस पब्लिक स्कूल बुढ़वल के निदेशक अविनाश कुमार, जगदीश सिंह 'जग्गू', आलोक कुमार, गोपेश प्रसाद, शिवम मिश्रा, अजय कुमार, अनिल कुमार पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह ने न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण को भी मजबूत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मछुआरों के जाल में फंसी चार आंखों वाली दुर्लभ मछली

**बांका।** बांका के रजौन स्थित कटरिया नदी में एक दुर्लभ मछली मिली है। इस अनोखी मछली के मिलने से पूरे इलाके में कौतूहल का माहौल बन गया। स्थानीय मछुआरों को नदी में मछली पकड़ने के दौरान यह मछली जाल में फंसी मिली।इस मछली की सबसे खास बात यह है कि इसमें चार आंखें हैं और इसका मुंह सामान्य से काफी बड़ा है। कुछ लोगों को इसकी बनावट उल्लू जैसी भी लग रही है।

**आसपास के गांवों से देखने आए लोगः** मछली मिलने की खबर तेजी से फैलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग इसे देखने के लिए पहुंचने लगे। बताया जा रहा है कि इस तरह की मछली सामान्यतः स्थानीय नदियों या तालाबों में नहीं पाई जाती। कुछ ग्रामीणों के अनुसार, ऐसी प्रजाति की मछलियां मुख्य रूप से दक्षिणी अमेरिका के कुछ क्षेत्रों में पाई जाती हैं। राकेश ठाकुर और गुंजन बाबा नामक स्थानीय लोगों ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यह एक दुर्लभ प्रजाति की मछली है, जो आमतौर पर दक्षिण अमेरिका में मिलती है। इसके यहां मिलने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

**चमत्कार से जोड़कर देख रहे ग्रामीणः** फिलहाल इस मछली को धौनी होटल के पास रखा गया है, जहां इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लगातार उमड़ रही है। कुछ लोग इसे प्रकृति का अद्भुत जीव मान रहे हैं, तो कुछ इसे किसी चमत्कार से जोड़कर देख रहे हैं। यह सवाल भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर यह दुर्लभ मछली कटरिया नदी तक कैसे पहुंची।

### शिक्षा का मूल उद्देश्य लर्निंग अर्निंग व रिटर्निंग है : डॉ जितेंद्र

**भागलपुर**| टीएमबीयू के पीजी पुरुष छात्रावास संख्या 4 के परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रावास के पूर्व अधिवासी डॉ. जितेंद्र कुमार के मुंगेर विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक नियुक्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता छात्र राजद के विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. लालू यादव ने की। मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र कुमार ने छात्रों को प्रेरित करते कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य लर्निंग, अर्निंग और रिटर्निंग है, यानी सफल होकर समाज को वापस देना अनिवार्य है। विशिष्ट अतिथि और सिंडिकेट सदस्य डॉ. निलेश कुमार ने छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए छात्रावासों में नियमित वाद-विवाद प्रतियोगिताओं पर जोर दिया। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी शिशुपाल भारती और पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने छात्र राजनीति एवं संघर्ष के अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में डॉ. चंदन कुमार, डॉ. शशि यादव और प्रवक्ता प्रभाकर कुमार सहित भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे। मंच संचालन कौशल शर्मा ने किया और संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ समारोह का समापन हुआ।

### भाजपा स्थापना दिवस पर आएंगी मंत्री श्रेयशी

**भागलपुर**| भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल को जिला कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम होगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार की खेल एवं युवा विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह उपस्थित रहेंगी। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने जानकारी दी कि यह आयोजन संगठन की विचारधारा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूती देने का एक माध्यम है। उन्होंने जिले के सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### निःशुल्क शिविर में 200 मरीजों की जांच

**भागलपुर**| लायंस क्लब और भागलपुर फेमिना के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। शिविर में करीब 200 मरीज पहुंचे, जहां उनकी स्वास्थ्य जांच की गई और स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। भागलपुर फेमिना की अध्यक्ष बबीता गुप्ता, सचिव उमा डालू और कोषाध्यक्ष सुभद्रा टिबरेवाल ने व्यवस्था में योगदान दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के लिए लाभदायक हैं।

### सामाजिक चेतना जगा रहा एमएसएमजी ग्रुप

**भागलपुर**| कक्षा से ही सफलता की शुरुआत होती है, इसी मूल मंत्र के साथ एमएसएमजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई परिभाषा लिख रहा है। संस्थान का ध्येय शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे सशक्तीकरण और सफलता का माध्यम बनाना है। एमएसएमजी समूह गंगा समग्र जैसे अभियानों से सामाजिक चेतना को भी जागृत कर रहा है।

### नया डस्टबिन भी बनने लगा कचरा

**भागलपुर**| नगर निगम प्रशासन ने शहर के प्रमुख 60 स्थानों पर फ्लाइंग डस्टबिन लगाने का प्लान तैयार किया है। इसी क्रम में आदमपुर चौक सहित अन्य स्थानों पर डस्टबिन लगा भी दिया, लेकिन लगाने के बाद ही यह उखड़ने लगा है। अब यह डस्टबिन भी पहले वाले डस्टबिन की तरह कचरे में मिलने को तैयार हो रहा है। ठोस एवं अपशिष्ठ प्रबंधन पदाधिकारी शशि भूषण सिंह ने बताया कि शहर के मेन रोड वाले इलाके में कचरा न दिखे, इसके लिए यह लगाया जा रहा है।

### अंचल अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार, समाहर्ता ने जारी किया आदेश

**बेगूसराय**| जिला समाहरणालय, द्वारा एक प्रशासनिक आदेश जारी कर विभिन्न अंचलों के लिए अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जारी आदेश के अनुसार, बिहार राज्य सेवा के अंचलाधिकारी/ सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी/ राजस्व अधिकारी (कानूनगो आदि) को सामूहिक अवकाश प्राप्त नहीं है। इसके बावजूद कुछ पदाधिकारियों के अवकाश पर रहने के कारण पूर्व में वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। अब सामूहिक अवकाश के बाद योगदान करने वाले पदाधिकारियों की वापसी के उपरांत प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए अतिरिक्त प्रभार का पुनः निर्धारण किया गया है।

**इन पदाधिकारियों को अंचलों का प्रभारः** नवल कान्त, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को नोडल पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण शिविर (गढ़पुरा, नावकोठी बखरी, नावकोठी एवं चेरिया बरियारपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।रामविनोद ठाकुर, राजस्व अधिकारी (अंचल कार्यालय, बरौनी) को बरौनी, तेघड़ा एवं भगवानपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।मनोज कुमार, राजस्व अधिकारी (अंचल कार्यालय, बेगूसराय) को वीरपुर एवं मटिहानी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।श्री बिहारी सिंह, राजस्व अधिकारी (अंचल कार्यालय, बलिया) को बलिया, साहेबपुर कमाल एवं डंडारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इनामुर रहमान दानिश, राजस्व अधिकारी (अंचल कार्यालय, शाम्हो अकहा, कुरहां) को मंसूरचक एवं बछवाड़ा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### परिवारों के कल्याण के लिए ट्रस्ट का गठन

**बेगूसराय**| अर्धसैनिक बल में कार्यरत व सेवानिवृत सदस्यों के परिवारों के लाभ व कल्याण के लिए ट्रस्ट का गठन किया गया। न्यायालय बेगूसराय की अनुमति गठित सीआरपीएफ कर्मचारी परिवार कल्याण ट्रस्ट जिले भर में ऐसे परिवारों को मदद के लिए हाथ बढ़ाएगी। सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त सदस्य को परिवार के सबसे बुजुर्ग सेवानिवृत्ति सदस्य राजेंद्र राय के द्वारा सभी सेवानिवृत्ति सदस्य को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य सदस्यों को भी सम्मानित करने का काम किया गया। सम्मानित सदस्यों तथा कार्य संपन्न करने वाले सदस्यों में राजेंद्र राय, रामप्रवेश सिंह, राम शंकर राय, दिलीप कुमार झा, रेवती रमण, महेश कुमार चौधरी, प्रवीण कुमार, निशांत कुमार, सुशांत सिंह, मुकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, पुनपुन कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, चंदन कुमार, मनीष कुमार सिंह व सीआरपीएफ परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

# नाबालिग की हत्या कर शव को दफनाया, गले में दुपट्टा लपेटा हुआ था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर के पीरपैंती में खेत से एक नाबालिग की लाश बरामद की गई है। नाबालिग की लाश को करीब 5 फीट गहरे गड्ढे में दफनाया गया था। रविवार की शाम जब लोगों ने खेत में दरार देखी तो उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। देर शाम सूचना के बाद पहुंचे सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमार और थानाध्यक्ष नागेंद्र राम ने जेसीबी से खेत की खुदाई कराई, जिसके बाद नाबालिग की लाश को निकाला गया। नाबालिग के गले में दुपट्टा बंधा हुआ था। मौके पर मौजूद पुलिस ने प्रेम प्रसंग के मामले में ऑनर किलिंग की आशंका जताई है। नाबालिग की लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस लगातार इस संबंध में कोशिश में जुटी है। लाश करीब एक हफ्ते पुरानी बताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। घटना बाखरपुर के मोहनपुर मधुबन दियारा के सोनूटोला के पास की है।



**नाबालिग की गला घोंटकर हत्या की आशंकाः** नाबालिग के गले में दुपट्टा पाए जाने के बाद आशंका जताई जा रही है कि दुपट्टे से ही लड़की की गला घोंटकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। इसके बाद उसकी लाश को खेत में गड्ढा खोदकर दफनाया गया है। चूंकि घटनास्थल दियारा का इलाका है, लोगों का आना-जाना कम होता है, इसलिए लाश कब दफनाई गई, किसने दफनाई, इस बारे में किसी को कुछ नहीं पता। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से शव की पहचान के लिए पूछताछ की, लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की। इसके बाद सोनू टोला के ग्रामीणों से भी पूछताछ की। लोगों ने कहा कि उन्हें किसी की हत्या की जानकारी नहीं है।

**एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से जुटाए सबूतः** नाबालिग की शिनाख्त नहीं होने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाया और सबूत इकट्ठा किया। सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि नाबालिग की हत्या एक सप्ताह पहले की गई है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर घटना की जांच कर रही है। शव की पहचान के लिए उसकी तस्वीर को सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। साथ ही आसपास के थानों से भी संपर्क किया जा रहा है।

**गड्ढे के अंदर कुदाल के निशान, 4-5 बदमाशों के शामिल होने का शकः** जिस गड्ढे से किशोरी का शव मिला है, उसके अंदर कुदाल के निशान हैं। पुलिस का कहना है कि कुदाल से 4 फीट चौड़ा, 6 फीट लंबा और 5 फीट गहरा गड्ढा जल्दबाजी में एक व्यक्ति नहीं खोद सकता है। इसमें चार से पांच लोग शामिल हो सकते हैं। आशंका ये भी जताई जा रही है कि नाबालिग की हत्या किसी दूसरी जगह की गई होगी और लाश को यहां लाकर दफनाया गया है। बारिश के बाद वहां मिट्टीमें दरार आ गई। इसके बाद दरार को देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

**पुलिस को प्रेम प्रसंग के बाद ऑनर किलिंग, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंकाः** थानाध्यक्ष नागेंद्र राम ने कहा कि प्रथमदृष्टया मामला ऑनर किलिंग का हो सकता है।

# ई-रिक्शा चलाने वाले ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में कर्ज से परेशान ई-रिक्शा चलाने वाले शख्स ने रविवार की रात फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मामला, बरारी थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला का है। मृतक पिछले एक महीने से कर्ज के कारण मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहा था। बताया जा रहा है कि बीती रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। रात करीब 1:00 बजे जब उसकी पत्नी कमरे में पहुंची, तो वह फंदे से लटका हुआ मिला। पत्नी के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मौजूदगी में शव को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**चार साल पहले हुई शादी, दो बच्चों का पिता था मृतकः** मृतक की पहचान बरारी थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला निवासी गोलू यादव के पुत्र बिट्टू कुमार (26) के रूप में हुई है। उसकी शादी चार साल पहले हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पिछले एक साल में उसने रिश्तेदारों और अन्य लोगों से लाखों रुपये का कर्ज लिया था, जिससे वह काफी परेशान रहता था। मृतक के बड़े भाई रंजन ने बताया कि रात करीब 10 बजे उसने खाना खाया और अपने कमरे में सोने चला गया था। रात में जब उसकी पत्नी उसे देखने गई, तो वह फंदे से लटका हुआ मिला। इसके बाद परिजन उसे उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, थाना अध्यक्ष बिट्टू कमल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ज्योति ने बेटी को बनाया डांसर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर**। मुंगेर जिले के कासिम बाजार स्थित बीचागांव की ज्योति कुमारी ने अपनी बेटियों के सपनों को साकार करने के लिए समाज की रूढ़िवादी सोच और सीमित संसाधनों का सामना किया। उनकी बड़ी बेटी रिजुल शर्मा अब जिले के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। ज्योति कुमारी ने यह साबित कर दिया कि मजबूत हौसले से परिस्थितियां राह नहीं रोक सकतीं। लगभग दो साल पहले, ज्योति कुमारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती सामाजिक सोच थी। जब उनकी बड़ी बेटी रिजुल शर्मा ने नृत्य में रुचि दिखानी शुरू की, तो परिवार और पड़ोस के लोगों ने ताने कसने शुरू कर दिए।

**मोबाइल-टीवी की मदद से सीखा डांसः** हालांकि, ज्योति ने हार नहीं मानी। उन्होंने घर के कामकाज के साथ-साथ मोबाइल और टीवी की मदद से खुद नृत्य सीखा और अपनी बेटी को सिखाना शुरू किया। रिजुल की नृत्य में रुचि बचपन से ही थी; प्ले स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही उनकी मां ने उनकी प्रतिभा को पहचान लिया था। धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ता गया और रिजुल ने स्थानीय कार्यक्रमों से लेकर जिला और राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू कर दिया। आज वह कई मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं और जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक सहित कई गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित हो चुकी हैं।

**लड़कियों को फ्री में सिखाती है नृत्यः** ज्योति कुमारी बताती हैं कि शुरुआत में जब रिजुल कहीं नृत्य करने जाती थीं, तो लोग तरह-तरह की बातें करते थे। लेकिन जैसे-जैसे रिजुल को सम्मान मिलने लगा और उनकी प्रतिभा अखबारों व सोशल मीडिया में सामने आने लगी, वहीं लोग अब उनकी तारीफ करने लगे हैं। अब कई लोग अपनी बेटियों को उनसे नृत्य सिखाने के लिए भेज रहे हैं। समाज के इन्हीं तानों से आहत होकर मां-बेटी ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वे न केवल खुद आगे बढ़ेंगी, बल्कि अन्य लड़कियों को भी आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेंगी। इसी सोच के साथ अब रिजुल और उसकी छोटी बहन रायमा कुमारी आसपास की 15 से अधिक लड़कियों को मुफ्त में डांस सिखा रही हैं। वहीं रिजुल और सकी बहनों को सोशल मीडिया पर दिया गया डांस का वीडियो मीलीयन में है जबकि व्युबर भी 317 से अधिक है।

**बड़ी बहन से प्रेरित होकर रायमा ने सिखा डांसः** रिजुल जहां 10वीं कक्षा की छात्रा है, वहीं उसकी छोटी बहन रायमा कुमारी 8वीं में पढ़ती है। बड़ी बहन से प्रेरित होकर रायमा ने भी डांस सीखना शुरू किया और अब वह भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार जीत रही है। दोनों बहनों ने अब तक दो दर्जन से अधिक मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सम्मान हासिल किया है। हाल ही में 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर दलसिंहसराय में आयोजित नेशनल डांस प्रतियोगिता में रिजुल ने पहला स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में बिहार भर से करीब 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसके अलावा बिहार दिवस पर मुंगेर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी दोनों बहनों को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। रिजुल बताती है कि उसे विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव लोचन और शिक्षक आशीष कोशेर का भी पूरा सहयोग मिला, जिसके कारण उसे कई बड़े मंचों पर प्रदर्शन का मौका मिला। वहीं परिवार के अन्य सदस्यों मौसी, मामा, नाना-नानी और दादा का भी भरपूर सहयोग मिला।

# विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है भाजपा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय**। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने झंडोतोलन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा फहराकर संगठन की मजबूती और देश सेवा के संकल्प को दोहराया। इस मौके पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायक कुंदन कुमार ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन चुकी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास को धरातल पर उतारने का कार्य जारी है।

**'सिद्धांतों और राष्ट्र सेवा के संकल्प को याद दिलाता है स्थापना दिवस'**: भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर भाजपा आज इस मुकाम पर पहुंची है। उन्होंने कहा कि संगठन की जड़ें बूथ स्तर तक मजबूत हैं, जो पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। स्थापना दिवस हमें अपने मूल सिद्धांतों और राष्ट्र सेवा के संकल्प को याद दिलाता है। वरिष्ठ नेता कृष्णमोहन पप्पू ने कहा कि यह दिन केवल एक संगठन के गठन का दिन नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, समर्पण और विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक विचारकों डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श आज भी हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

# चार बसों से 600 लीटर डीजल चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बांका**। बांका शहर के नेहरू कॉलोनी मोहल्ला में खड़ी चार बसों से लगभग 600 लीटर डीजल चोरी होने का मामला सामने आया है। बस मालिक ने सदर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह पूरी वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाबूटोला मोहल्ला निवासी बस मालिक राजीव लोचन सिंह की चारों बसें प्रतिदिन की तरह उनके घर के सामने खड़ी थीं। रोजाना शाम को ही चालक बसों में डीजल भरवा देते हैं, ताकि सुबह संचालन में कोई परेशानी न हो। घटना की देर शाम भी चारों बसों में लगभग 600 लीटर डीजल भरवाकर खड़ा किया गया था। बताया जा रहा है कि देर रात अज्ञात चोरों ने मौका पाकर चारों बसों के डीजल टैंक से तेल निकाल लिया।सुबह जब बस चालकों ने गाड़ियों की जांच की, तो टंकी से डीजल गायब मिला। इसके बाद चालकों ने तुरंत बस मालिक को इसकी जानकारी दी। घटना की पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। बस मालिक ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंपते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**जल्द पूरे मामले का खुलासा होगाः** सदर थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना के बाद वाहन चालकों में चिंता का माहौल है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में जांच पड़ताल कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–423, दिनांक 02.04.2026,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम** : "भागलपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर 6.0 मीटर चौड़ाई के दोनों एफओबी की मौजूदा सीढ़ियों को चौड़ा करने और उसी एफओबी पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 और प्लेटफॉर्म नंबर 2 एवं 3 पर 2 लिफ्ट लगाने का प्रावधान।" के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 78,60,141.12, **बयाना राशिः** रु. 1,57,200/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 10.04.2026 से 24.04.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-06/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता पुल/लाइन/हाजीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्य के मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिचांई, सी.पी.डब्लु.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रित करते है।

1. टेंडर नोटिस संख्या : BRL-DNR-25-11. 2. कार्य का नाम एवं लोकेशन के साथ : उप मुख्य अभियंता/पुल/हाजीपुर के अधीन दानापुर मण्डल के PNBE-DDU खंड में KRS-BEA स्टेशन के बीच ROB BEA (बो स्ट्रिंग गर्डर) का पुनर्वास। 3. अनुमानित निविदा राशि (रू.) : ₹1,69,84,663.22, 4. अग्रिम धन राशि (रू.) : ₹3,39,700.00, 5. निविदा कागजात जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा दाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 23.04.2026 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाए एवं उसी दिन 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। 6. वेबसाइट का नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : निविदा सूचना पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस (CRIS) के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।

कार्यपालक अभियंता/पुल/लाइन/पूमरे/दानापुर
पीआर/0014/डीएनआर/अभि./टी/26–27/44

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.– CWMPD-01-2026-27
दिनांक : 02.04.2026.

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं. दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है–

ई–निविदा बंद होने की तिथि : 28.04.2026

1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : प्लांट डिपो, डीडीयू में ट्रैक मशीन के आई.ओ.एच./पी.ओ.एच. की क्षमता बढ़ाने के साथ–साथ पीडी डीडीयू. में भंडारण सुविधाओं के सुधार के लिए शेड सुविधाओं के विस्तार का कार्य। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹5,85,19,161.74, 3. जमानत राशि : ₹11,70,400.00, 4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 28.04.2026, 12:00 बजे। 5. वेबसाईट पर ई– निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in.

मुख्य कारखाना प्रबन्धक/बी.डब्ल्यू./प्लांट डिपो/पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0022/डीडीयू/यॉ./टी/26–27/32

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या : ईएलईजी–ओटी–1255–2025–26, दिनांकः 02.04.2026, कार्य का विवरणः** (i) सियालदह मंडल में 7 स्थानों (एक्यूआर, बीबीटी, केबीजीबी, बीएसएचटी, पीपीजीटी, ईडीजी और जीबीजी) पर आरडीएसओ टाइप ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड को बदलना, जो उनके कोडल लाइफ को पास करेगा। (ii) आरबी द्वारा जारी एमईए के दिशा–निर्देशों और निकटवर्ती ब्लॉक स्टेशन/एनटीईएस के माध्यम से कंट्रोलिंग के अधीन सियालदह मंडल के तहत बीएआरयू, बीडीवाईपी, बीजीजेटी, डीएचके, डीकेडीपी, डीएमयू, जीआईए, जीयूआरएन, जेडीपी, केएलकेआर, केवाईपी, एनजीआरआई, एनटीए, पीएलएफ, एसजेपीआर, एसएनयू, एसएसपी, एसएसआरडी, बीजेडबी, जीएन, एचएचआर, टीएएलए, टीकेएफ, बीएलवाईजी, बीआरपीके, पीटीकेआर, डीएकेई, डीजीएनआर, एनबीई, जीजीपी, एचबीई, जेजीडीएल, केएलवाईएस, केएलवाईएम, पीटीएफ, पीएक्सआर, टीएचपी, बीएसएलए (फ्लैग) स्टेशन में ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान (iii) आरबी द्वारा जारी एमईए के दिशा–निर्देशों के अनुसार सियालदह मंडल के तहत डीपीडीपी, एचटी, केएचजीआर, केडब्ल्यूडीपी, एमएके, एमजीटी, पीक्यूएस, एसबीजीआर, टीएलएक्स, बीबीडीबी, बीबीआर, बीएमजी, बीजेडआरए, डीटीके, जीएमए, एचबी, एमएसएल, बीएआरएन, एजी, बीडीजेड, एएसकेआर, बीआईजे, बीपीएन, एफएलयू, एमएजे, एमआईजे (ब्लॉक) स्टेशन में ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 2,41,96,679/–**बयाना राशिः** रु. 4,84,000/–, **समापन अवधिः** 09 माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** 02.04.2026, **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 16.04.2026 को 14.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

SDAH-02/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# व्यवसायी से 6 लाख के जेवरात ठगे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर**। मुंगेर में एक व्यवसायी से करीब 6 लाख रुपए मूल्य के सोने के जेवरात ठग लिए गए। यह घटना रविवार दोपहर कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद चौक पर हुई। एक अज्ञात युवक ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बड़ी बाजार निवासी बच्चु पाहुजा को निशाना बनाया और 50 ग्राम सोने के जेवरात लेकर फरार हो गया। पीड़ित बच्चु पाहुजा ने पुलिस को बताया कि वह बाजार से घर लौट रहे थे, तभी आजाद चौक के पास युवक ने उन्हें रोका। युवक ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि इतने गहने पहनकर चलना सुरक्षित नहीं है।

**गहनों को सुरक्षित रखने का दिलाया भरोसाः** युवक की बातों में आकर पाहुजा ने अपनी सोने की चेन और अंगूठी उतार दी। ठग ने गहनों को सुरक्षित रखने का भरोसा दिलाया और उन्हें एक कागज में रखकर रुमाल में बांधने को कहा। इसी दौरान उसने चालाकी से असली गहनों की जगह पत्थर रख दिए और पोटली बदल दी। आरोपी ने पाहुजा को गहने सुरक्षित रखने की बात कहकर घर जाने को कहा और मौके से फरार हो गया। घर पहुंचने पर जब बच्चु पाहुजा ने पोटली खोली, तो उसमें गहनों की जगह पत्थर मिले। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने कोतवाली थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर (औरंगाबाद)**
E-mail ID- irrigationdivision.daudnagar@gmail.com

**शुद्धि–पत्र (Corrigendum Letter)**

इस कार्यालय द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2025–26 जिसका PR NO-26650 (WRD) 2025-26 है को अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है :–

| क्र0 स0 | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की | दिनांक–24.03.2026 से दिनांक–04.04.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर | दिनांक– 06.04.2026 से दिनांक–15.04.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 2 | प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक–02.04.2026 के 3:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर। | दिनांक–10.04.2026 के 3:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर। |
| 3 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–06.04.2026 के 3:30 बजे अपराह्न में केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर | दिनांक–16.04.2026 के 3:30 बजे अपराह्न में केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 4 | कार्य समाप्ति की अवधि | 45 दिन | 30 दिन |

निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्ववत रहेगी।

**कार्यपालक अभियंता**
**सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 000103 (WRD) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# संक्षिप्त समाचार

## वरिष्ठ नागरिक के मार्गदर्शन से ही समृद्ध होगा परिवार

**आरा**। रेड क्रॉस सभागार, आरा में सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन का 24 वां वार्षिक अधिवेशन हुआ। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के श्रम मंत्री व स्थानीय विधायक संजय सिंह टाइगर मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर की महापौर इंदु देवी, डिप्टी मेयर पूनम देवी, पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भावेश, भाई ब्रह्मेश्वर, डॉ. कमल कुमारी सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता नागेश्वर दुबे, प्रो. गांधी जी राय, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. दिवाकर पांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष बी.डी. सिंह और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष लाल बहादुर शास्त्री ने संयुक्त तरीके से किया। सम्मेलन में तीन राज्यों सहित बिहार के लगभग सभी प्रमुख जिलों से करीब 500 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर हैं और उनके मार्गदर्शन से ही सशक्त व समृद्ध परिवार का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति से समाज को निरंतर सीखने का अवसर मिलता है। रेल टिकट में मिलने वाली छूट शीघ्र बहाल करने की मांग सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में भारत सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वरिष्ठ नागरिकों को कोविड काल से पूर्व रेल टिकट में मिलने वाली छूट शीघ्र बहाल नहीं की गयी और आयुष्मान कार्ड की आयु सीमा 70 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष नहीं की गयी, तो संगठन पूरे देश में आंदोलन करने को बाध्य होगा। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. दिवाकर पांडे व संगठन के वरिष्ठ सदस्य भाई ब्रह्मेश्वर ने कहा कि आज के युवा ही कल के वरिष्ठ नागरिक हैं, इसलिए युवाओं को भी ऐसे आयोजनों में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने पीढ़ियों के बीच सामंजस्य बनाए रखने और संस्कारों के हस्तांतरण पर विशेष जोर दिया।

## न्यूनीकरण के लिए सम्पूर्ण जिले में सघन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अगलगी की घटनाओं की रोकथाम व न्यूनीकरण के लिए सम्पूर्ण भोजपुर जिला में सघन जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। आम जनता से भी राज्य सरकार द्वारा जारी "क्या करें और क्या न करें" का अनुपालन करने और इसे जन-जन तक प्रसारित करने का अनुरोध किया गया है। बताया गया है कि अग्नि-प्रवण काल (15 मार्च से 15 जून) के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इसी क्रम में सम्पूर्ण भोजपुर जिला में 14 से 20 अप्रैल की अवधि में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। डीएम ने निर्देशित किया गया है कि इस अवधि में गांव-गांव और शहरी क्षेत्रों में ओरिएंटेशन कार्यक्रम व जागरूकता गतिविधिया आयोजित की जाए। आपदा की स्थिति में आमजन डायल 112/101 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला आपदा संचालन केंद्र, भोजपुर 9472398730 (24x7 सक्रिय) पर भी सूचना दी जा सकती है। जिला प्रशासन द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यापक तैयारी व सतत निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। गौरतलब हो कि बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार अग्निशमन सेवा व सूचना व जन-सम्पर्क विभाग, द्वारा अग्नि सुरक्षा के संबंध में समय-समय पर जनहित में क्या करें।

## मठियापुर में 10 बीघे में गेहूं की फसल जलकर राख

**ब्रह्मपुर**। कैथी पंचायत के मठियापुर गांव के बधार में शनिवार को अचानक आग लगने से दर्जनों किसानों की दस बीघा से अधिक रकबा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा में उनकी एक न चली। अगलगी में राजनरामाण सिंह, कुंदन सिंह मुखिया, गिरजा सिंह, तेगा यादव, शुकर यादव, शांति देवी, मनोज यादव सहित अन्य किसानों भारी भरकम नुकसान हुआ है।। किसानों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है।

## प्रखंड कार्यालय शिफ्ट, सूचना के अभाव में भटक रहे लोग

**बक्सर**। सदर प्रखंड का कार्यालय भवन तोड़कर नया निर्माण कराया जा रहा है। इस दौरान कार्यालय को अस्थायी रूप से मनरेगा भवन के पास स्थानांतरित कर दिया गया है, लेकिन इसकी जानकारी आम लोगों के लिए कहीं प्रदर्शित नहीं की गई है। सूचना के अभाव में दूर-दराज से आने वाले लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता अरुण यादव ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए जिला प्रशासन से संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाकर लोगों को सही दिशा दी जानी चाहिए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## निजी स्कूल खाली कराने का विवाद पहुंचा थाने

**बक्सर**। राजपुर थाना क्षेत्र के ईसापुर महावीर स्थान स्थित निजी स्कूल खाली कराने का विवाद थाना पहुंच गया है। स्कूल संचालक ने भवन मालिक द्वारा डराने-धमकाने और जबरन भवन खाली कराने का आरोप लगाया है। पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक रोहतास जिला के करगहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी गांव के संतोष सिंह महावीर स्थान ईसापुर में सोनपा गांव निवासी अशोक सिंह के मकान में ब्राइट फ्यूचर स्कूल का संचालन करते हैं। स्कूल संचालक का कहना है कि इसके लिए कोर्ट से एकरारनामा भी बनाया गया था। भवन मालिक द्वारा बगैर कोई नोटिस दिए एकरारनामा का उल्लंघन कर जबरन मकान खाली कराया जा रहा है। स्कूल संचालक का कहना है कि भवन मालिक द्वारा स्कूल में प्रवेश कर शिक्षक और छात्रों को भी डरा धमका रहे हैं। मामले को लेकर राजपुर थाना में एफआईआर के लिए आवेदन दिया गया है। राजपुर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## किला मैदान के गेट को पुनः लगाने की मांग

**बक्सर**। नगर के किला मैदान में लगाए गए गेट को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभा के दौरान हटाया गया था, लेकिन अब तक उसे पुनः स्थापित नहीं किया गया है। इससे मैदान की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता ओम जी यादव ने इस मामले पर चिंता जताते हुए प्रशासन से गेट का पता लगाकर जल्द दोबारा लगवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गेट नहीं होने से मैदान में अव्यवस्था बढ़ रही है और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से शीघ्र पहल करने की अपील की है।

## बिहार-झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन की हुई बैठक

**आरा**। बिहार-झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन की बैठक आरा में हुई। इस दौरान केंद्रीय संगठन से सचिव अजीत नारायण विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई तथा नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से पंकज कुमार को यूनियन का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए नीरज पांडेय और सचिव पद के लिए राम विकास यादव के नामों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में स्थानीय समिति के सदस्य अनिल कुमार, चंदन कुमार, सुशील चक्र, संजय कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का भरोसा दिलाया।

## गड़हनी में आग लगने से घर जलकर राख

**गड़हनी**। नगर पंचायत गड़हनी वार्ड 1 निवासी मोमताज हाशमी के घर में रविवार दोपहर में अचानक आग लगने से पूरा घर जलकर खाक हो गया है। बताया जाता है कि इनका घर झोपड़ीनुमा था जिसके कारण आग लगने से एक भी समान नहीं बचा है। किसी तरह लोग घर से निकल कर अपना जान बचाया है। पीड़ित बहुत गरीब मजदूरी कर अपना घर चलाते है। घर में रखा कुछ अनाज, चारा, खाट, बिस्तर सब जलाकर राख हो गया चुका है। वार्ड पार्षद पति अविनाश राव ने कहा कि पीड़ित बहुत गरीब है ।

# 520 छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय का उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के डुमरांव अनुमंडल अंतर्गत हरनी चट्टी, अदफा में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रामा निषाद ने एक नए आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। यह विद्यालय 520 छात्राओं के लिए बनाया गया है। इसे पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करना है।

**विद्यालय में 520 बेड की व्यवस्था**: उद्घाटन समारोह में मंत्री रामा निषाद ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में बिहार के सभी जिलों में आवासीय प्लस टू विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरनी चट्टी स्थित इस विद्यालय में 520 बेड की व्यवस्था है, जिससे बड़ी संख्या में छात्राओं को लाभ मिलेगा। मंत्री ने अपने संबोधन में बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, "जब बेटियां पढ़ेंगी और आगे बढ़ेंगी, तभी समाज का समग्र विकास संभव होगा।" उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व की सरकारों ने इस दिशा में अपेक्षित कार्य नहीं किया, लेकिन वर्ष 2005 के बाद नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में लगातार प्रगति हुई है।

**35 प्रतिशत बेटियां विभिन्न विभागों में कार्यरत**: मंत्री ने जानकारी दी कि वर्तमान में लगभग 35 प्रतिशत बेटियां विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी विभागों में कार्यरत हैं, जो समाज में बढ़ते बदलाव का संकेत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस नए विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाली छात्राएं भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार 12वीं कक्षा के बाद भी छात्राओं की उच्च शिक्षा के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने हाल ही में इंटरमीडिएट और मैट्रिक परीक्षाओं में छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह राज्य के लिए गर्व की बात है।

**पहले से अधिक सुरक्षित हैं बेटियां**: सुरक्षा के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में बेटियां अब पहले से अधिक सुरक्षित हैं और वे हर क्षेत्र में सक्रिय रूप से आगे बढ़ रही हैं। खासकर पुलिस सेवाओं में भी उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दो सीटों से शुरू हुई भाजपा आज देश ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : राघवेंद्र



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत बड़हरा विधानसभा के सिन्हा, सरैया और सलेमपुर मंडलों का संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग रविवार को बलुआ हाईस्कूल में हुआ। उद्घाटन बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित संगठन है, जहां कार्यकर्ताओं में पार्टी के प्रति गहरी निष्ठा रहती है। उन्होंने कहा कि दो सीटों से शुरू हुई भाजपा आज देश ही नहीं, विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य साकार होता दिख रहा है। प्रशिक्षण वर्ग सात सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें सोशल मीडिया, वैचारिक अनुष्ठान, कार्य पद्धति, संगठन विस्तार, इतिहास, सरकार की उपलब्धियां और बूथ प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विभिन्न सत्रों में हरेन्द्र पांडेय, प्रहलाद राय, धीरेन्द्र सिंह, संजय कुमार सिंह, संजय तिवारी, अंबिका सिंह, रामाकांत सिंह, शैलेश सिंह गुड्डू और धीरज सिंह ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन सिन्हा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, सरैया मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह और सलेमपुर मंडल अध्यक्ष दीपक तिवारी के नेतृत्व में हुआ। इससे पहले 3 और 4 अप्रैल को बड़हरा, बबुरा और कोईलवर उत्तरी मंडलों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है।

# सदस्यता अभियान और विलय का निर्णय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ की बैठक शहर के एक निजी सभागार में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के विस्तार, एकीकरण और पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में अध्यक्ष कैप्टन विजेंद्र सिंह ने कहा कि बक्सर इकाई को सशक्त बनाने के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसके बाद पूर्व सैनिकों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले में संचालित चार अलग-अलग सैनिक संघों का विलय कर एक एकीकृत संगठन बनाया जाए। पूर्व सूबेदार मेजर रामराज सिंह ने कहा कि अलग-अलग संघों के कारण पूर्व सैनिकों की आवाज बंटी हुई है, जिससे उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान नहीं हो पाता। ऐसे में सभी संगठनों को मिलाकर एक मजबूत मंच तैयार करना आवश्यक है। जिला महासचिव शैलेश कुमार ठाकुर ने पूर्व सैनिकों के लिए बुनियादी सुविधाओं की मांग उठाते हुए कहा कि सभी को एक ही स्थान पर कैंटीन, अस्पताल समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि पूर्व में पुलिस लाइन के समीप जो जमीन उपलब्ध कराई गई थी, वह काफी दूर है, इसलिए अब जिला मुख्यालय बस स्टैंड के आसपास जमीन उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी और ऐसे पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा जो पूर्व सैनिकों के हित में कार्य करें।

# पूर्व मुखिया के बेटे की हत्या में प्राथमिकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। आरा में शनिवार को दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज हत्या ने एक बार फिर आपराधिक गतिविधियों और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गड़हनी थाना क्षेत्र के बनकट नहर मार्ग पर शनिवार को पूर्व मुखिया प्रेमा देवी के दिव्यांग पुत्र रितेश सिंह उर्फ भुअर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतक की पत्नी श्वेता सिंह के बयान पर 11 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है, लेकिन घटना के बाद से अब तक एक भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

**शुरुआती जांच में तीन शूटरों के शामिल होने की आशंका**: प्रारंभिक जांच में बाइक सवार तीन शूटरों की संलिप्तता सामने आई है, जिन्होंने वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर संभावित भागने के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। साथ ही तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर भी जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। बावजूद इसके, अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है।मामले को और गंभीर बनाता है पुराना आपराधिक इतिहास।

**तीन साल पहले रितेश के भाई बबलू को भी मारी थी गोली**: करीब तीन वर्ष पूर्व मृतक के बड़े भाई बबलू सिंह को भी आरा में गोली मारी गई थी। उस कांड में चार आरोपित जेल गए थे, जिनमें से दो की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य फिलहाल बाहर हैं। पुलिस की जांच अब उसी पुराने विवाद की ओर भी मुड़ गई है और शक की सुई उन आरोपितों पर टिक गई है, जो पहले से इस मामले से जुड़े रहे हैं। दर्ज प्राथमिकी में लहरपा गांव निवासी जितेंद्र यादव, मकरध्वज उर्फ रणवीर यादव, अंकित यादव, अमन महतो, नागेंद्र उर्फ छोटू यादव, संजय यादव और अजय यादव समेत नौ लोगों पर सीधे गोली मारने का आरोप लगाया गया है। वहीं, हीरा लाल यादव समेत दो अन्य पर साजिश रचने का आरोप है। मृतक की पत्नी श्वेता सिंह ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि पूर्व में हुए हमले की रंजिश में ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।

## रक्तदान कर समाज को दिया संदेश



**बक्सर**। समाज में सकारात्मक बदलाव की मिसाल पेश करते हुए एक पिता ने अपनी बेटी के जन्मदिन को खास अंदाज में मनाया। रविवार को ब्लड बक्सर के नियमित रक्तदाता सागर वर्मा ने अपनी पुत्री मिस्टी वर्मा के दूसरे जन्मदिन पर रक्तदान महादान जीवनदान शिविर का आयोजन कर मानवता का संदेश दिया। इस दौरान सदर अस्पताल स्थित रक्ताधिकोष में दोपहर 12 बजे से शिविर आयोजित हुआ, जिसमें रक्तदान के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चलाया गया। शिविर में कुल 8 रक्तवीरों में रामजी सिंह, सागर वर्मा, संजय पटवा, विष्णु कुमार, प्रीतम वर्मा सहित अन्य लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाता रामजी सिंह ने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनरेखा बन सकता है, क्योंकि रक्त का कोई विकल्प नहीं है।

# बीएससी नर्सिंग के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। आकाश ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अन्तर्गत बेस्ट नर्सिंग इंस्टीट्यूट के बी.एससी. नर्सिंग 2023-27 बैच के छात्रों ने हाल ही में पोषण प्रैक्टिकल का सफल आयोजन किया। इसमें उन्होंने संतुलित आहार तैयार करने, चिकित्सीय भोजन बनाने और स्वस्थ खान-पान की आदतों को बढ़ावा देने का व्यावहारिक कौशल प्रदर्शित किया। नर्सिंग पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा यह प्रैक्टिकल सत्र छात्रों को कक्षा में पढ़ी गई सिद्धांतों को वास्तविक जीवन में लागू करने का अवसर प्रदान करता है। छात्रों ने विभिन्न पौष्टिक व्यंजन तैयार किए, पोषण मूल्यों की गणना की, विभिन्न आयु वर्गों और चिकित्सीय स्थितियों के लिए मेनू प्लानिंग की तथा रोगी की रिकवरी और समग्र स्वास्थ्य में संतुलित पोषण की भूमिका को समझाया। स्थानीय उपलब्ध सामग्री से स्वस्थ और चिकित्सीय व्यंजन तैयार करना, स्वास्थ्य में मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की भूमिका समझाना, हिस्सा नियंत्रण, खाद्य स्वच्छता और आम बीमारियों के लिए आहार संशोधन सीखना, संतुलित आहार चार्ट और पोषण मूल्यांकन पर समूह प्रस्तुतियां देना। शिक्षक सदस्यों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और जोर दिया कि उचित पोषण समग्र रोगी देखभाल की आधारशिला है। इस प्रैक्टिकल ने न केवल छात्रों के पाककला और वैज्ञानिक कौशल को निखारा, बल्कि रोगियों और समुदाय को निवारक स्वास्थ्य सेवा के बारे में शिक्षित करने में उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। बैच के एक छात्र ने कहा, "इस प्रैक्टिकल ने हमें समझाया कि भोजन ही दवा है।

# छात्र शक्ति के विवि अध्यक्ष बने भुवन पांडेय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। छात्र संगठन छात्र शक्ति की वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष पद पर भुवन पांडेय को मनोनीत किया गया है। संगठन के संरक्षक सौरभ तिवारी ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि भुवन एक ऊर्जावान और जुझारू कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने छात्र हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं और छात्रों के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। नवनियुक्त अध्यक्ष भुवन पांडेय ने कहा कि वे विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए समय पर प्रवेश, परीक्षा एवं परिणाम सुनिश्चित कराने को लेकर लगातार संघर्ष करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छात्र-समस्याओं के समाधान के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता मंगलम पांडेय ने भुवन को बधाई देते हुए कहा कि वे हमेशा सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी के साथ भुवन विश्वविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। मौके पर सौरभ पांडेय, दीपू मिश्रा, रंगनाथ पांडेय, बबलू सिंह, पंकज तिवारी समेत कई लोगों ने भुवन पांडेय को बधाई दी ।

# ग्रामीण चिकित्सक की लापरवाही से नाबालिग की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के जनईडीह गांव में रविवार को गलत सुई देने के कारण एक बालक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वही मृत बालक के परिजन द्वारा गांव के ही ग्रामीण चिकित्सक पर सुई देने के कारण उसके मौत होने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बालक संदेश थाना क्षेत्र के जनईडीह गांव निवासी बिजेंद्र यादव का 10 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार है।

**मृत बच्चे की मां बोली- दो दिनों से बच्चे को बुखार था**: इधर, मृत बालक की मां विजांती देवी ने बताया उसे दो दिनों से उसे बुखार लग रहा था। रविवार को जब बुखार काफी तेज हो गया तो परिजन उसे इलाज के लिए गांव के ही ग्रामीण चिकित्सक के पास ले गए। जहां उसके द्वारा एक सुई दिया गया। सुई देने के कुछ मिनट बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गयी और उसने आंख फाड़ दी। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। तब परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लके आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके पश्चात परिजन उसके शव को वापस गांव ले गए। वहीं दूसरी तरफ मृत बालक की मां विजांती देवी ने ग्रामीण चिकित्सक द्वारा सुई देने के कारण उसके मौत होने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृत बालक अपने दो भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां विजांती देवी व एक बहन निधी कुमारी एवं एक भाई शिवम कुमार है। घटना के बाद मृत बालक के घर में कोहराम मच गया है।

# बिजली की शिकायतों का निवारण अब होगा सिर्फ 72 घंटों में

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। विद्युत उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। उन्हें बिजली बिल सुधार व अन्य विद्युत से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों में भटकना नहीं पड़ेगा। उर्जा विभाग ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विशेष पहल की है। सभी विद्युत कार्यालय एवं कनीय विद्युत अभियंता के कार्यालयों में माह के प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को बिजली बिल सुधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिजली कंपनी के कार्यपालक अभियंता सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी कार्यालयों में शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक होगा। शिविर की अवधि में सभी स्तर पर कार्यालय प्रधान अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगें एवं प्राप्त अभ्यावेदनों के संबंध में सम्यक जानकारी एवं इसके निष्पादन की समय-सीमा से आवेदकों को अवगत करायेंगें। बिजली बिल शिविर में उपभोक्ताओं को मिलेगी ये सुविधाएं: कार्यपालक अभियंता सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि शिविर में बिजली बिल से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायत को दर्ज कराने के साथ निवारण किया जाएगा। विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं जैसे झुका हुआ पोल, ढीले व जुलते तार, लो एवं हाई वोल्टेज, ट्रांसफार्मर की शिकायत उपभोक्ता कर सकते हैं। शिविर में उपभोक्ता व नागरिक नये कनेक्शन व नाम परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकते हैं। कृषि कनेक्शन के लिए शिविर में दे सकते हैं आवेदन: शिविर में कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं, वहां मौजूद अधिकारी उन्हें आवश्यक कागजातों की जानकारी भी देंगे। वहीं पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा बिजली संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त करने के साथ अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के 6 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट, आंधी के साथ ओले गिरने की भी संभावना

**पटना।** बिहार में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मौसम विभाग ने आज यानी सोमवार को राज्य के 6 जिलों में बारिश और आंधी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में अगले 24 घंटे के दौरान तेज हवा, गरज-चमक के साथ बारिश और कहीं-कहीं ओला गिरने की भी संभावना जताई गई है। वहीं, इन 6 जिलों को छोड़कर बिहार के बाकी हिस्सों में मौसम सामान्य बना रहेगा। अधिकांश जिलों में आसमान साफ रहेगा, तेज धूप निकलेगी और तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। दिन के समय गर्मी का असर अधिक महसूस होगा, जिससे लोगों को उमस और तपिश का सामना करना पड़ सकता है। खासकर दोपहर के समय गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं। वहीं रविवार रात खगड़िया और शेखपुरा में बारिश हुई, जबकि नालंदा में काले बादल छाए। अगले 3 दिनों तक पारा 38-40 डिग्री के नीचे रहने के आसार हैं। पश्चिम बंगाल से तेलंगाना तक फैली ट्रफ लाइन के कारण बिहार में नमी आ रही है। अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4 से 5 दिनों तक बिहार में मौसम का यही मिलाजुला रूप देखने को मिलेगा। कुछ जिलों में आंशिक बादल, हल्की बारिश और तेज हवा चल सकती है, जबकि बाकी क्षेत्रों में गर्मी का असर लगातार बढ़ेगा। तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर जा सकता है। हालांकि, बीच-बीच में होने वाली बारिश और आंधी से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन यह राहत ज्यादा समय तक टिकने वाली नहीं होगी।



### जलती चिता से महिला की लाश उठा ले गई पुलिस, परिजन बोले- सुसराल वालों ने पहले पेट्रोल डालकर जलाया

**हाजीपुर।** वैशाली में एक महिला की लाश जलती चिता बुझाकर पुलिस ले गई। मृत महिला के घर वालों का आरोप है कि उनकी बेटी को ससुराल वालों ने पहले जिंदा जलाने की कोशिश की गई। वो बच गई तो अस्पताल में जहर का इंजेक्शन दिलवाकर मार दिया गया। फिर गंडक नदी के किनारे आनन-फानन में उसका अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तभी मायके वाले पुलिस को लेकर पहुंच गए। पुलिस ने जलती चिता को कब्जे में लिया, लेकिन सिर्फ हड्डियां बचीं थीं। मृतका की पहचान खुशबू कुमारी (20) के रूप में हुई है। घटना लालगंज थाना क्षेत्र के पिरापुर गांव की है। मायके वालों ने पति, सास-ससुर, देवर समेत 7 के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने ससुर को श्मशान घाट से ही गिरफ्तार कर लिया है। खुशबू की शादी करीब दो साल पहले हिंदू रीति-रिवाज से पिरापुर के रवि कुमार से हुई थी। खुशबू के भाई रोशन कुमार ने बताया कि शादी के शुरुआती समय में सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने और शव गायब करने की धमकी दी जाती थी। मृतका के भाई और मां ने आरोप लगाया कि 19 मार्च को दहेज के लिए बेटी के साथ मारपीट की, फिर बाइक से पेट्रोल निकालकर खुशबू के ऊपर डाल दिया। इसके बाद आग लगा दी। वारदात के बाद ससुराल पक्ष ने घटना को छिपाने के लिए उसे हाजीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। खूशबू के भाई का आरोप है, 'ससुराल वालों ने इलाज के दौरान जहर का इंजेक्शन दिलवाकर मेरी बेटी की हत्या कर दी। इसके बाद बिना मायके वालों को सूचना दिए गंडक नदी के किनारे शव का अंतिम संस्कार शुरू कर दिया गया। हमलोगों को खबर मिली तो हमने इसकी सूचना पुलिस को दी। जैसे ही हमलोग पहुंचे ही ससुरालवाले अधजला शव छोड़कर फरार हो गए।'



### चोरी के शक में 2 युवकों को करंट देकर पीटा, वैशाली के मुर्गी फार्म-भट्टे पर पिटाई

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के चकसिकंदर कल्याणपुर में चोरी के आरोप में दो युवकों को घर से उठाकर बेरहमी से पीटा गया। पीड़ितों को बंधक बनाकर मुर्गी फार्म और चिमनी भट्ठे पर ले जाकर मारपीट की गई, साथ ही उन्हें करंट भी लगाया गया। पुलिस ने एक बार उन्हें बचाया था, लेकिन बाद में आरोपियों ने फिर पकड़कर यातना दी। घायल विपिन कुमार की मां मुन्नी देवी ने बताया कि उनका बेटा गेहूं का बोझा लेकर घर आया ही था कि लाल बहादुर के बेटे सोनू ने उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर ले जाना शुरू कर दिया। जब मुन्नी देवी ने विरोध किया तो उन्हें भी साथ चलने को कहा गया। वहां करीब दो हजार लोग मौजूद थे, जिन्होंने विपिन पर चोरी का आरोप लगाया। मुन्नी देवी ने अपने बेटे को निर्दोष बताया, लेकिन सोनू की मां ने उनके साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। इसके बाद विपिन के साथ मारपीट शुरू हो गई। उसे पहले मुर्गी फार्म ले जाया गया और फिर चिमनी भट्ठे पर ले जाकर पीटा गया। विपिन कुमार ने बताया कि चंदन कुमार और सोनू कुमार ने उसे जबरन घर से उठाया और बिना किसी कसूर के बेरहमी से पीटा। दूसरे घायल इंद्रजीत कुमार ने बताया कि सुबह जब वह उठे तो राजेश कुमार और सोनू कुमार उन्हें किसी काम के बहाने घर से ले गए। इंद्रजीत को इस बात का अंदाजा नहीं था कि वे उसे ले जाकर मारपीट करेंगे। कुछ आरोपी उनके रिश्तेदार थे और कुछ पड़ोसी व परिवार के सदस्य। उसे ले जाते ही मारपीट शुरू कर दी गई। जब स्थानीय लोग जमा होने लगे, तो राजेश कुमार और सोनू कुमार ने उसे बोलेरो में बंद कर पानी टंकी के पास ले गए। वहां लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की गई। पानी टंकी के पास खेत में गेहूं काट रहे लोगों ने घटना का वीडियो बनाना शुरू कर दिया, जिसके बाद आरोपी उसे मुर्गी फार्म के पास ले गए। खेत में काम कर रहे लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इंद्रजीत को बचाया। पुलिस ने इंद्रजीत का बयान लेने के बाद उसे घर जाने दिया। हालांकि, इसके बाद आरोपियों ने उसे फिर से पकड़ लिया और करंट लगाकर बेरहमी से पीटा।



### पटना यूनिवर्सिटी में एंट्रेंस एक्जाम के आधार पर मिलेगा एडमिशन, पीयू एकेडमिक काउंसिल की बैठक

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी में इस बार नए सत्र के स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में एडमिशन एंट्रेंस एक्जाम के आधार पर होगा। आज यूनिवर्सिटी में एकेडमिक काउंसिल की बैठक है, जिसमें अंतिम मुहर लगेगी। बिहार बोर्ड ने 12वीं परीक्षा रिजल्ट जारी कर दिया है। सीबीएसई बोर्ड भी जल्द ही 12वीं का परिणाम घोषित करेगा। इसके देखते हुए यूनिवर्सिटी प्रशासन 15 अप्रैल के बाद यूजी लेवल के सामान्य और वोकेशनल सहित सभी पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर सकता है। पीयू ने एंट्रेंस एक्जाम शुरू करने के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने राजभवन से अनुमति मांगी थी, जिस पर सहमति मिल गई है। इस बार नामांकन समर्थ पोर्टल के माध्यम से होगा। विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर ही ऑनलाइन आवेदन करेंगे और ऑनलाइन ही शुल्क जमा करेंगे। समर्थ पोर्टल पर ही कॉलेज का विकल्प भरेंगे। पटना यूनिवर्सिटी में अब तक यूजी में नामांकन अंक के आधार पर हुआ करता था। 2019 से पहले यूजी में नामांकन प्रवेश परीक्षा ली जाती थी। कोरोना काल के बाद में प्रवेश परीक्षा बंद कर दी गई थी। वहीं, पीजी के सामान्य कोर्स में अंक और वोकेशनल कोर्स में प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया जून के अंतिम सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा। जुलाई के प्रथम सप्ताह में नए सत्र की पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी। विश्वविद्यालय के डीएसडबल्यू प्रो. कामेश्वर पंडित ने बताया कि, 'सोमवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक में नामांकन प्रक्रिया पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। नामांकन कैलेंडर तैयार कर लिया गया है।'

# गोपालपुर में दो बीघा जमीन को लेकर गोलीबारी, एक के जांघ में फंसी गोली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



❐ **दूसरे के पेट को छूकर निकली, इलाज जारी**

**पटना।** पटना के गोपालपुर में बादशाही पइन के पास जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें पहले एक निजी नर्सिंग होम में में एडमिट कराया गया। अशके बाद गोनों को NMCH रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने करीब 15 राउंड गोली चलाई है। दोनों घायलों में से एक के पेट और दूसरे के जंघा में गोली लगी है। गोलीबारी के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मौके पर सबूत जुटाने के लिए FSL टीम को भी बुलाया है, जो घटनास्थल पर छानबीन कर रही है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, दोनों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, लेकिन डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

**2 दिन पहले भी पहले भी हुई थी मारपीटः** स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच दो दिन पहले भी विवाद हुआ था, जिसमें हल्की मारपीट की घटना सामने आई थी। हालांकि, उस समय मामला शांत हो गया था। इसी तनाव के बीच सोमवार को बादशाही पइन के पास दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। यहां शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले दोनों ओर से लाठी-डंडे चले, जिसके बाद अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत दोनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे।

घायल ओमप्रकाश ने बताया कि, हम सोमवार को अपना खेत देखने गए थे। खेत से वापस लौटते समय 100 गज की दूरी पर एक स्कॉर्पियो गाड़ी रुकी। तीन लोग निकले और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। इसी दो बीघा जमीन को लेकर ओमप्रकाश और जितेंद्र कुमार के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही थी। ओम प्रकाश यादव के अनुसार, यह मेरी पुश्तैनी जमीन है। हम 9 साल के थे, तब से वह दो बीघा जमीन दादा जी खरीद कर रखे हैं। लेकिन वह लोग जबरन इस जमीन पर कब्जा करना चाह रहे थे।'

**एक के जंघा में लगी गोली, दूसरे के पेट छूकर निकलीः** घटना की पुष्टि करते हुए सदर डीएसपी 2 रंजन कुमार ने बताया कि, 'पूरा मामला गोपालपुर थाना क्षेत्र में दो बीघा जमीन विवाद से जुड़ा है, जिसको लेकर 2 दिन पहले दोनों पक्षों में लड़ाई हुई थी। उसमें प्राथमिक भी दर्ज की गई थी। इसी जमीन को लेकर आज सुबह एक पक्ष पर फायरिंग की गई।'

सदर डीएसपी 2 रंजन कुमार ने बताया कि, 'दूसरा पक्ष उदयसिंह नामक बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए हम तुरंत कार्रवाई कर रहे हैं। हमने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया है। एफएसएल की टीम अपनी कार्रवाई कर रही है। मौके से पुलिस ने कुछ अहम सुराग भी बरामद किए हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरा का हम लोग अनुसंधान कर रहे हैं।' फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज करने की तैयारी में है। मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जा रही है।

## लहसुना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 5000 लीटर जावा महुआ नष्ट, धंधेबाज फरार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 5000 लीटर जावा महुआ को बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस दौरान पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब तस्कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर लहसुना थाना क्षेत्र के बांसडीह मुसहरी और नियामतपुर मुसहरी में अवैध शराब निर्माण के ठिकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में जावा महुआ बरामद किया।

थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि क्षेत्र में शराब निर्माण और तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही धंधेबाज मौके से फरार हो जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरामद किए गए जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने साफ किया है कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## पटना- सरकारी अस्पताल की प्रतिबंधित दवा, इंजेक्शन जब्त

❐ **15 लाख रुपए की है दवाएं, एक गिरफ्तार, ड्रग विभाग ने गोदाम में की कार्रवाई**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र के भगतनगर स्थित एक गोदाम से ड्रग विभाग ने भारी मात्रा में सरकारी अस्पताल की दवाएं बरामद की हैं। इस छापेमारी में 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य की दवाएं जब्त की गईं और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से नशे के कई इंजेक्शन भी बरामद किए हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है।

**जब्त की गई दवाओं की संख्या बढ़ सकती हैः** पटना ड्रग विभाग के सहायक ड्रग कंट्रोलर चुनेन्द्र महतो ने बताया कि यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि जब्त की गई दवाओं की संख्या में और वृद्धि हो सकती है। विभाग अब इस बात की गहन जांच कर रहा है कि ये सरकारी दवाएं किस अस्पताल से बेची गई थीं और इस रैकेट में कौन-कौन शामिल हैं।

# अमरूद उत्पादन से बढ़ेगी किसानों की आय, कृषि विविधीकरण को मिलेगा बलः कृषि मंत्री

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि राज्य की विविध जलवायु परिस्थितियाँ अमरूद उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। उन्होंने इसे केवल एक फल फसल नहीं, बल्कि पोषण सुरक्षा, किसानों की आय वृद्धि और कृषि विविधीकरण का सशक्त माध्यम बताया। कृषि मंत्री ने कहा कि अमरूद एक कम लागत वाली बागवानी फसल है, जो हल्की बलुई से लेकर भारी दोमट मिट्टी तक में आसानी से उगाई जा सकती है। यह फसल सूखा सहन करने में सक्षम है और सीमांत भूमि पर भी अच्छी पैदावार देकर किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। उन्होंने इसे बिहार के किसानों के लिए व्यवहारिक और टिकाऊ विकल्प बताया।

उन्होंने बताया कि अमरूद राज्य की प्रमुख फल फसलों में शामिल है और इसकी मांग पूरे वर्ष बनी रहती है, जिससे किसानों को नियमित और स्थिर आय प्राप्त होती है। साथ ही अमरूद से जैम, जेली, जूस, स्क्वैश जैसे उत्पाद तैयार कर मूल्य संवर्धन किया जा सकता है, जिससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

मंत्री ने जानकारी दी कि मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर (MIDH) के तहत अमरूद बागवानी की स्थापना के लिए प्रति हेक्टेयर लगभग 1.0 लाख से 1.2 लाख रुपये की लागत निर्धारित है। इस पर सरकार द्वारा सामान्यतः 40 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाता है, जिससे किसानों को शुरुआती निवेश में सहायता मिलती है।

उन्होंने अमरूद के पोषण महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें विटामिन-सी, फाइबर, कैल्शियम और फास्फोरस प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, पाचन तंत्र को मजबूत करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक हैं।

अंत में राम कृपाल यादव ने कहा कि अमरूद जैसी बागवानी फसलों को बढ़ावा देकर बिहार में कृषि विविधीकरण को गति दी जा रही है। इससे किसानों की आय में स्थिरता आएगी, जोखिम कम होगा और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से भी सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसी फसलें "आत्मनिर्भर किसान एवं समृद्ध बिहार" के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# पटना में "नीट और जेईई कैसे करें क्रैक" पर भव्य सेमिनार, छात्रों को मिला सफलता का मंत्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना में स्थित अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज के सभागार में गोल इंस्टीट्यूट द्वारा "नीट और जेईई कैसे करें सफल" विषय पर एक भव्य और मार्गदर्शनपरक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से सफलता के महत्वपूर्ण गुर सीखे। कार्यक्रम का संचालन कंकड़बाग शाखा के प्रमुख संजीव कुमार ने प्रभावशाली अंदाज में किया, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा। सेमिनार में संस्थान के अनुभवी शिक्षकों और अधिकारियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

शैक्षणिक प्रमुख गौरव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नीट और जेईई में सफलता के लिए विषयों की गहरी समझ और नियमित अभ्यास सबसे जरूरी है। उन्होंने "स्मार्ट अध्ययन" पर जोर देते हुए बताया कि लगातार पुनरावृत्ति और अभ्यास परीक्षा से ही सही आकलन संभव है। अनुसंधान एवं विकास प्रमुख आनंद वत्स ने बदलते परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयारी करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल किताबों तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि विश्लेषणात्मक सोच, कठिन सवालों को हल करने की क्षमता और समय प्रबंधन ही सफलता की असली कुंजी है।

सहायक निदेशक रंजय सिंह ने छात्रों और अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर छात्र में सफलता की क्षमता होती है, जरूरत है सही दिशा, अनुशासन और मार्गदर्शन की। संस्थान का उद्देश्य छात्रों को केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि व्यक्तिगत मार्गदर्शन देकर उन्हें



लक्ष्य तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह का प्रेरणादायक संबोधन रहा। उन्होंने बताया कि संस्थान पिछले 28 वर्षों से छात्रों के सपनों को साकार करने में जुटा है। उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में सफलता पाने के लिए सही रणनीति और मार्गदर्शन बेहद जरूरी है।

इस मौके पर पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के मेधावी छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए और प्रतियोगियों को लगातार मेहनत और सही निर्णय लेने की सलाह दी। सेमिनार में नीट के अंतिम महीने की रणनीति पर विशेष चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने छात्रों को सुझाव दिया कि इस समय केवल पुनरावृत्ति पर ध्यान दें, नए टॉपिक्स से दूरी बनाएं, रोजाना पूर्ण पाठ्यक्रम की अभ्यास परीक्षा देकर उसका विश्लेषण करें और कमजोर विषयों को मजबूत करें। खासकर जीवविज्ञान के लिए एनसीईआरटी पर फोकस बनाए रखने की सलाह दी गई। साथ ही समय प्रबंधन और मानसिक संतुलन को सफलता के लिए बेहद अहम बताया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अपने भविष्य के लिए बेहद उपयोगी बताया। यह सेमिनार छात्रों को नई दिशा, ऊर्जा और आत्मविश्वास देने में सफल रहा।

## भाजपा स्थापना दिवस पर 'हर घर भाजपा' का संकल्प, कार्यकर्ताओं ने फहराया पार्टी ध्वज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का स्थापना दिवस नगर क्षेत्र में उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस मौके पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों की छतों पर भाजपा का ध्वज फहराकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा जताई। कार्यक्रम के तहत "हर घर भाजपा" के संकल्प के साथ पूरे नगर में पार्टी का झंडा लगाया गया। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की मजबूती और विस्तार का प्रतीक बताया।

जिला महामंत्री विजय यादव ने कहा कि भाजपा सेवा, समर्पण और संगठन के मूल सिद्धांतों पर आधारित पार्टी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की असली ताकत बताते हुए समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। जिला मंत्री अजय शर्मा और राकेश कुमार ने इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी समेत उन सभी महापुरुषों को नमन किया, जिन्होंने देशभक्ति की भावना से पार्टी की नींव रखी और एक मजबूत संगठन खड़ा किया। नेताओं ने कहा कि भाजपा का मूल सिद्धांत 'पंच निष्ठा' है, जिसमें राष्ट्रवाद को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है, जहां कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मूल्यों और सेवा भावना का प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और सभी ने पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# पटना में लगेगी 25 हजार नई स्मार्ट स्ट्रीट लाइट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना की सड़कें अब अत्याधुनिक तकनीक के स्ट्रीट लाइट से लैस होगी। पटना नगर निगम क्षेत्र में लगभग 25 हजार नई इंटरनेट आफ थिंग्स (IoT) तकनीक से लैस स्मार्ट स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएगी। ये स्मार्ट लाइटें सेंसर के जरिए खुद शाम होते ही जलेंगी और सुबह बंद हो जाएंगी। इससे बिजली की खपत में कमी आएगी और एनर्जी एफिशिएंसी में भी सुधार होगा। इस पूरे नेटवर्क की निगरानी एक सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम से की जाएगी, जिससे किसी भी खराबी का तुरंत पता लगाकर समय पर मरम्मत सुनिश्चित की जा सके।

इन सभी स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस, आटोमेशन और सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना के लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। नगर निगम के



सशक्त स्थायी समिति की बैठक में इसपर फैसला लिया गया था। इसी के मद्देनजर एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) द्वारा 30 अप्रैल तक ही नगर निगम क्षेत्र में लगी सभी स्ट्रीट लाइटों का मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। अभी फिलहाल निगम क्षेत्र में करीब 82 हजार स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जिनकी क्षमता 35 वाट से 140 वाट तक है। नई व्यवस्था के तहत शहर में पहले स्थापित 82 हजार स्ट्रीट लाइटों को IOT तकनीक से अपग्रेड किया जाएगा।

# समाज के समग्र विकास के लिए अब और मजबूती से काम करेगा ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- ♦ **पटना में दो बड़े आयोजनों की शानदार सफलता से अंतरराष्ट्रीय संस्था का उत्साह बढ़ा**
- ♦ **ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने सभी विशिष्ट अतिथियों और सहयोगियों के प्रति जताया आभार**

**औरंगाबाद ।** महादेवी वर्मा सम्मान समारोह तथा राष्ट्रीय कार्यसमिति की पटना में पहली बार हुई बैठक की शानदार सफलता से उत्साहित ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस कायस्थों के सामाजिक , आर्थिक , राजनीतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में भागीदारी को बढ़ाने के लिए अब और सशक्त होकर काम करेगा ।

ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रवक्ता कमल किशोर ने आज यहां कहा कि महादेवी वर्मा सम्मान समारोह ने सामाजिक , बौद्धिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक एकजुटता का विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है । उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों समेत अन्य कई देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी से इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप हासिल हुआ । इससे यह साबित हुआ कि पूरी दुनिया में छायावाद की सबसे मजबूत स्तंभ एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित महादेवी वर्मा की स्मृति में आयोजित होने वाला यह अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है । जीकेसी के प्रमुख पदाधिकारियों ने पांच अप्रैल को बापू टावर सभागार में आयोजित महादेवी वर्मा सम्मान समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार सरकार के मंत्रियों श्रवण कुमार, राम कृपाल यादव, संजय सिंह टाइगर समेत कई आयोगों के अध्यक्षों , विधान पार्षदों और विशिष्ट अतिथियों की गौरवपूर्ण उपस्थिति के लिए विशेष आभार जताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम ने सामाजिक समरसता का भी एक विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है । कायस्थ जाति अपने साथ- साथ समाज की सभी जातियों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर चलती है और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है ।

श्री प्रसाद, श्रीमती रंजन एवं श्री किशोर ने कहा कि पूर्व वरिष्ठ आइएएस अधिकारी एवं बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश , नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गिरीश चंद्र लाल , मेजर जनरल अनुज माथुर तथा सेवानिवृत आइएएस श्यामजी सहाय को महादेवी वर्मा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित कर ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस ने स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया है । कार्यक्रम में ऐसी विशिष्ट हस्तियों की मौजूदगी से आयोजन की खूबसूरती बढ़ी । इसके साथ ही महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान जिन 22 विभूतियों को प्रदान किया गया , वे अपने - अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर हैं ।

कॉन्फ्रेंस ने आयोजन को सफल बनाने में राष्ट्रीय तथा पटना की पूरी टीम के पदाधिकारियों नवीन कुमार , दीपक कुमार अभिषेक , लाला सौरभ वर्मा , धनंजय प्रसाद, निलेश रंजन , नम्रता आनंद , अनिल कुमार दास, आशुतोष ब्रजेश , मुकेश महान समेत सभी सदस्यों को विशिष्ट सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है । औरंगाबाद से भी इस आयोजन में अजय वर्मा एवं राजू रंजन सिन्हा के नेतृत्व में कायस्थों की अच्छी भागीदारी रही ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### धुर्वा डैम से युवक का शव बरामद



**रांची।** पुलिस ने राजधानी रांची के धुर्वा डैम से एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों ने सोमवार सुबह धुर्वा डैम में युवक का शव देखे जाने की जानकारी दी। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और युवक के शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान पलामू निवासी सैयम अंसारी के रूप में हुई। वर्तमान में वह रांची के लेक रोड स्थित किराए के घर में रह रहा था। मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस को टाटा पावर ने प्रमुख कार्यालयों में मनाया



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा पावर ने विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर देशभर में अपने प्रमुख कार्यालयों को नीली रोशनी से रोशन किया। सोमवार को टाटा स्टील की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि राष्ट्रीय स्तर के अभियान के तहत टाटा पावर ने दिल्ली में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन, मुंबई के कार्नैक, महालक्ष्मी और बोरीवली स्थित कार्यालयों के साथ-साथ ओडिशा में टीपीसीओडीएल, टीपीएनओडीएल, टीपीएसओडीएल और टीपीडब्ल्यूओडीएल जैसे प्रमुख परिचालन केंद्रों को नीली रोशनी से जगमगा दिया। इन सभी स्थानों पर एक साथ की गई यह पहल समावेशन का एक सशक्त और एकजुट संदेश देने में सफल रही। ऑटिज्म जागरूकता के वैश्विक प्रतीक के रूप में नीली रोशनी का उपयोग केवल एक प्रतीकात्मक कदम नहीं था, बल्कि यह समाज में ऑटिज्म के प्रति समझ, स्वीकार्यता और समान अवसरों को लेकर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने का माध्यम भी बना। विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ इस तरह की गतिविधि ने इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने और जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला घायल



**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के इचा बड़का टोली गांव की संतोषी आइंद ( 49) अचानक हुए आकाशीय बिजली से घायल हो गई। परिजनों की ओर से 108 एंबुलेंस को सूचना दिए जान देने के बाद उसे रेफरल अस्पताल तोरपा में भर्ती कराया गया। डॉ संजय कुमार ने बताया कि फिलहाल महिला की स्थिति सामान्य है। उसका इलाज चल रहा है। महिला के परिजनों ने बताया कि सोमवार को दोपहर लगभग 3:00 बजे महिला हाथ धोने के लिए अपने घर के बाहर निकली थी। उसी समय बारिश के साथ ठनका गिरा, जिसकी चपेट में आकर संतोषी आईंद घायल हो गई।

### ट्रांसजेंडर बिल के विरोध में किन्नर समुदाय का प्रदर्शन



**पूर्वी सिंहभूम।** प्रस्तावित ट्रांसजेंडर बिल 2026 के विरोध में सोमवार को जमशेदपुर जिला मुख्यालय पर किन्नर समुदाय ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे समुदाय के लोगों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपने अधिकारों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बिल को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में चक्रधरपुर की रितु और सोनिया , प्रियंका का कहना था कि प्रस्तावित बिल ट्रांसजेंडर समुदाय के हितों के अनुरूप नहीं है, बल्कि इससे उनके संवैधानिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल में ऐसे प्रावधान शामिल हैं जो उनकी पहचान, स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान को सीमित कर सकते हैं। समुदाय के सदस्यों ने कहा कि बिना उनकी भागीदारी और सहमति के कोई भी कानून बनाया जाना उनके अधिकारों का उल्लंघन है। इस दौरान समुदाय के प्रतिनिधियों ने वर्ष 2014 में आए उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक 'नालसा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया' फैसले का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इस फैसले में ट्रांसजेंडर समुदाय को 'तृतीय लिंग' के रूप में मान्यता दी गई थी और उन्हें समान अधिकार देने की बात कही गई थी, लेकिन वर्तमान प्रस्तावित बिल उस निर्णय की भावना के विपरीत प्रतीत होता है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने मांग की कि सरकार किसी भी प्रकार का निर्णय लेने से पहले ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक स्तर पर संवाद स्थापित करे। उनका कहना था कि यदि उनकी बातों को नजरअंदाज कर कानून लागू किया गया तो यह उनके सामाजिक और कानूनी अधिकारों के लिए नुकसानदायक होगा। किन्नर समुदाय ने अपने पारंपरिक अंदाज में विरोध जताते हुए ढोल-ताशों और ताली बजाकर प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचाई। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### आंधी-तूफान में उड़ी किसान के घर की छत, प्रशासन से मदद की गुहार




**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के बासकी गांव में सोमवार को आए तेज आंधी-तूफान ने एक गरीब परिवार को बेघर कर दिया। गांव निवासी विनोद सिंह के घर की छत तेज हवा के कारण पूरी तरह उड़ गई, जिससे उनका परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हो गया है। बताया गया कि विनोद खेतीबारी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सोमवार को अचानक तेज आंधी और बारिश के साथ आई तेज हवाओं ने उनके कच्चे मकान की छत को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। देखते ही देखते छत उड़कर दूर जा गिरी और घर के अंदर रखा सामान भी भीगकर खराब हो गया। घटना के बाद परिवार के सामने रहने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। फिलहाल रोहित सिंह अपने परिवार के साथ पड़ोसियों की मदद से किसी तरह रात गुजारने को विवश हैं। पीड़ित रोहित सिंह ने तोरपा के अंचलाधिकारी से सहायता की गुहार लगाई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आपदा राहत के तहत उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए ताकि वे अपने घर की छत की मरम्मत करवा सकें और परिवार को सुरक्षित आश्रय मिल सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द से जल्द पीड़ित परिवार की मदद करने की अपील की है।

# मानदेय बढ़ाने की मांग पर एमजीएम के जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




डिमना स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में सोमवार से जूनियर डॉक्टरों ने मानदेय (स्टाइपेंड) बढ़ाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। पिछले एक महीने से काला बिल्ला लगाकर विरोध जता रहे डॉक्टरों ने अब आंदोलन को तेज करते हुए कार्य बहिष्कार का रास्ता अपनाया है। हड़ताल के कारण ओपीडी सहित अधिकांश नियमित स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं, हालांकि आपातकालीन सेवाओं को आंशिक रूप से चालू रखा गया है। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि वे पिछले पांच वर्षों से लगातार स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। उनका आरोप है कि कई बार अधिकारियों की ओर से वेतन वृद्धि का भरोसा दिया गया, लेकिन उसे लागू नहीं किया गया। डॉक्टरों का यह भी कहना है कि उनकी तुलना में अन्य राज्यों, खासकर बिहार के मेडिकल कॉलेजों में जूनियर डॉक्टरों को अधिक मानदेय दिया जा रहा है, जबकि यहां कार्यभार और जिम्मेदारियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उनका कहना है कि वे 24 घंटे मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं, इसके बावजूद सरकार उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। जूनियर डॉक्टरों ने दावा किया है कि अस्पताल के कई सीनियर डॉक्टर और मेडिकल कॉलेज के अन्य स्टाफ भी उनके समर्थन में हैं। इस हड़ताल का सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है। कोल्हान क्षेत्र के एकमात्र बड़े सरकारी मेडिकल संस्थान होने के कारण यहां हर दिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। लेकिन ओपीडी बंद रहने और नियमित सेवाएं बाधित होने से दूर-दराज से आने वाले मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ रहा है या मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक परेशानी बढ़ गई है। हालांकि डॉक्टरों ने यह स्पष्ट किया है कि गंभीर मरीजों को देखते हुए इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह बंद नहीं की गई हैं, लेकिन वहां भी सीमित संसाधनों और कम स्टाफ के कारण दबाव की स्थिति बनी हुई है। फिलहाल जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है। अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है और स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, एक दिन में तीन कोर्ट को आया ईमेल




**एजेंसी। रांची**

रांची सिविल कोर्ट को एक बार फिर सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी के मिलने के बाद न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और अदालत के कर्मियों में हड़कंप मच गया। सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। पुलिस की टीम अदालत पहुंची है और पूरे परिसर की सघन तलाशी ले रही है। सुरक्षा के मद्देनजर अदालत परिसर को खाली कराया जा रहा है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह धमकी भरा ईमेल कहां से और किसने भेजा है। एहतियातन कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और हर आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पूरे कोर्ट परिसर की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य के अलग-अलग जिलों के तीन कोर्ट को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें साहिबगंज, धनबाद और रांची का सिविल कोर्ट शामिल है। पुलिस जिस ईमेल के जरिये धमकी दी गई है, उसकी जांच कर रही है।

## झारखंड के लातेहार में 27 मिमी बारिश दर्ज, 07 को 13 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश दर्ज की गई। इस दौरान राज्य के लातेहार जिला के गारु में सबसे अधिक 27 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई।वहीं राज्य के अन्य इलाकों में भी बारिश रिकार्ड की गई इनमें पालगंज में 18 मिमी, डुमरी में 17.2 मिलीमीटर, रामगढ़ में 16.2, रामगढ़ के हेंदेगीर में 15.4, बड़कागांव में 10.9, चंदवा में 10.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार ०७ और 08 अप्रैल को राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश वज्रपात और ओलावृष्टि होने की संभावना है। साथ ही 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। 07 अप्रैल को राज्य के 13 जिलों के लिए जबकि 08 अप्रैल को झारखंड के 17 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 37.2 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। इधर, सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ था, लेकिन दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहे। बादल छाने और हल्की बारिश के कारण लोगों को भारी गर्मी से राहत मिली। वहीं, सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री और न्यूनतम 18.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 31.8 डिग्री और न्यूनतम 22.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 32.2 और न्यूनतम 20.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.1 डिग्री और न्यूनतम 19.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस एवं खूंटी में अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.9 रिकार्ड किया गया।

## आजाद नगर थाना प्रभारी पर मारपीट का आरोप, एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर धरना

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




आजादनगर थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप, एसएसपी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को धरना पूर्वी सिंहभूम जिले के आजादनगर थाना क्षेत्र में पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय निवासी मजहर खान ने वरीय पुलिस अधीक्षक ( एसएसपी) से प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने थाना प्रभारी चंदन कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मियों पर अवैध हिरासत, क्रूर मारपीट, नगद व मोबाइल छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अपनी मांग को लेकर मजहर खान ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय पर धरना दिया। आवेदन के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को मजहर खान को सूचना मिली कि उनके मित्र शाहिद को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के थाना में बैठाकर रखा गया है और उसके साथ मारपीट की जा रही है। इसी जानकारी के बाद वह रात करीब साढ़े सात बजे थाना पहुंचे और पुलिस से वैधानिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। आरोप है कि इसी दौरान थाना प्रभारी भड़क गए और उन्हें केबिन में बुलाकर मारपीट की गई। मजहर खान ने बताया कि उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मोबाइल फोन और करीब दो हजार रुपये छीन लिए गए तथा कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा गया। किसी तरह शोर मचाने पर उनकी जान बची। बाद में साथियों ने उन्हें एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज हुआ। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की भी मांग की है। आवेदक ने इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी, निलंबन और निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने अपने और परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है।

## खूंटी में मनाया गया भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस



**एजेंसी। खूंटी**

भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस सोमवार को खूंटी स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आनंद कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। इसके बाद जिला अध्यक्ष आनंद कुमार की ओर से भाजपा का पार्टी ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जिसका श्रेय समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और सेवा भाव को जाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में जिला महामंत्री निखिल कंडुलना, संजय साहू, महावीर राम, राजेश महतो,नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टुटी, नोरी पूर्ति, गौरा देवी, रूपेश कुमार, गुलाब महतो, आशीष कुमार, राम, श्याम सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जज्बा, मेहनत और हुनर से ही मिलती है सफलता : सरयू

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




शहर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 26वीं जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप जीतकर लौटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं, बल्कि जज्बा, कड़ी मेहनत और हुनर का संतुलन ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर आज बास्केटबॉल के क्षेत्र में राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। सरयू राय ने अनुशासन को खेल जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि बिना अनुशासन के कोई भी खिलाड़ी लंबे समय तक सफलता हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने कोच और गुरु के मार्गदर्शन का पूरी निष्ठा से पालन करने की सलाह दी और कहा कि सही दिशा में किया गया अभ्यास ही भविष्य में बड़ी उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त करता है। उल्लेखनीय है कि 26वीं जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन साहिबगंज में 29 मार्च से एक अप्रैल 2026 तक किया गया था, जिसमें झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से भेजी गई लड़कों और लड़कियों की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान सरयू राय ने खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया और उन्हें आगे भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर एसोसिएशन के महासचिव और अंतरराष्ट्रीय कोच जेपी सिंह ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और सुविधाओं को लेकर कुछ आवश्यकताओं को रखा, जिस पर राय ने सकारात्मक पहल करते हुए बारीडीह स्थित अपने कार्यालय के दो कमरों को अस्थायी रूप से खिलाड़ियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराने की सहमति दी। समारोह में मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी आसिफ खान सहित कई खेल प्रेमी और गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जमशेदपुर के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे।

## झारखंड के सारंडा के जंगल में आईईडी ब्लास्ट, कोबरा 205 बटालियन का जवान घायल

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित सारंडा के जंगल में सोमवार सुबह एक बार फिर नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाया। सर्च ऑपरेशन के दौरान लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से कोबरा 205 बटालियन के जवान अनुज कुमार घायल हो गए। हालांकि राहत की बात यह है कि जवान की स्थिति गंभीर नहीं है और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। बालिबा गांव के समीप सारंडा जंगल के चडरा डेरा क्षेत्र में सुरक्षा बल नियमित तलाशी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आकर जवान अनुज कुमार घायल हो गए। साथियों ने तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची ले जाने की तैयारी की गई है, जहां अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। घटना की पुष्टि करते हुए पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि नक्सलियों द्वारा इस तरह के कायराना हमले पहले भी किए जाते रहे हैं, जिनमें कई निर्दोष ग्रामीणों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की ओर से नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आने वाले समय में इसे और तेज किया जाएगा। एसपी ने बताया कि घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया है। आसपास के जंगलों में कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बहाल करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियां इस संबंध में जांच कर रही हैं और विस्तृत जानकारी जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगी। उल्लेखनीय है कि सारंडा क्षेत्र लंबे समय से नक्सली गतिविधियों के लिए संवेदनशील माना जाता रहा है। घने जंगल और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां सुरक्षा बलों को अभियान चलाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद सुरक्षा बल लगातार अभियान चलाकर नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं और इलाके में शांति स्थापित करने की दिशा में प्रयास जारी है।

## आद्रा मंडल में विकास कार्य के कारण कई ट्रेन रद्द

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में चल रहे विकास कार्यों के कारण आगामी दिनों में कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है, जिसका असर टाटानगर से आने-जाने वाले यात्रियों पर भी पड़ेगा। रेलवे प्रशासन ने सोमवार को यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है। जानकारी के अनुसार, 07 अप्रैल, 10 अप्रैल और 12 अप्रैल 2026 को 68090/68089 आद्रा-मिदनापुर-आद्रा मेमू ट्रेन रद्द रहेगी। वहीं 68079/68080 भोजूडीह-चंद्रपुर-भोजूडीह मेमू भी इन्हीं तिथियों पर नहीं चलेगी। इसके अलावा 12 अप्रैल को 68077/68078 आद्रा-भागा-आद्रा मेमू ट्रेन रद्द रहेगी। 68061/68062 आद्रा-आसनसोल-आद्रा मेमू ट्रेन 06 अप्रैल, 09 अप्रैल और 12 अप्रैल को रद्द रहने की घोषणा की गई है। इधर, टाटानगर से चलने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस का मार्ग भी अस्थायी रूप से बदला गया है। यह ट्रेन 07 अप्रैल, 08 अप्रैल और 11 अप्रैल 2026 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय चांडिल, गुंडा बिहार और मुरी होकर चलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह परिवर्तन ट्रैक और अन्य बुनियादी ढांचे के उन्नयन कार्यों के कारण किया गया है, जिससे भविष्य में ट्रेनों का संचालन और अधिक सुगम एवं सुरक्षित हो सकेगा। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी-विजन सिटी को जोड़ेगा 4-लेन अंडरपास

**गुरुग्राम , एजेंसी।** हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम



(एचएसआईआईडीसी) ने गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्लोबल सिटी और विजन सिटी को आपस में जोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। एचएसआईआईडीसी ने इसके लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है। एचएसआईआईडी की तरफ से सेक्टर-36 और सेक्टर-37 में करीब एक हजार एकड़ में ग्लोबल सिटी विकसित करने की योजना बनाई है। इसके दूसरी तरफ सेक्टर-88 में करीब 121 एकड़ में विजन सिटी विकसित करने की योजना है। ग्लोबल सिटी में औद्योगिक, रिहायशी और व्यावसायिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, जबकि विजन सिटी में व्यावसायिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इन दोनों को आपस में जोड़ने के लिए द्वारका एक्सप्रेसवे के नीचे पटौदी रोड चौराहे के पास चार लेन का भूमिगत अंडरपास (ट्रम्पेट इंटरचेंज) बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर करीब 923 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस अंडरपास का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की तरफ से द्वारका एक्सप्रेसवे के यातायात को बाधित किए बिना किया जाएगा। इसके निर्माण में आई लागत को एचएसआईआईडीसी की तरफ से वहन किया जाएगा। पिछले साल पांच सितंबर को राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में इस सिलसिले में एनएचएआई, एचएसआईआईडीसी और जीएमडीए अधिकारियों की एक बैठक हुई थी। इसमें इस परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी गई थी। अंडरपास निर्माण के लिए जीएमडीए की जमीन की जरूरत होगी, जिसके लिए एचएसआईआईडीसी ने अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है। इस सिलसिले में एचएसआईआईडीसी के सहायक महाप्रबंधक एके गर्ग की तरफ से जीएमडीए की परियोजना समव्यक को पत्र लिखा है। बता दें कि विजन सिटी में बड़े-बड़े शोरूम, होटल और अस्पताल का निर्माण होगा।

### बाराही मेला: दंगल, रागनी और पारंपरिक व्यंजनों का होता था विशेष आकर्षण

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** बाराही मेला सिर्फ मनोरंजन का केंद्र नहीं बल्कि भारतीय ग्रामीण जीवन की झलक दिखाने वाला जीवांत मंच भी है। यहां चौपाल पर पारंपरिक वस्तुएं जैसे सबसे बड़ी चारपाई, हुक्का, पीढ़ा, रई, हाथ से चलने वाली आटा चक्की और बैलगाड़ी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सभी चीजें आज भी नई पीढ़ी को गांव की उस संस्कृति से जोड़ने का काम कर रही है, जो धीरे-धीरे आधुनिकता की दौड़ में कहीं न कहीं पीछे छूट चुकी है। स्याना गांव की बुजर्ग 95 वर्षीय भौती बताती हैं कि उनकी शादी देश की आजादी से पहले ही हो गई थी। जब शादी हुई उनकी उम्र महज 13 से 14 साल रही होगी। उन्हें आज भी याद है जब वह पहली बार मेला देखने गई तो अन्य महिला व पुरुषों के साथ पैदल ही गई थीं। उस समय गांव से बाराही जाने के लिए रास्ता नहीं था। हा कि बीच में जंगलात (मौजूदा समय में पक्षी विहार) पार कर बाराही माला देखने लोग पैदल ही जाया करते थे। रास्ते में एक नाला (लोहिया खार) भी पड़ता था। जिसे पार करने के लिए लोग बांस डाल लिया करते थे। ताया कि पुरुष महिलाओं व बच्चों को पहले सुरक्षित नाला पार कराते थे। महिलाएं समूह में गीत गाते हुए गंतव्य तक पहुंची थीं। उस समय सरोवर कच्चा था। चर्म रोग से पीड़ित लोग दूर दराज से आकर पूजा करने के बाद नहाया करते थे और नहाने के कुछ दिनों बाद ठीक भी हो जाया करते थे। र की महिलाएं मिट्टी का घड़ा, पीढ़ा, रई, तवा चिमटा आदि साल भर की दैनिक जरूरतों से भरा सामान खरीदा करती थीं वहीं बच्चे भी झूला झूलने, खिलौने खरीदने के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया करते थे। क अन्य बुजुर्ग सूरजपुर निवासी लिखीराम बताते हैं कि उस समय भी मेले में रागनी व दंगल प्रतियोगिता हुआ करती थी।

# प्रेमानंद महाराज से मिलने का गजब जुनून; कमर से कार खींचकर आगरा से वृंदावन पहुंचा पहलवान

**वृंदावन, एजेंसी।** धर्म नगरी वृंदावन में रोजाना हजारों भक्त अपने आराध्य और संतों के दर्शन के लिए उमड़ते हैं, लेकिन रविवार को आगरा से आए एक युवक ने भक्ति और शारीरिक शक्ति का जो प्रदर्शन किया, उसने सबको हतप्रभ कर दिया। आगरा का एक पहलवान अपनी कमर से रस्सी बांधकर कार खींचते हुए 90 किलोमीटर का लंबा सफर तय कर कान्हा की नगरी पहुंचा। उसका यह जुनून संत प्रेमानंद महाराज की एक झलक पाने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए थी।

**90 किलोमीटर का संघर्षपूर्ण सफर:** आगरा के अकोला चाहर वाटी क्षेत्र के निवासी पहलवान गौरव चाहर ने अपनी यह हैरतअंगेज यात्रा 2 अप्रैल को अपने पैतृक गांव से शुरू की थी। चिलचिलाती धूप और पथरीले रास्तों की परवाह किए बिना, गौरव ने अपनी कमर में मोटी रस्सी बांधी और भारी-भरकम कार को खींचना शुरू किया। आगरा से वृंदावन की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है, जिसे उन्होंने रविवार को पूरा किया। जैसे ही वह कार खींचते हुए वृंदावन की सीमाओं में दाखिल हुए। स्थानीय लोगों और तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़ी। लोग इस दृश्य को अपने कैमरों में कैद करने लगे। 'राधे-राधे' के जयघोष से माहौल गुंजायमान हो गया। गौरव ने बताया कि यह सफर आसान नहीं था, लेकिन मन में संत प्रेमानंद महाराज से मिलने की इच्छा ने उन्हें रुकने नहीं दिया। इस पूरी यात्रा के दौरान गौरव के परिजन और उनके मित्र निरंतर उनके साथ रहे। वे न केवल गौरव का हौसला





बढ़ाते रहे, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी कार के आसपास मौजूद रहे। गौरव का कहना है कि वे प्रेमानंद महाराज के प्रवचनों से बेहद प्रभावित हैं और उनसे व्यक्तिगत वार्ता कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं।

भक्ति और योग का संदेश

पहलवान गौरव चाहर का यह प्रयास केवल एक रिकॉर्ड बनाने के लिए नहीं था, बल्कि वे इसके जरिए युवाओं को नशे से दूर रहने और शारीरिक सौष्ठव के साथ अध्यात्म से जुड़ने का संदेश देना चाहते हैं। हालांकि, रविवार को भारी भीड़ और सुरक्षा कारणों के चलते उनकी मुलाकात महाराज से नहीं हो पाई, लेकिन उनका कहना है कि वे दर्शन किए बिना वापस नहीं जाएंगे।

संतों के प्रति ऐसी कठिन तपस्या और श्रद्धा भाव आज के दौर में विरले ही देखने को मिलता है। फिलहाल, सोशल मीडिया पर गौरव के इस कारनामे के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं और लोग उनकी इस कठिन 'कार-सेवा' की सराहना कर रहे हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही उनकी मुलाकात प्रेमानंद महाराज से होगी।

## फरीदाबाद में देवरानी बनी जल्लाद, 2 जेठानियों पर पेट्रोल फेंक जलाया, एक की मौत

**फरीदाबाद , एजेंसी।** फरीदाबाद के डबुआ थाना क्षेत्र में देवरानी की हैवानियत सामने आई है। देवरानी ने अपनी ही दो जेठानियों पर पैट्रोल डालकर आग लग लगा दिया। हमले में गंभीर रूप से जख्मी में एक जेठानी की मौत हो गई। 46 वर्षीय सीमा ने रविवार को जयपुर के अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई थी। वहीं, उसकी बहन 47 वर्षीय मीना अब भी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने आरोपी देवरानी पिंकी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और वह अभी रिमांड पर है। पुलिस ने मामले में अब हत्या की धारा भी जोड़ दी है। मूलरूप से भरतपुर के रहने वाले देवेश डबुआ कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी सीमा की छोटी बहन मीना की शादी उनके मझले भाई गजपाल सिंह के साथ हुई है। वहीं, सबसे छोटे भाई की शादी पिंकी नाम की महिला से हुई है। दोनों बहनें अपने-अपने परिवार के साथ एक ही मकान में ऊपर-नीचे रहती थीं। मीना के दो बच्चे हैं, जबकि सीमा के तीन बच्चे हैं। सबसे छोटा भाई वेदबीर पत्नी पिंकी के साथ डबुआ चौक के पास रहता है। देवरानी पिंकी इस बात से चिढ़ती थी कि दोनों बहनों की एक ही घर में शादी हो रखी है और इनके बीच अच्छे संबंध हैं। इसी रंजिश में वह कई हफ्तों से अपने पति की बाइक से थोड़ा-थोड़ा पेट्रोल चुराकर जमा कर रही थी। मीना ने आरोप लगाया था कि 3 अप्रैल को पिंकी एक बैग लेकर मीना और सीमा के घर पहुंची। दोनों बहनों ने उसके लिए चाय और खाना भी बनाया।

## पाक से मेरे खिलाफ मैटीरियल लाई कांग्रेस, 10 दिन में वहां असम पर हुए 11 शो: हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहटी, एजेंसी।** पुवअसम विधानसभा चुनाव के लिए 9 अप्रैल को मतदान होने वाला है और उससे पहले पाकिस्तान से लेकर दुबई तक की चर्चा हो रही है। कांग्रेस ने हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के नाम दुबई में प्रॉपर्टी और अमेरिका में कंपनी होने के आरोप लगाए तो वहीं सीएम ने इसमें पाकिस्तानी ऐंगल बता दिया। उन्होंने सोमवार को कहा, 'कल पवन खेड़ा और गौरव गोगोई ने दो प्रेस कॉन्फ्रेंस कीं। एक दिल्ली में हुई और एक गुवाहाटी में की गई। हमने अपनी रिसर्च में पाया कि इन प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए पूरा मैटीरियल पाकिस्तानी सोशल मीडिया ग्रुप ने दिया था। बीते 10 दिनों में पाकिस्तान के चैनल ने असम के चुनाव पर ही 11 टॉक शो किए हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।'



उन्होंने कहा कि हर टॉक शो में अंत में यही कहा जाता था कि कांग्रेस को जीतना चाहिए। कल जो प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, उसमें भी निश्चित तौर पर पाकिस्तान का लिंक है। मुझे भरोसा है कि कानूनी एजेंसियां इस मामले की जांच में यह तथ्य भी ध्यान रखेंगी। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर ऐसा होता है कि जब आप फर्जी दस्तावेजों के जरिए जनता में कोई मुद्दा उठाते हैं तो आपके खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 468 लगती है। लेकिन अब भारतीय न्याय संहिता है और इसमें सख्त प्रावधान हैं। असम के सीएम ने कहा कि यदि कोई फर्जी दस्तावेजों के जरिए चुनाव परिणाम को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो उसमें सख्त सजा है। यहां तक कि उम्रकैद भी हो सकती है। मेरी पत्नी ने कल एक एफआईआर दर्ज करा दी है।

## रायपुर को मिलेगी जाम से मुक्ति! 360 करोड़ की लागत से सड़कों पर बनेंगे 4 नए फ्लाईओवर

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लिए बड़ी गुड न्यूज है। रायपुर में इस साल चार नए फ्लाईओवर के निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा इन परियोजनाओं के लिए कुल 360 करोड़ 35 लाख 93 हजार रुपये के बजट की स्वीकृति दी गई है। इन फ्लाईओवर के बनने से शहर के व्यस्त यातायात को तेज, सुगम और सुव्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी।



प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने लंबे समय से लंबित इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। शहरवासियों द्वारा काफी लंबे समय से इन फ्लाईओवर की मांग की जा रही थी।

**इन स्थानों पर बनेंगे फ्लाईओवर** -वभागीय जानकारी के अनुसार, जी.ई. रोड पर गुरु तेग बहादुर उद्यान से तेलीबांधा स्थित नेताजी सुभाष चौक तक फ्लाईओवर निर्माण के लिए 172 करोड़ 86 लाख 28 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा रिंग रोड क्रमांक-2 में सोनडोंगरी चौक पर ओवरपास के लिए 43 करोड़ 89 लाख 17 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं। इसी तरह वी.आई.पी. रोड स्थित फुंडहर चौक में ओवरपास निर्माण हेतु 56 करोड़ 7 लाख 35 हजार रुपये तथा अटल पथ एक्सप्रेसवे पर फुंडहर चौक में ग्रेड सेपरेटर के लिए 87 करोड़ 53 लाख 13 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### सड़कों पर जाम होगा कम

अरुण साव ने कहा कि राज्य सरकार रायपुर में यातायात व्यवस्था को तेज, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। फ्लाईओवर एवं सड़कों के चौड़ीकरण से ट्रैफिक जाम में कमी आएगी और आवागमन अधिक सुगम होगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

## हिमाचल के ऊना में अमरूद तोड़ने पर पूर्व फौजी ने मासूम को दी 'तालिबानी' सजा

**ऊना , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के ऊना के गांव बहडाला में एक रिटायर्ड फौजी द्वारा अमरूद तोड़ने पर एक मासूम प्रवासी बच्ची को रेलिंग से बांध कर अमानवीय यातना देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी रिटायर्ड फौजी पर बीएनएस की धारा 115(2), 127(2) और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा-75 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी ऊना सचिन हीरामठ ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह कृत्य न केवल गैरकानूनी है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के भी विपरीत है। पीड़ित बच्ची का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में मेडिकल भी करवाया गया है। अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। 5 अप्रैल को ऊना के बहडाला गांव में एक रिटायर्ड फौजी के घर लगे पेड़ से अमरूद तोड़ने पर इस बच्ची को तालिबानी सजा दी गई। आरोपी रिटायर्ड फौजी ने पीड़िता को घर के अंदर सीढ़ियों पर लगी लोहे की रेलिंग से बांधकर पीटा। मर्चेंट नेवी में कार्यरत कैप्टन रोहित जसवाल जब मौके से गुजर रहे थे तो उन्होंने बच्ची को एक घर में सीढ़ियों से बंधी हुई देखा और तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपी से बच्ची को छोड़ने के लिए भी कहा, लेकिन आरोपी अपनी जिद पर अड़ा रहा।

## सुनेत्रा पवार की गुहार गई बेकार

### कांग्रेस ने बारामती उपचुनाव के लिए घोषित किया उम्मीदवार

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस ने बारामती विधानसभा उपचुनाव के लिए एडवोकेट आकाश विजयराव मोरे को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। आकाश मोरे महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव हैं और उनके पिता विजयराव मोरे महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व सदस्य रह चुके हैं। इससे पहले, महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष सुनेत्रा पवार ने रविवार को राज्य कांग्रेस प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल को फोन किया था। सुनेत्रा ने उनसे बारामती विधानसभा क्षेत्र में उनका निर्विरोध उपचुनाव सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सुनेत्रा पवार बारामती सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

एक दिन पहले सुनेत्रा पवार ने 23 अप्रैल को होने वाले उपचुनाव में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे का समर्थन मांगा था। इस सीट पर चुनाव सुनेत्रा के पति और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार की जनवरी में विमान दुर्घटना में मृत्यु के कारण हो रहा है। ठाकरे की पार्टी ने अभी तक सुनेत्रा पवार की मांग पर शिवसेना (यूबीटी) का रुख स्पष्ट नहीं किया है।

**एनसीपी (एसपी) का क्या है प्लान:** विपक्षी एनसीपी (शरदचंद्र पवार) ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह बारामती क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले दिवंगत अजित पवार के सम्मान में उपचुनाव नहीं लड़ेगी। वर्तमान में राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा



पवार सोमवार को उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को पुणे जिले के बारामती में पार्टी उम्मीदवार की ओर से नामांकन दाखिल करने के दौरान सपकाल उपस्थित रहेंगे। अजित पवार बारामती से 8 बार विधायक रहे हैं।

वहीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने पार्टी के भीतर सत्ता संघर्ष और दरार की अटकलों को पूरी तरह से खारिज किया। पार्टी ने कहा कि एनसीपी प्रमुख अजित पवार के निधन के बाद निर्वाचन आयोग के साथ शीर्ष नेताओं के संवाद को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। राकांपा ने उन आरोपों का भी खंडन किया, जिनमें वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे पर पार्टी पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया था।

## कोबरा सांप गले में लपेटकर खेलना पड़ा भारी, डसने से हो गई मौत

**करनाल , एजेंसी।** करनाल जिले के गांव संधीर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां कोबरा सांप से खेलना एक शख्स के लिए जानलेवा साबित हुआ. राजेंद्र नाम के व्यक्ति की जहरीले कोबरा के डसने से मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वह पहले भी कई बार सांप पकड़कर उनसे खेलता था, लेकिन इस बार उसकी यही आदत उस पर भारी पड़ गई.

गांव के सरपंच सतीश ने बताया कि शमशान घाट पर निर्माण कार्य चल रहा था. इसी दौरान मजदूरों ने एक काले रंग के सांप को देखा और घबरा गए. इसके बाद उन्होंने तुरंत सांप पकड़ने वाले सतीश फफड़ाना को फोन किया. उन्होंने आधे घंटे में पहुंचने की बात कही थी.

कोबरा सांप से खेलना एक शख्स के लिए जानलेवा साबित हुआ। हरियाणा में करनाल जिले के गांव संधीर में राजेंद्र को कोबरा ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वह पहले भी कई बार सांप पकड़कर उनसे खेलता था, लेकिन इस बार उसकी यही आदत उस पर भारी पड़ गई। राजेंद्र पहले भी कई बार सांप पकड़कर घर ले आता था और बाद में जंगल में छोड़ देता था। इस बार वह नशे में था और इसी लापरवाही ने उसकी जान ले ली। उसके इसी खतरनाक शौक के कारण गांव के लोगों ने उसका नाम जहरीला रख दिया था। वह मजदूरी का काम करता था और अपने भाई के साथ रहता था।

गांव के सरपंच सतीश ने बताया कि श्मशान घाट पर निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान मजदूरों ने एक काले रंग के सांप को देखा। उन्होंने तुरंत स्नेक कैचर सतीश फफड़ाना को फोन किया। उन्होंने आधे घंटे में पहुंचने की बात कही थी। जब तक स्नेक कैचर मौके पर पहुंचता, उससे पहले ही राजेंद्र वहां पहुंच गया। मजदूरों ने उसे रोकने की



कोशिश भी की, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। राजेंद्र ने सांप को पकड़ लिया और उसे गले में डाल लिया।

राजेंद्र सांप को हाथ में लेकर रस्सी की तरह घुमाने भी लगा। इसी दौरान कोबरा ने अचानक राजेंद्र के हाथ पर काट लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, वह वहां से चला गया। कुछ देर बाद जब गांव के लोग और स्नेक कैचर मौके पर पहुंचे। सांप को पास की दीवार के पास से सतीश फफड़ाना ने पकड़ लिया। जब ग्रामीण राजेंद्र के घर पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

कोबरा सांप दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है। भारत, चीन, इंडोनेशिया और थाईलैंड सहित कई देशों में कोबरा की विभिन्न नस्लें पाई जाती हैं। ये सांप आमतौर पर जंगलों, घास के मैदानों और इंसानी बस्तियों के आसपास भी पाए जाते हैं। कोबरा बेहद जहरीला सांप होता है।

# पंजाब में बारिश-ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, रंधावा ने केंद्र से किसानों के लिए राहत पैकेज की मांग की

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पंजाब में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को भारी नुकसान होने को लेकर केंद्र से तुरंत मदद की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर तत्काल आकलन, राहत पैकेज और नीतिगत सहयोग की मांग की है। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पत्र को साझा करते हुए दी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, मैंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर तत्काल आकलन, राहत पैकेज और नीतिगत सहयोग की मांग की है। विशेष रूप से इसलिए, क्योंकि किसानों के पास पीएमएफबीवाई (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) का कवरेज उपलब्ध नहीं है। कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पत्र



में लिखा कि मैं यह पत्र अत्यंत जरूरी स्थिति में लिख रहा हूं। यह पंजाब के गुरदासपुर क्षेत्र सहित पूरे राज्य के किसानों की गंभीर समस्या से जुड़ा है। पिछले कुछ दिनों, यानी 30-31 मार्च से, पंजाब के कई जिलों में बेमौसम बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि हुई है। बठिंडा, मानसा, फाजिल्का, श्री मुक्तसर साहिब, पटियाला, लुधियाना, अमृतसर, तरनतारन, होशियारपुर और गुरदासपुर जैसे कई जिलों में फसल को भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने 6 और 7 अप्रैल को भी खराब मौसम की चेतावनी दी है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।

पंजाब में लगभग 34 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती होती है। इस समय फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी और 1 अप्रैल से खरीद प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी थी, तभी मौसम खराब हो गया। कई जगहों पर 30 से 70 प्रतिशत तक फसल बर्बाद हो गई है। लगातार बारिश के कारण कटाई में लगभग दो हफ्ते की देरी हो रही है। खेतों में नमी बढ़ने से फसल में बीमारी लगने का खतरा है और गुणवत्ता भी खराब हो रही है। जो फसल कट चुकी थी, वह भी बारिश में भीग गई, जिससे उसकी गुणवत्ता और बाजार मूल्य दोनों प्रभावित हुए हैं।

इसके अलावा, गीलीजमीन के कारण हार्वेस्टर मशीनें भी नहीं चल पा रही हैं। किसान ऐसी स्थिति में फंसे हैं कि वे न तो फसल काट पा रहे हैं और न ही उसे बेच पा रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि पंजाब के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) से नहीं जुड़े हैं, इसलिए उन्हें किसी भी बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## एमवीए में रार! उद्धव गुट ने कांग्रेस को बताया मतलबी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के भीतर दरारें अब सरेआम दिखने लगी हैं। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के ताजा संपादकीय में कांग्रेस के खिलाफ बेहद कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने कांग्रेस को 'कुढ़ने वाला' और 'मतलबी' करार देते हुए सलाह दी है कि वह क्षेत्रीय दलों को केवल अपनी 'सहयोगी बैसाखी' न समझे। यह कड़वाहट मुख्य रूप से बारामती विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस द्वारा सुनेत्रा पवार के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारने के फैसले के बाद पैदा हुई है। दरअसल, शरद पवार और उद्धव ठाकरे के गुट इस पक्ष में थे कि अजित पवार के निधन के बाद खाली हुई इस सीट पर सुनेत्रा पवार को निर्विरोध जीत दिलाई जाए। इसके विपरीत, कांग्रेस ने आकाश विजय राव मोरे को चुनावी मैदान में उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। सामना में लिखा गया है कि कांग्रेस का यह फैसला गठबंधन की भावना के खिलाफ है और क्षेत्रीय नेतृत्व की 'खींचतान' का नतीजा है। संपादकीय में महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल पर सीधा कटाक्ष किया गया है। सपकाल ने हाल ही में विधान परिषद चुनावों को लेकर कहा था कि कांग्रेस गठबंधन में दूसरे नंबर की पार्टी है, इसलिए चर्चा होनी चाहिए। इस पर सामना ने पलटवार करते हुए पूछा कि 'कांग्रेस में आखिर चर्चा किससे होनी चाहिए' लेख में याद दिलाया गया कि राज्यसभा चुनाव के समय भी प्रदेश नेतृत्व कोई निर्णय लेने की स्थिति में नहीं था और अंततः उन्हें हाईकमान के आदेश पर शरद पवार का समर्थन करना पड़ा था। उद्धव गुट ने कांग्रेस को आईना दिखाते हुए लिखा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली 100 सीटों और राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने में महाराष्ट्र की 30 सीटों (एमवीए द्वारा जीती गई) का बड़ा योगदान है। इसमें कांग्रेस की अपनी 13 सीटें भी शामिल हैं। सामना के अनुसार, कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि जब वह क्षेत्रीय दलों को महत्व देती है, तभी उसे सफलता मिलती है। लेख में चेतावनी दी गई कि 13 सीटों की सफलता के कारण विधानसभा चुनाव में की गई 'जरूरत से ज्यादा खींचतान' का खामियाजा पूरे गठबंधन को भुगतना पड़ा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सड़कें वही, लेकिन सफर हो रहा महंगा, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एकल और दोहरी यात्रा में पांच रुपए से लेकर पैंतीस रुपए तक की बढ़ोतरी पर सवाल उठना स्वाभाविक है।देशभर में महंगाई में बढ़ोतरी के बीच अब लोगों के लिए कहीं आना-जाना भी महंगा साबित होने लगा है। दरअसल, वैश्विक परिस्थितियों की वजह से पहले ही संकट का दायरा फैल रहा है और चीजों की कीमतों में इजाफा हो रहा है। इस बीच हरियाणा में राजमार्गों पर टोल दरों में बेतहाशा वृद्धि की घोषणा आम लोगों के सामने एक नई परेशानी पैदा करने वाली है। इसके अमल में आने के साथ ही निजी वाहनों से यात्रा करने वालों को अब अधिक टोल चुकाना होगा। यह हाल तब है, जबकि अधिकतर राजमार्गों पर बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है, आए दिन लोगों को लंबे जाम का सामना करना पड़ता है।ऐसे में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एकल और दोहरी यात्रा में पांच रुपए से लेकर पैंतीस रुपए तक की बढ़ोतरी पर सवाल उठना स्वाभाविक है। मसलन, गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे पर बजघेड़ा टोल प्लाजा पर एकल यात्रा के लिए 225 रुपए देना यात्रियों के लिए भारी साबित हो सकता है। दूसरी ओर वाणिज्यिक वाहनों से वसूली का असर भी दिखेगा और आखिरकार आम आदमी पर ही इसकी मार पड़ेगी। सवाल है कि बुनियादी सुविधाओं में सुधार किए बिना टोल दरों में वृद्धि की क्या तुक है। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही राजमार्गों पर यात्रा महंगी किए जाने से लोगों में निराशा बढ़ेगी।इस समय ज्यादातर राजमार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ रहा है। वहीं रास्ते में साफ-सुथरे जन-सुविधा परिसरों का अभाव खटकता है। रात में कई मार्गों पर अंधेरा होने से हादसे का अंदेशा बना रहता है। राजमार्ग प्राधिकरण के गश्ती दल तुरंत मौके पर नहीं पहुंचते। इससे लोग असहाय स्थिति में होते हैं। कई बार हादसे के बाद फिर हादसा होना यह बताता है कि प्राधिकरण को टोल की तो चिंता है, लेकिन यात्रियों की जान की नहीं। अक्सर देखा गया है कि टोल नाकों पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।इससे न केवल समय की, बल्कि ईंधन की भी बर्बादी होती है। हालांकि हरियाणा में टोल पर अब केवल फास्टैग या आनलाइन भुगतान ही किया जा सकेगा। ऐसे में संभव है कि वाहनों की कतार कुछ कम हो। फिर भी राजमार्गों पर सुविधाएं बढ़ाए।

### 'पाषाण युग' की धमकी के बीच जलता विश्व

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शायद इन बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत महसूस नहीं होती। यह बेवजह नहीं है कि आए दिन वे कोई न कोई ऐसी टिप्पणी कर देते हैं, जिससे स्थितियां ज्यादा जटिल हो जाती हैं।ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद दुनिया भर में इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि अगर युद्ध और लंबा खिंचा तो इसके असर से बहुत सारे देशों में बहुस्तरीय संकट पैदा होंगे। युद्ध शुरू होने के करीब एक महीने के बाद यह साफ देखा जा सकता है कि कई देशों में तेल और गैस का व्यापक संकट खड़ा हो गया है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। युद्ध में शामिल देशों के शीर्ष नेतृत्व से यह उम्मीद की जाती है कि वे संयम और धीरज के साथ घटनाओं और परिस्थितियों पर परिपक्व टिप्पणी करें, ताकि तनाव को कम करने में मदद मिले और युद्ध को खत्म करने का कोई रास्ता निकले।मगर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शायद इन बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत महसूस नहीं होती। यह बेवजह नहीं है कि आए दिन वे कोई न कोई ऐसी टिप्पणी कर देते हैं, जिससे स्थितियां ज्यादा जटिल हो जाती हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका आने वाले दो-तीन हफ्तों में ईरान पर बड़ा हमला करने जा रहा है और हम उन्हें पाषाण युग में पहुंचा देंगे।यह कोई पहला मौका नहीं है, जब ट्रंप ने कोई ऐसा बयान दिया है, जिससे युद्ध खत्म होने की कोई राह निकलने के बजाय स्थिति और बिगड़ने की ही भूमिका बनी। इससे पहले भी वे अपने गैरजरूरी बयानों के जरिए तनाव और टकराव को ज्यादा तीखा बनाने की कोशिश कर चुके हैं। सवाल है कि उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि अमेरिका के राष्ट्रपति होने के नाते कही गई उनकी बातों से केवल डर और समर्पण ही पैदा होगा।

*करियर, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव, सोशल मीडिया और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएँ-इन सबके बीच रिश्ते अक्सर प्राथमिकता सूची में नीचे चले जाते हैं। लेकिन यह भी एक सत्य है कि अंततः मनुष्य को भावनात्मक सहारा, अपनापन और संबंधों की ही आवश्यकता होती है। इसलिए आधुनिक जीवन में रिश्तों को बनाए रखने के लिए संवाद, समय, सम्मान और समझ पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गए हैं।*

## विवाह संस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच नई खाई

**(ललित गर्ग )**

पिछली पीढ़ियों में विवाह जीवन का अनिवार्य चरण माना जाता था। हमारे माता-पिता और दादा-दादी के लिए विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध था और जीवन भर साथ निभाना ही उसका लक्ष्य था। लेकिन आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को अलग दृष्टि से देख रही है। आधुनिकता के संक्रमणकालीन दौर में सबसे अधिक यदि कोई संस्था प्रश्नों के घेरे में है, तो वह विवाह और रिश्तों की पारंपरिक अवधारणा है। बदलती जीवनशैली, आर्थिक आत्मनिर्भरता, तकनीक, वैश्वीकरण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती चेतना ने रिश्तों की परिभाषा, अपेक्षाएँ और संरचना-सब कुछ बदल दिया है। यही कारण है कि आज रिश्तों से जुड़े प्रश्न केवल सामाजिक विमर्श का विषय नहीं रहे, बल्कि अदालतों तक पहुँच रहे हैं। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो फैसलों ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवाह संस्था के बीच उत्पन्न हो रही नाजुक खाई को उजागर किया है। एक निर्णय में न्यायालय ने कहा कि वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बना लिव-इन रिलेशनशिप, भले ही एक साथी विवाहित हो, अपराध नहीं है; वहीं दूसरे मामले में न्यायालय ने ऐसे ही एक जोड़े को संरक्षण देने से इनकार कर दिया और कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर पति या पत्नी के कानूनी अधिकारों को कमजोर नहीं किया जा सकता। यह विरोधाभास वास्तव में न्यायिक असंगति से अधिक एक कानूनी रिक्तता और सामाजिक संक्रमण का संकेत है। वास्तव में एक हकीकत यह भी है कि भारतीय समाज में वैवाहिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाने वाले एक प्रभावी ढांचे की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जाती रही है। हमें मौजूदा परिदृश्य में यह बात स्वीकार करनी होगी कि यद्यपि विवाह संस्था संरक्षण की हकदार है, फिर भी पुरुष या स्त्री की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अनिश्चित काल तक इसके अधीन बंधक बनाकर नहीं रखा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है और इसी के दायरे में न्यायालयों ने समय-समय पर लिव-इन रिलेशनशिप को अपराध की श्रेणी से बाहर माना है। लेकिन दूसरी ओर, भारतीय कानून विवाह को एक कानूनी और सामाजिक संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, जिसमें अधिकार और दायित्व दोनों शामिल हैं। यही वह बिंदु है जहाँ व्यक्तिगत स्वतंत्रता और वैवाहिक अधिकारों के बीच टकराव उत्पन्न होता है। न्यायालय लिव-इन संबंधों को अपराध नहीं मानता, परंतु उनके सभी परिणामों को वैध मानने में संकोच करता है। यह स्थिति न केवल कानूनी भ्रम उत्पन्न करती है, बल्कि सामाजिक असुरक्षा भी पैदा करती है। वास्तव में समस्या न्यायिक निर्णयों की नहीं, बल्कि स्पष्ट विधायी ढाँचे की कमी की है। यदि व्यापक सामाजिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय समाज इस समय एक बड़े संक्रमणकाल से गुजर रहा है। एक ओर सदियों से स्थापित पारंपरिक जीवन मूल्य हैं, जिनमें विवाह केवल एक अनुबंध नहीं बल्कि एक संस्कार, सामाजिक स्वीकृति और पारिवारिक व्यवस्था का आधार है; दूसरी ओर आधुनिक जीवन की वास्तविकता है, जहाँ व्यक्ति की स्वतंत्रता, आत्म-विकास, करियर, आर्थिक स्वायत्तता और व्यक्तिगत संतुष्टि को भी समान महत्व दिया जा रहा है। विशेष रूप से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों की शक्ति-संतुलन व्यवस्था को बदल दिया है। अब रिश्ते केवल सामाजिक दबाव से नहीं, बल्कि आपसी समझ और संतुष्टि के आधार पर टिके रहते हैं। परिणामस्वरूप, रिश्तों की स्थायित्व की अवधारणा बदल रही है और प्रतिबद्धता अब आजीवन वचन से अधिक एक निरंतर पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया बनती जा रही है। पिछली पीढ़ियों में विवाह जीवन का अनिवार्य चरण माना जाता था। हमारे माता-पिता और दादा-दादी के लिए विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध था और जीवन भर साथ निभाना ही उसका लक्ष्य था। लेकिन आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को अलग दृष्टि से देख रही है। आज के युवा पहले शिक्षा, करियर और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद रिश्तों के बारे में निर्णय लेते हैं। कुछ लोग विवाह से पहले साथ रहने का विकल्प चुनते हैं, कुछ रिश्तों को नाम देने से भी बचते हैं और कुछ लोग विवाह के बजाय साझेदारी को अधिक उपयुक्त मानते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को महत्व नहीं देती, बल्कि इसका अर्थ यह है कि वे रिश्तों में स्वतंत्रता, सम्मान, संवाद और समानता को अधिक महत्व देते हैं। रिश्तों में सबसे बड़ा परिवर्तन लिंग भूमिकाओं के बदलाव से भी आया है। पहले पुरुष कमाने वाला और महिला घर संभालने वाली मानी जाती थी, लेकिन आज दोनों काम करते हैं, दोनों निर्णय लेते हैं और दोनों भावनात्मक सहयोग चाहते हैं। आधुनिक रिश्तों में समानता, खुलकर संवाद और साझा जिम्मेदारियों पर जोर है। हालांकि पुरुष और महिलाओं की अपेक्षाएँ पूरी तरह समान नहीं होतीं-अक्सर महिलाएँ भावनात्मक सहयोग और संवाद को अधिक महत्व देती हैं, जबकि पुरुष स्वतंत्रता और बौद्धिक जुड़ाव को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इन अंतरों को समझकर ही मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं। आज आत्म-प्रेम और आत्म-देखभाल को स्वार्थ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार माना जाने लगा है। तकनीक और सोशल मीडिया ने भी रिश्तों की प्रकृति को गहराई से प्रभावित किया है। सोशल मीडिया ने लोगों को जोड़ने का काम किया है, लेकिन इसके साथ तुलना की संस्कृति भी बढ़ी है। अब लोग अपने रिश्तों की तुलना दूसरों की ऑनलाइन तस्वीरों और पोस्ट से करने लगे हैं, जिससे असंतोष और अवास्तविक अपेक्षाएँ बढ़ती हैं। कई बार डिजिटल दुनिया में मिलने वाला ध्यान वास्तविक रिश्तों की आत्मीयता को कम कर देता है। ऑनलाइन फ्लर्टिंग, डिजिटल बेवफाई और लगातार उपलब्ध रहने की अपेक्षा जैसी नई समस्याएँ भी सामने आई हैं। इसलिए आज डिजिटल सीमाएँ भी उतनी ही आवश्यक हो गई हैं जितनी व्यक्तिगत सीमाएँ। ऑनलाइन डेटिंग ने रिश्तों की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। जीवनसाथी ढूँढना पहले परिवार, समाज या परिचितों के माध्यम से होता था, लेकिन अब मोबाइल एप और वेबसाइटों के माध्यम से लोग साथी ढूँढते हैं। इससे विकल्प बढ़े हैं, लेकिन साथ ही रिश्तों की स्थिरता कम हुई है। 'स्वाइप संस्कृति' ने रिश्तों को कई बार उपभोक्ता वस्तु की तरह बना दिया है, जहाँ विकल्प हमेशा खुले रहते हैं और प्रतिबद्धता कठिन हो जाती है। इसके बावजूद, यह भी सत्य है कि कई सफल विवाह और रिश्ते भी ऑनलाइन माध्यम से ही बने हैं। इसलिए समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके उपयोग की मानसिकता में है। आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में रिश्तों को समय देना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है।

## मुश्किल के समय भारत बना पड़ोसियों के लिए संकटमोचक

**(नीरज कुमार दुबे)**

सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कच्चे तेल का लगभग नब्बे प्रतिशत हिस्सा एशिया के देशों के लिए होता है। ईरान युद्ध ने इस जीवनरेखा को झकझोर दिया है। पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसे देश ऊर्जा निर्भरता के दलदल में फंस गए हैं। दक्षिण एशिया की राजनीति में अचानक आया यह मोड़ किसी भूचाल से कम नहीं है। कुछ महीने पहले तक भारत को घेरने की साजिश रचने वाले पड़ोसी देश आज उसी भारत के दरवाजे पर खड़े हैं। ईरान युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट ने पूरे क्षेत्र की असलियत उजागर कर दी है। जो देश कभी इंडिया आउट का नारा लगा रहे थे, आज वही भारत से तेल और गैस की मदद मांग रहे हैं। यह सिर्फ कूटनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन का निर्णायक पल है। सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कच्चे तेल का लगभग नब्बे प्रतिशत हिस्सा एशिया के देशों के लिए होता है। ईरान युद्ध ने इस जीवनरेखा को झकझोर दिया है। पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसे देश ऊर्जा निर्भरता के दलदल में फंस गए हैं। भारत भी आयात पर निर्भर है, लेकिन उसकी रणनीतिक तैयारी और संतुलित कूटनीति ने उसे संकट में भी मजबूत बनाए रखा है। ईरान ने भारत को मित्र मानते हुए तेल और रसोई गैस के जहाजों को रास्ता दिया, जो भारत के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। लेकिन असली कहानी यहां से शुरू होती है। भारत ने सिर्फ अपनी जरूरतों की चिंता नहीं की, बल्कि अपने पड़ोसियों को संकट से निकालने का बीड़ा उठाया। यही है भारत की पड़ोस पहले नीति का असली चेहरा, जो केवल नारा नहीं बल्कि जमीनी हकीकत बन चुकी है। हम आपको बता दें कि युद्ध से उपजे संकट का बांग्लादेश सबसे बड़ा शिकार बना है। अपनी जरूरत का 95 प्रतिशत तेल और तीस प्रतिशत गैस आयात करने वाला यह देश अब अंधेरे में डूब रहा है। बिजली कटौती, उद्योगों का ठप होना और विश्वविद्यालयों का बंद होना इस बात का सबूत है कि ऊर्जा संकट किसी देश की रीढ़ कैसे तोड़ सकता है। कपड़ा उद्योग, जो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था की जान है, इस समय डीजल की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में बांग्लादेश सरकार ने भारत की ओर रुख किया और भारत ने बिना देरी किए मदद का हाथ बढ़ाया। असम के नुमालीगढ़ रिफाइनरी से पाइपलाइन के जरिए डीजल की आपूर्ति तेज कर दी गई। हजारों टन ईंधन भेजा गया और आगे भी आपूर्ति जारी है। हम आपको याद दिला दें कि यह वही बांग्लादेश है जहां हाल ही में भारत विरोधी माहौल चरम पर था और पाकिस्तान के साथ नजदीकियां बढ़ रही थीं। लेकिन संकट ने उसे सच्चाई दिखा दी कि असली सहारा कौन है। मालदीव का मामला और भी दिलचस्प है। एक साल पहले तक भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा जहरीली भाषा बोलने वाले इस द्वीपीय देश के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु आज भारत को विश्वसनीय साथी बता रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि राष्ट्रपति मुइज्जु ने सत्ता में आते ही भारतीय सैनिकों को देश से बाहर कर दिया था और चीन की तरफ झुकाव दिखाया था। लेकिन जैसे ही ऊर्जा संकट और पर्यटन पर असर पड़ा, पूरी अर्थव्यवस्था डगमगाने लगी। अब पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के लिए मालदीव को वही भारत याद आ रहा है। श्रीलंका की स्थिति भी कम गंभीर नहीं है। 2022 के आर्थिक पतन की यादें अभी ताजा हैं। उस समय चीन पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने की कीमत उसे भारी पड़ी थी। अब फिर वही स्थिति बन रही है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6054

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6053

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## आज का राशिफल

**मेष**

आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। अचानक मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर के बुजुर्गों से कहासुनी होने की संभावना है। कार्यस्थल पर माहौल हल्का-फुल्का रहेगा। खानपान का ध्यान रखें, पेट से जुड़ी समस्या हो सकती है। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृष**

आज आपका दिन सकारात्मक रहेगा। पढ़ाई में लगे लोगों को मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। घर में किसी नए सदस्य के आने की खुशी मिल सकती है। आज का दिन सामान्य रहेगा। युवाओं को अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। रिश्तों में थोड़ी दूरी आ सकती है। पुराने मित्रों से अचानक मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन**

आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। प्रेम संबंधों में विवाद से बचें। सेहत सामान्य रहेगी। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**तुला**

आज का दिन सामान्य रहेगा। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें और गुस्से में कोई फैसला न लें। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। अविवाहित लोगों के जीवन में प्रेम का आगमन हो सकता है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को और ध्यान देने की जरूरत है। नया काम शुरू करने का विचार बना सकते हैं। सेहत अच्छी रहेगी। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

**धनु**

आज का दिन शानदार रहेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को सफलता मिल सकती है। व्यापार में बड़ी उपलब्धि मिलने के योग हैं। परिवार के साथ खुशी भरा समय बिताएंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। प्रेम संबंधों में विवाद से बचें।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए संतुलित रहेगा। परिवार और कार्यक्षेत्र के बीच तालमेल बनाए रखना जरूरी होगा। व्यापार करने वालों को लाभ के संकेत हैं। संतान से जुड़ी चिंता समाप्त हो सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

**सिंह**

आज का दिन सामान्य रहेगा। युवाओं को अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। रिश्तों में थोड़ी दूरी आ सकती है। पुराने मित्रों से अचानक मुलाकात हो सकती है। हल्का बुखार परेशान कर सकता है। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

**कन्या**

आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। बच्चों के प्रति अनुशासन जरूरी होगा। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन बातचीत से दूर हो सकती है। बाहर का खाना खाने से बचें।

**मकर**

आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। नौकरीपेशा लोगों का मन काम में कम लगेगा। व्यापार करने वालों को जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचना चाहिए। जीवनसाथी या पार्टनर के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

**कुंभ**

आज का दिन अनुकूल रहेगा। पढ़ाई और नौकरी साथ कर रहे लोगों को संतुलन बनाए रखना होगा। व्यापार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। प्रेम संबंधों में विवाद से बचें। सेहत सामान्य रहेगी।

**मीन**

आज का दिन मिश्रित फल देने वाला रहेगा। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोग काम के दबाव में रह सकते हैं। कपड़ा व्यापार करने वालों को लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों की पढ़ाई से जुड़ी परेशानियां कम होंगी। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। आज का दिन अच्छा रहेगा। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

### वर्ग पहेली 6054



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 14 अगस्त इस पडोसी देश का स्वाधीनता दिवस है (4)
4. उत्तरप्रदेश की लोकसभा की इस सीट से स्मृति ईरानी सांसद है (3)
6. दूल्हा -दुल्हन (4)
7. दस्तावेज लिखित, कमलबंद (3)
8. अगर, जो (2)
10. आपत्ति, आक्रमण (2)
12. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु, अनुमेय (2)
13. अधिकार, स्वामित्व, इख्तियार (2)
14. शान-शौकत (4)
16. मक्खन, माखन (4)
17. मुगलकाल में प्रवेश का प्रधानशासक यह कहलाता था (3)
19. दिनांक, तारीख (2)
21. घोड़े कीपीठ पर रखने की गद्दी (2)
22. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न (1)
23. लहू, रूधिर (2)

**ऊपर से नीचे**

1. कुंती का एकनाम पृथा भी था इनके पुत्र युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन ये तीनों को यह कहा जाता है पर अधिकतर अर्जुन के लिए यह कहा जाता है (2)
2. स्तुति वादक को यह भी कहा जाता है (3)
3. नरम होने की अवस्था, अनैतिक (3)
4. न्याय के विरूद्ध कार्य, अनैतिक (3)
5. उपयुक्त, युक्ति संगत, मनोनुकुल (2)
7. तंत्र-मंत्र विधि से बनाय यंत्र (5)
9. मैत्री, दोस्ती, सान्तना, ढाढ़स (5)
10. रहने का तरीका या ढंग, गिरवी रखना (3)
11. समय, बेला (2)
14. फैलाव या तनाव होने की स्थिति यह भी कहलाती है (3)
15. आदत, जड़हन के खेत मे रोपी हुई धान की जूरी, समुद्र में ऊंची उठती लहर (2)
18. निर्मित या रचित होना, अस्तित्व प्रदान होना, काम के योगय होना (3)
20. गतिहीन, स्थितर, अचल, न डिगने वाला (2)

### वर्ग पहेली 6053 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | ली | मा | न | स | री | न |
| ब | न | ना | | ज | ल | ज | |
| ला | म | | सा | फ | | न | न |
| | क | बी | र | | मा | ल | वा |
| उ | दा | र | | आ | शा | | ब |
| मा | | ब | द | न | | रो | जा |
| प | ह | ल | | बा | ग | | दा |
| ति | ल | | जी | न | त | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 11 मेडल पक्के

- मीनाक्षी और जैस्मिन सहित 5 महिला बॉक्सर सेमीफाइनल में
- 6 पुरुष मुक्केबाजों ने भी मेडल पक्के किए

**मंगोलिया (एजेंसी)।** मंगोलिया के उलानबटोर में चल रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन जारी है। पांच महिला और छह पुरुष मुक्केबाज़ों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है ।पुरुष वर्ग में लोकेश, आकाश और हर्ष चौधरी की जीत के साथ कुल छह भारतीय बॉक्सर सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

मीनाक्षी और जैस्मिन की एकतरफा जीत

रविवार के मॉर्निंग सेशन में मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मिन (57 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

मीनाक्षी ने जापान की युका सादामात्सु को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। वहीं, जैस्मिन ने चीन की झियी चेन को 5-0 से मात देकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। इससे पहले शनिवार को निखत जरीन, प्रिया घंघास और प्रीति पवार भी अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।

### लोकेश, आकाश और हर्ष आगे बढ़े

पुरुष वर्ग में भारतीय मुक्केबाज़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी दावेदारी मजबूत की ।85 किग्रा भार वर्ग में लोकेश ने कोरिया के गिचे किम को 5-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, आकाश ने तुर्कमेनिस्तान के यल्हास बग्टयारोव को 5-0 से मात दी ।इसके अलावा, हर्ष चौधरी ने किर्गिज़ गणराज्य के तिनिस्तान अलीबाएव को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की ।हालांकि, 80 किग्रा भार वर्ग में अंकुश को जॉर्डन के हुसैन इशाश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए ।वहीं, 50 किग्रा वर्ग में विश्वनाथ सुरेश और 60 किग्रा में सचिन ने भी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

# अंडर-20 एथलेटिक्स मीट में देहरादून के आहिल और दीपांशु चैंपियन

- प्रतियोगिता का हुआ समापन; नेशनल के लिए कर्नाटक जाएंगे होनहार एथलीट्स

**देहरादून (एजेंसी)।** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के एथलेटिक्स ट्रैक पर चल रही दो दिवसीय उत्तराखंड स्टेट जूनियर अंडर-20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन 18 इवेंट्स आयोजित किए गए।

समापन समारोह में स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाई (मुख्य अतिथि) और ओलंपियन मनीष रावत (विशिष्ट अतिथि) ने विजेता एथलीट्स को मेडल और



प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के सभी जिलों से कुल 134 होनहार एथलीट्स (92 बालक और 42 बालिकाओं) ने अपना दम-खम दिखाया।

### प्रतियोगिता की प्रमुख बातें

आयोजन सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि जो भी एथलीट एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मानकों को पूरा करेंगे, उन्हें 24 से 26 अप्रैल 2026 तक कर्नाटक के तुमकुर में होने वाली 24वीं नेशनल जूनियर अंडर-20 फेडरेशन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

मुख्य निर्णायक लोकेश कुमार के नेतृत्व में 14 सदस्यीय रेफरी पैनल ने दोनों दिनों के कुल 36 इवेंट्स को निर्विवाद और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड- 3 दिन में 6 डायरेक्टर्स का इस्तीफा

### प्रेसिडेंट बोले- सब चले जाएं, मैं आखिर तक हूं; लिटन 2028 तक कप्तान रहेंगे



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) में इस वक्त भारी उठापटक चल रही है। शनिवार को बोर्ड के 4 और डायरेक्टर्स ने एक साथ इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को भी 2 मेंबर्स ने अपना पद छोड़ा था।

बोर्ड प्रेसिडेंट अमिनुल इस्लाम ने जरूर कह दिया, सब भले चले जाएं, मैं कहीं नहीं जाऊंगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक सप्ताह के अंदर बीसीबी की नई सरकार भंग हो सकती है।बोर्ड ने लिटन दास को 2028 और मेहदी हसन को 2027 तक टी-20 कप्तान भी बनाए रखा है।

3 दिन में 6 बड़े चेहरों ने साथ छोड़ा

शनिवार को हुई मीटिंग के बाद सानियान तनीम, मेहराब आलम, फैयाजुर रहमान और मंजूरुल आलम ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। इससे 2 दिन पहले ही यासिर मोहम्मद और फैसल आशिक ने भी पद छोड़ दिया था। अब तक 6 डायरेक्टर्स बीसीबी का साथ छोड़ चुके हैं। माना जा रहा है कि कुछ और लोग भी पद छोड़ने की तैयारी में हैं।

**प्रेसिडेंट बोले- बाहरी लोग काम नहीं करने दे रहे-** अमिनुल इस्लाम बुलबुल मीडिया के सामने तो नहीं आए, लेकिन एक टीवी चैनल से बातचीत में अपना दर्द बयां कर दिया। उन्होंने कहा, मैं आखिरी दिन तक अपनी कुर्सी संभालूंगा। हमारी टीम अच्छी और ईमानदार है, मैं उनके साथ मिलकर देश के क्रिकेट की सेवा करना चाहता हूं।

उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि कुछ बाहरी ताकतें उन्हें खुलकर काम नहीं करने दे रही हैं। बुलबुल के मुताबिक, हमें एक दिन भी आजादी से काम नहीं करने दिया गया। बाहर से लगातार दखलअंदाजी हो रही है, जिसकी वजह से हमारे क्रिकेट की रफ्तार थम गई है।

**बीसीबी में काफी दिनों से विवाद की स्थिति-** बोर्ड के पिछले चुनाव को लेकर काफी विवाद चल रहा है। अब नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल इसकी जांच कर रही है। माना जा रहा है कि इसी जांच और मीडिया के सवालों से बचने के लिए अध्यक्ष मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं आए। इससे पहले भी कुछ बड़े अधिकारियों ने निजी कारणों का हवाला देकर इस्तीफा दिया था, लेकिन असल वजह बोर्ड के अंदर मची कलह को माना जा रहा है।

### लिटन दास ही वनडे कप्तानी करेंगे

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मेंहदी हसन मिराज को 2027 वनडे वर्ल्ड कप और लिटन दास को 2028 टी-20 वर्ल्ड कप तक के लिए कप्तान बनाए रखा है। बोर्ड का मानना है कि लंबी जिम्मेदारी से दोनों कप्तान अपनी टीम को बेहतर ढंग से तैयार कर पाएंगे। बोर्ड ने पूर्व दिग्गज मोहम्मद रफीक को एक साल के लिए स्पिन गेंदबाजी सलाहकार बनाया है।

### वर्ल्ड कप खेलने नहीं आया था बांग्लादेश

इसी साल जनवरी में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अपनी टीम को टी-20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत नहीं भेजा था। बोर्ड ने भारत ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी, जिसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में एंट्री दे दी।

# खराब दौर से गुजर रही, सीएसके को बड़ी राहत



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत बेहद खराब रही है। टीम को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है और वह पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे चल रही है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट और कप्तान पर सवाल उठने लगे हैं, लेकिन अब टीम के लिए राहत की खबर सामने आई है।

### धोनी देंगे फिटनेस टेस्ट

रिपोर्ट के मुताबिक धोनी अगले कुछ दिनों में फिटनेस टेस्ट देंगे। अगर वह फिट साबित होते हैं तो देहली केपीटल्स के खिलाफ होने वाले अगले मैच में वह विकेटकीपर की भूमिका में नजर आ सकते हैं। उनकी वापसी से टीम की रणनीति और निचले क्रम की बल्लेबाजी मजबूत होगी।

### ब्रेविस की वापसी से मिडिल ऑर्डर मजबूत

दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ब्रेविस  भी चोट से उबर रहे हैं और फिलहाल ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें प्री-सीजन कैंप के दौरान साइड स्ट्रेन हुआ था। अगर वह अगले मैच में वापसी करते हैं तो सीएसके का मिडिल ऑर्डर काफी मजबूत हो सकता है, जो अभी कमजोर नजर आ रहा है।

### कोच फ्लेमिंग ने दिया बड़ा बयान

सीएसके के हेड कोच फ्लेमिंग ने ब्रेविस की फिटनेस पर अपडेट देते हुए कहा, हमें उम्मीद है कि वह अगले मैच तक फिट हो जाएंगे। हमारे पास पांच दिन का समय है और हमने कोई जल्दबाजी नहीं की है। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो वह वापसी के लिए तैयार होंगे।

### नेट्स में बल्लेबाजी करते दिखे धोनी

धोनी हाल ही में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से पहले नेट्स में बल्लेबाजी करते नजर आए थे। हालांकि टीम मैनेजमेंट उन्हें पूरी तरह फिट होने से पहले प्लेइंग इलेवन में शामिल कर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। टीम चाहती है कि वह पूरी तरह फिट होकर ही मैदान पर उतरें।

### सीएसके-डीसी के बीच मुकाबला होगा अहम

चेन्नई सुपर किंग्सस और देहली केपीटल्स के बीच अगला मुकाबला काफी अहम माना जा रहा है। सीएसके ने दिल्ली के खिलाफ 31 में से 19 मैच जीते हैं, लेकिन पिछले सीजन में दिल्ली ने बाजी मारी थी। ऐसे में यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा।



### धोनी का फिटनेस टेस्ट होगा, ब्रेविस की वापसी लगभग तय



# संजू सैमसन के बचाव में उतरे सीएसके के मुख्य कोच फ्लेमिंग

### लगातार तीसरे मैच में फ्लॉप होने पर माहौल में ढलने की प्रक्रिया है

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल 2026 में संजू सैमसन के के अब तक के खराब प्रदर्शन को खास तवज्जों नहीं दी और कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है तथा रन बनाने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए बेताब है। सीएसकेको रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से 43 रन से हार का सामना करना पड़ा। यह लगातार तीसरा मैच था जिसमें सैमसन का बल्ला नहीं चला। उन्होंने अब तक तीन मैच में छह, सात और 9 रन बनाए हैं।

फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब आप किसी फ्रेंचाइजी (इस मामले में राजस्थान रॉयल्स) की तरफ से लंबे समय से खेल रहे हों तो फिर किसी नई टीम के माहौल में ढलने में समय लगता है। भले ही वह शायद काफी सहज महसूस करता हो, फिर भी अपनेपन की भावना बनी रहती है और वह इस टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है।

फ्लेमिंग ने कहा कि केरल का यह खिलाड़ी लय हासिल करने के लिए बेताब है। उन्होंने कहा, टीम (सीएसके) में पांच



या छह बदलाव हुए हैं। मैदान से इतर कुछ काम करना बाकी है ताकि टीम के आपसी संबंध और मजबूत हो सकें। लेकिन वह टीम में बहुत अच्छे से घुल-मिल गया है। फ्लेमिंग ने कहा, वह रन बनाने और सीनियर खिलाड़ियों के साथ योगदान देने के लिए बेताब हैं। हमने विश्व कप में उसके प्रदर्शन में देखा कि जब वह लय में आ जाता है तो वह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए संजू को पीले रंग की जर्सी में अपना सफर तय करने में हमारी तरफ से पूरा समर्थन मिलेगा।

फ्लेमिंग ने कहा कि आयुष म्हात्रे जैसे युवा खिलाड़ियों के साथ धैर्य रखने की जरूरत है ताकि वे निरंतरता हासिल कर सकें। म्हात्रे ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अर्धशतक बनाया था लेकिन बेंगलुरु के खिलाफ वह एक रन ही बना पाए थे। उन्होंने कहा, %हमारी टीम में अच्छा संतुलन है। हमारे पास प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और हमें यह स्वीकार करना होगा कि गलतियां भी होंगी। हमारे पास माइक हसी के रूप में एक बहुत अच्छा मार्गदर्शक है, जो एक बेहतरीन बल्लेबाजी कोच हैं और खेल की अच्छी समझ रखते हैं।

फ्लेमिंग ने कहा, इसलिए यह कौशल को खेल की समझ के साथ जोड़ने की कोशिश है और इसमें समय लगता है, लेकिन हम इन युवा खिलाड़ियों का स्वाभाविक खेल बरकरार रखते हुए उनका कौशल निखारने के लिए कोशिश करेंगे।

### बास्केटबॉल चैम्पियन का 'कैंडी' सीक्रेट



# मिलन शॉट से पहले दिमाग में दोहराते हैं 'जेलीबीन', ओवरथिंकिंग दूर करने का मिला अचूक फॉर्मूला

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** बड़े मैचों के दबाव में अक्सर दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों का दिमाग भी सुन्न पड़ जाता है। ऐसे में वे अपने ही खेल पर शक करने लगते हैं। अमेरिका के कॉलेज बास्केटबॉल टूर्नामेंट में इस साल के सर्वश्रेष्ठ 3-पॉइंट शूटर मिलन मोमसिलोविक भी इसी ओवरथिंकिंग का शिकार हो रहे थे। लेकिन इस 6 फीट 8 इंच लंबे स्नाइपर ने अपने दिमाग को शांत करने का एक बेहद अजीब, लेकिन 100 प्रतिशत अचूक तरीका खोज निकाला है। यह तरीका है एक शब्द 'जेलीबीन'।

आयोवा स्टेट के मिलन इस वक्त डिवीजन-1 कॉलेज बास्केटबॉल के सबसे सटीक शूटर हैं। लेकिन एक वक्त था जब हर शॉट से पहले उनका आत्मविश्वास डगमगा जाता था। मिलन बताते हैं, 'मुझे हमेशा लगता था कि मेरे शॉट में कुछ कमी है। शायद गेंद का आर्क सही नहीं है या मैं सही तरीके से थ्रो नहीं कर रहा हूं।' लगातार गिरते कॉन्फिडेंस को बचाने के लिए उन्होंने एक मशहूर स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट डॉ. मैथ्यू मायरविक से संपर्क किया।

डॉ. मैथ्यू ने उन्हें एक बेहद आसान मनोवैज्ञानिक तरकीब बताई- 'थ्रो करने से ठीक पहले दिमाग में किसी एक चीज, खासकर किसी खाने की चीज का नाम सोचो।' मिलन ने इसके लिए 'जेलीबीन' शब्द चुना। वे कहते हैं, 'शायद यह शब्द बोलने में थोड़ा लंबा है, इसलिए मैंने इसे चुना। मजेदार बात यह है कि जेलीबीन मेरी फेवरेट कैंडी भी नहीं है।' मिलन यह शब्द जोर से नहीं बोलते, शॉट लेने से ठीक पहले वे इसे बस अपने दिमाग में दोहराते हैं। यह टेक्निक उनके दिमाग में आने वाले नकारात्मक ख्यालों को ब्लॉक कर देती है, जिससे उनका फोकस सिर्फ थ्रो पर रहता है। जैसे ही दिमाग ओवरथिंकिंग करना बंद करता है, शरीर की 'मसल मेमोरी' अपना काम बिल्कुल सटीक तरीके से करने लगती है। यह तकनीक खिलाड़ी का ध्यान नतीजे से हटाकर प्रोसेस पर ले आती है।

आयोवा स्टेट के हेड कोच टीजे ओत्जेल्बर्गर इस बदलाव से बेहद खुश हैं। उनका कहना है, 'पहले अगर वह एक-दो शॉट मिस करता था, तो अगला शॉट लेने से डरने लगता था। लेकिन अब उसका माइंडसेट बदल गया है। अब वह सिर्फ अपनी कोशिशों पर फोकस करता है, नतीजों पर नहीं।'

## न्यूज बाइट्स

### छह महीने से वेतन नहीं मिलने पर सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत सफाई कर्मियों को पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिलने के विरोध में सोमवार को समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन किया गया। आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मियों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द भुगतान की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों का कहना है कि उनकी बहाली करीब दो वर्ष पूर्व एक आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से की गई थी। तब से वे नियमित रूप से स्कूलों में साफ-सफाई का कार्य कर रहे हैं, लेकिन बीते छह महीनों से उन्हें मासिक वेतन नहीं मिला है। इसके चलते उनके सामने रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। कर्मियों ने बताया कि इस संबंध में प्रशासन को लिखित आवेदन भी दिया गया है, जिसमें संबंधित एजेंसी पर वेतन भुगतान में लापरवाही और टालमटोल का आरोप लगाया गया है। कई बार अधिकारियों और एजेंसी से संपर्क करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि उनसे निर्धारित समय से अधिक कार्य कराया जाता है, लेकिन अतिरिक्त समय के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाता। इससे उनके बीच आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से बकाया वेतन का जल्द भुगतान सुनिश्चित कराने और दोषी एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि जिले के अधिकांश विद्यालयों में सफाई कर्मियों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से की गई है। हालांकि कुछ प्रखंडों में समय पर वेतन भुगतान हो रहा है, लेकिन कई क्षेत्रों में अनियमितता की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### ठनका गिरने से ताड़ के पेड़ में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड के चेव शेरपुर गांव में रविवार की देर रात आकाशीय बिजली गिरने से एक ताड़ के पेड़ में आग लग गई, जिससे कुछ समय के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह घटना बंगाली यादव के मकान से करीब 100 मीटर की दूरी पर हुई, जिससे आसपास के घरों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गर्जना के साथ अचानक ठनका गिरा और देखते ही देखते ताड़ का पेड़ धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिससे आसपास के घरों तक आग पहुंचने की आशंका बढ़ गई। रात का समय होने के कारण लोग पहले तो घबरा गए, लेकिन जल्द ही स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ग्रामीण सक्रिय हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग एकजुट होकर आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने बाल्टियों में पानी भरकर, मिट्टी और अन्य उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए लगातार प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और आसपास के कई घर सुरक्षित बच गए।

### हजारीबाग से लाई जा रही थी स्प्रिट, स्थानीय स्तर पर बन रही थी शराब, 210 लीटर स्प्रिट बरामद

# मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के कथरुआ इलाके में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कच्चा स्प्रिट बरामद किया गया, जिसका उपयोग अवैध शराब बनाने में किया जा रहा था। इस कार्रवाई में एक तस्कर को मौके से गिरफ्तार भी किया गया है। नगर थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि कथरुआ स्थित एक मकान में अवैध शराब निर्माण का काम चल रहा है। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष बबन बैठा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान एक कमरे में छिपाकर रखे गए 6 गैलेन में कुल 210 लीटर कच्चा स्प्रिट बरामद किया गया।

इस दौरान पुलिस ने कथरुआ निवासी चंदन कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह झारखंड के हजारीबाग से स्प्रिट लाकर स्थानीय स्तर पर अवैध शराब तैयार करता था और उसकी बिक्री करता था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है, ताकि इस अवैध कारोबार की जड़ तक पहुंचा जा सके। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि जिले में नशे के अवैध धंधे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें शामिल लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल, आरोपी के खिलाफ मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

### 60 लीटर स्पिरिट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

गुप्त सूचना के आधार पर औरंगाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ेम थाना क्षेत्र के बड़ेम बाजार के पास से एक चार पहिया वाहन पर लदे भारी मात्रा में स्पिरिट के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, बड़ेम थाना क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक चार चक्का वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से कुल 360 लीटर स्पिरिट बरामद किया गया। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया।यह पूरी कार्रवाई बड़ेम थाना पुलिस द्वारा की गई है। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि स्पिरिट कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां खपाने की योजना थी। पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध शराब और उससे जुड़े कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई को उसी क्रम में एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

# आठ और नो अप्रैल को आयोजित होगा गजना महोत्सव

### गजना धाम महोत्सव में पेंटिंग, रंगोली और कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में नबीनगर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के गजना धाम परिसर में आयोजित गजना धाम महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में पेंटिंग, रंगोली और कबड्डी प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देंगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा) अमृतेश आर्यन ने बताया कि 08 अप्रैल 2026 को पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित होगी, जबकि 09 अप्रैल 2026 को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिताएं दो वर्गों में आयोजित होंगी, जिसमें जूनियर समूह (कक्षा 6 से 8) और सीनियर समूह (कक्षा 9 से 12) के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय "विकसित बिहार" रखा गया है, जबकि रंगोली में प्रतिभागी सामाजिक, सांस्कृतिक और समसामयिक विषयों पर अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत करेंगे। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता 14 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रतिभावान युवाओं, कलाकारों और खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना, उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना और खेल भावना का विकास करना है। गजना धाम महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं का प्रतीक है, जिसके माध्यम से युवा अपनी जड़ों से जुड़ते हैं और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजन की सफलता के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं। साथ ही यातायात और भीड़ प्रबंधन को लेकर भी विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। प्रशासन ने जिले के सभी युवाओं, कलाकारों, खिलाड़ियों, अभिभावकों और नागरिकों से अपील की है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें और गजना धाम महोत्सव को सफल बनाएं। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और समाज में एकता व सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है।

# विद्या निकेतन परिसर में बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)



शुकबाजार स्थित विद्या निकेतन परिसर में विद्यालय स्थापना दिवस (05 अप्रैल) के पूर्व दिवस पर मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा, जहां छात्रों के साथ उनके अभिभावकों ने भी गर्व और खुशी का अनुभव किया। सम्मानित होने वाले प्रमुख छात्र-छात्राओं में शुभम कुमार (465 अंक, 93%), रुकसाना परवीन (455), साक्षी कुमारी (455), आशीष राज (438), राशि सोनी (429), अनुष्का कुमारी (434), कहकशा नाज (407), सोनू कुमार (419), मनीषा कुमारी (407), अंशुमान आनंद (383), कोमल कुमारी (387), प्रियांशु रंजन (399), शशिरंजन कुमार (399), आदित्य कुमार (409), सोनल कुमार (374), काजल कुमारी (363) और अमृता दुबे (410) शामिल रहे। इसके अलावा 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

सभी सफल विद्यार्थियों को उनके फोटोयुक्त फ्रेम, शुभकामना संदेश एवं अभिभावकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान दिया गया तथा मिठाई खिलाकर उनकी उपलब्धि का उत्सव मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्रों को "ब्रांड एंबेसडर" बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उन्होंने विद्यालय के 48 वर्षों के सफल शैक्षणिक सफर का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के महत्व के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर दाउदनगर के सीओ आनंद प्रकाश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सफलता का एकमात्र रास्ता कठिन परिश्रम है। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह दी। विद्यालय के प्राचार्य सरयु प्रसाद ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं वरिष्ठ शिक्षक राजेश पांडे, गिरजा ठाकुर, रमा रानी जैन, सुमन कुमारी, सत्येंद्र कुमार, प्रीतिका शाक्या, फिरदौस अनाज, रिया कुमारी, अकाउंटेंट अनिल कुमार एवं अमितेश नंदन सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

# प्रवेशोत्सव के तहत नामांकन अभियान, अनुग्रह स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार सरकार द्वारा नए शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत बच्चों के नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "प्रवेशोत्सव" अभियान के तहत पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चों ने एक जागरूकता मार्च निकालकर शिक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में यह रैली जिला मुख्यालय क्षेत्र में निकाली गई। रैली को प्रातः हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें बच्चों ने बैंड के साथ उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नामांकन अभियान का संदेश आमजन तक पहुंचाया।

प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों ने विद्यालय के पोषक क्षेत्रों में भ्रमण कर सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अब सरकारी स्कूलों में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से चयनित शिक्षक पढ़ा रहे हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में अनामांकित बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम है, लेकिन दानी बिगहा, नागा बिगहा और लक्ष्मण बिगहा जैसे इलाकों में बाहर से आकर बसे परिवारों के बच्चों का नामांकन अब भी चुनौती बना हुआ है। ऐसे बच्चों को चिन्हित कर विद्यालय से जोड़ा जा रहा है।

प्रधानाध्यापक ने यह भी बताया कि अनुग्रह मध्य विद्यालय में नामांकन के लिए बच्चों और अभिभावकों में उत्साह बढ़ा है, जो सरकारी विद्यालयों की मजबूत होती स्थिति का संकेत है। इस रैली में विद्यालय की शिक्षिकाएं शारदा सिंह, करुणा सिन्हा और ज्योति मौर्या के साथ बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षु भी शामिल रहे। यह अभियान न केवल नामांकन बढ़ाने में सहायक है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम भी बन रहा है।

# एसपी ने सुनीं 63 शिकायतें, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान–जीवन आसान' पहल के तहत आयोजित जनता दरबार में कुल 63 आगंतुकों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान उन्होंने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करना है, ताकि उनके मामलों का शीघ्र निष्पादन हो सके। एसपी ने स्पष्ट किया कि प्राप्त सभी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी मामले में अनावश्यक विलंब नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से चोरी, मारपीट, जमीन विवाद और अन्य आपराधिक मामले शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को त्वरित न्याय मिल सके।

# महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल बंगाल ने मध्य प्रदेश को हराकर जीता



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले के रफीगंज स्थित आरबीआर खेल मैदान में टाउन टीम द्वारा आयोजित महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के बीच खेला गया, जिसमें बंगाल की टीम ने मध्य प्रदेश को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पूरे मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद गेंद को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं और यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फाइनल मुकाबले में बंगाल की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और लगातार दबाव बनाते हुए दो गोल दागकर बढ़त हासिल कर ली। मध्य प्रदेश की टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन बंगाल के मजबूत डिफेंस के सामने उनकी रणनीति सफल नहीं हो सकी और अंततः उन्हें हार का सामना करना पड़ा। मैच समाप्त होने के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रफीगंज में आयोजित इस प्रतियोगिता ने न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच दिया, बल्कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनके उत्साह को भी उजागर किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, मुखिया गुड़िया देवी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन सिंह, पूर्व जिला पार्षद अजय पासवान सहित कई गणमान्य लोग और सैकड़ों खेलप्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# औरंगाबाद में 100 बेड वाले ओबीसी छात्रावास का उद्घाटन, शिक्षा और सशक्तिकरण पर जोर



- मंत्री रमा निषाद ने किया उद्घाटन, छात्राओं की शिक्षा पर दिया विशेष बल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में 100 बेड की क्षमता वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास का विधिवत उद्घाटन रमा निषाद, मंत्री (पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार) द्वारा किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री रमा निषाद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समाज के वंचित, पिछड़े और गरीब वर्गों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के माध्यम से हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने विशेष रूप से बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए बेटियों को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। छात्रावास जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार होती है। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी (औरंगाबाद एवं दाउदनगर) सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। जिला प्रशासन, औरंगाबाद ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन में जुड़े सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के योगदान की सराहना की। यह छात्रावास विशेष रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करेगा, जिससे उनकी शिक्षा और समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

# जनता दरबार का आयोजन 55 मामलों की हुई सुनवाई



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सात निश्चय-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने की। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। इस दौरान कुल 55 परिवादियों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त शिकायतों में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता तथा अनुग्रह अनुदान जैसे जनहित से जुड़े विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे। प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े।

# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर औरंगाबाद जिले में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की, जबकि संचालन जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मंत्री ने पार्टी के इतिहास और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा की स्थापना वर्ष 1980 में अटल बिहारी वाजपेयी सहित कई राष्ट्रवादी नेताओं के प्रयासों से हुई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने शुरुआत से ही राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास को अपना मूल मंत्र बनाया है। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा ने देश की राजनीति को नई दिशा दी है और आज यह विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में देश ने विकास और सुशासन का नया दौर देखा। वहीं विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान मजबूत होने की बात कही। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में देश ने आधारभूत संरचना, डिजिटल तकनीक, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

साथ ही देश के उज्ज्वल भविष्य, संगठन की मजबूती और समाज के सर्वांगीण विकास की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रणविजय शर्मा, सुरेश मेहता, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, सह क्षेत्रीय प्रभारी आशुतोष कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार सिंह, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, विनय शर्मा, अवध बिहारी शर्मा, सुनील शर्मा, सारिका शेखर, धर्मेंद्र शर्मा, वीकेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, जिला मंत्री सुमन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 11 अप्रैल से श्रीमद्भागवत कथा एवं प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन

निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)

जिले के बारुण प्रखंड अंतर्गत ग्राम धुरिया में आगामी 11 अप्रैल से भव्य धार्मिक आयोजन का शुभारंभ होने जा रहा है। यहां श्रीमद्भागवत सप्ताह सह जगत जननी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का संचालन श्री स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। 11 अप्रैल को कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जलभरी, मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन एवं राजा परीक्षित जी की कथा के साथ किया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति की धारा प्रवाहित होगी। कार्यक्रम के क्रम में 14 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा हेतु स्थापित की जाने वाली प्रतिमा का नगर भ्रमण एवं सायंधिवास (अधिवास) कराया जाएगा। इसके बाद 15 अप्रैल को वेदी पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान संपन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पूरे आयोजन का समापन 17 अप्रैल को भागवत कथा पूर्णाहुति, हवन-पूजन के साथ किया जाएगा। समापन अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

आयोजन समिति ने बताया कि सभी याज्ञिक एवं धार्मिक कार्य श्री स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के निर्देशन में विधि-विधान से संपन्न होंगे। बारुण प्रखंड के ग्राम धुरिया स्थित यज्ञ स्थल पिपरा नहर पुल से लगभग आधा किलोमीटर आगे बढ़ने पर बाईं ओर एक सड़क जाती है।

# एलपीजी गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, 37 एजेंसियों के जरिए प्रतिदिन हजारों सिलेंडर की डिलीवरी

- कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने के लिए सतत निगरानी और औचक निरीक्षण जारी
- जिले में पेट्रोल-डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा 6 अप्रैल को जारी दैनिक समीक्षा प्रतिवेदन के अनुसार विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है और लंबित बुकिंग का भी तेजी से निष्पादन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6784 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6755 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है, जो संतोषजनक स्थिति को दर्शाता है। इसके साथ ही जिले में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त बताई गई है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कृत्रिम कमी उत्पन्न न होने देने पर भी विशेष बल दिया है।

साथ ही सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 सक्रिय है, जहां आमजन अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकते हैं। नियंत्रण कक्ष में 6 अप्रैल को प्राप्त कुल 23 शिकायतों में से 20 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 3 मामलों पर कार्रवाई जारी है। कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसके तहत औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। अब तक किसी भी प्रकार का मामला दर्ज नहीं हुआ है। जिले के 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित गैस एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।